सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-339 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 03 जून 2025
06 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार



■ भारत को 2030 तक एमआरओ का एक वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हुई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईएटीए (अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ) के सालाना आम बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में एक प्रमुख इकाई है। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र के लिए भारत के पास एक बाजार, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष के लिए प्रतिभा और मुक्त एवं सहयोगी नीति मौजूद है। पीएम ने दावा किया कि भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागर विमानन बाजार है। भारत विश्वस्तरीय हवाई अड्डों में निवेश कर रहा है, हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही। विमानों की मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) एक उभरता हुआ क्षेत्र, भारत को 2030 तक एमआरओ का एक वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ हमारी यात्रा योजना सिर्फ़ धरती के शहरों तक ही सीमित नहीं है। आज इंसान अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं का व्यवसायीकरण करने और उन्हें नागरिक उड्डयन के लिए खोलने का सपना देख रहा है। यह सच है कि इसमें अभी कुछ समय है, लेकिन यह बताता है कि आने वाले समय में एविएशन सेक्टर कितना बड़ा परिवर्तन और इनोवेशन का केंद्र बनने वाला है।

मोदी ने कहा कि भारत इन सभी संभावनाओं के लिए तैयार है। मैं भारत के तीन मजबूत स्तंभों का उल्लेख करता हूँ जो इसके लिए आधार हैं- पहला, भारत के पास बाज़ार है। यह बाज़ार सिर्फ़ उपभोक्ताओं का समूह नहीं है, बल्कि भारत के आकांक्षी समाज का प्रतिबिंब भी है। दूसरा, हमारे पास प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए जनसांख्यिकी और प्रतिभा है। हमारे युवा नए युग के नवोन्मेषक हैं जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सफलताएँ ला रहे हैं। तीसरा, हमारे पास उद्योग के लिए खुली और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र नीति है। इन तीन क्षमताओं के आधार पर हमें भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। हमारी उड़ान योजना की सफलता भारतीय नागरिक उड्डयन का एक स्वर्णिम अध्याय है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा।

सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# नए डीजीपी का एलान, पुलिस में जल्द होंगी 20 हजार नई भर्तियां

■ जनसुनवाई प्रणाली का उपयोग सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता



**लखनऊ।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। जल्द शुरू होने वाली 60244 सिपाहियों की ट्रेनिंग में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नई चुनौतियों से निपट सकें। महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षा देकर उन्हें सशक्त बनाने का पूरा प्रयास होगा। वे सोमवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश की जनसुनवाई प्रणाली (आईजीआरएस) को देश में सबसे अच्छा बताते हुए कहा कि इसका बेहतर उपयोग सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। बीते 8 साल में पुलिस की दिशा और दशा सराहनीय रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल देना मेरी प्राथमिकता रहेगी। महिला अपराध की रोकथाम के साथ समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। हर कीमत पर कानून के राज को बनाए रखा जाएगा। कहा, कोरोना महामारी के बाद साइबर क्राइम बड़ा खतरा बनकर उभरा है। इसके मामले तेजी से बढ़े हैं। इस पर प्रभावी लगाम लगाई जाएगी। पुलिसकर्मियों को सेवाकालीन प्रशिक्षण भी कराया जाएगा ताकि वे भविष्य की चुनौतियों से निपट सकें।

उन्होंने कहा कि एटीएस में कुछ बदलाव जरूरी हैं। प्रदेश में तीन जगहों पर इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) द्वारा सीरियल बम धमाके करने के बाद इसकी स्थापना हुई थी। लगातार चले ऑपरेशन की बदौलत आईएम के मॉड्यूल को खत्म करने में सफलता मिली है। आतंकियों और जासूसों से निपटने के लिए एटीएस को और अधिक सशक्त किया जाएगा। विजिलेंस का भी जिम्मा होने पर डीजीपी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर प्रहार का काम जारी रहेगा। विजिलेंस ने बीते सालों में कई खुलासे किए हैं। अब वहां पर सिस्टम बन चुका है। काबिल अफसर हैं। भ्रष्ट लोगों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी रहेगा।

# बिहार लौटेंगे चिराग पासवान? बोले- खुद को लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में नहीं देखता

■ चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही सीएम बनेंगे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना की खबरों पर टिप्पणी की और स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता हमेशा बिहार और बिहारी रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी को जल्द ही राज्य की राजनीति में लौटने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है। पासवान ने इस बात पर जोर दिया कि वह बिहार को एक विकसित राज्य के रूप में देखना चाहते हैं, जिसके बारे में उन्होंने कहा, अगर मैं दिल्ली में हूं तो यह संभव नहीं है। पत्रकारों से बात करते हुए पासवान ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि मैं खुद को लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति में नहीं देखता। राजनीति में आने का एकमात्र कारण बिहार और बिहारी हैं। मेरा हमेशा से विजन रहा है बिहार पहले, बिहारी पहले और मैं हमेशा चाहता हूं कि बिहार समृद्ध हो और दूसरे विकसित राज्यों के बराबर हो। और तीसरी बार सांसद बनने के बाद मुझे एहसास हुआ कि दिल्ली में यह संभव नहीं होगा। मैंने पार्टी (लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)) के सामने अपनी इच्छा जाहिर की थी कि मैं जल्द ही बिहार लौटना चाहता हूं।

चिराग पासवान ने कहा कि मेरी पार्टी अभी भी इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि अगर मैं अभी विधानसभा चुनाव लड़ता हूं तो क्या मेरी पार्टी को फायदा होगा। अगर मेरा स्ट्राइक रेट बेहतर हुआ और मेरे गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर हुआ, जिसकी संभावना बहुत ज़्यादा है, तो मैं ज़रूर चुनाव लड़ूंगा। बिहार में सीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। चुनाव के बाद नीतीश कुमार ही सीएम बनेंगे। बिहार में चुनावी माहौल के बीच लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। पार्टी नेता और सांसद अरुण भारती ने अब सार्वजनिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है।

## अब 15 जून को नहीं होगी नीट पीजी परीक्षा

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट पोस्टग्रेजुएट 2025 को स्थगित कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुपालन में लिया गया है, जिसमें कहा गया था कि परीक्षा दो शिफ्टों के बजाय एक ही शिफ्ट में आयोजित की जानी चाहिए। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड 2025 को एक ही पाली में आयोजित करेगा। 15.06.2025 को होने वाली 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

एक ही शिफ्ट में आयोजित करने के लिए अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था करने की आवश्यकता के कारण, जल्द नई तिथियों की घोषणा की जाएगी। भारत में मेडिकल स्नातकों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है जो डिप्लोमा कार्यक्रमों जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहते हैं।

# ओवैसी ने पाकिस्तानी आतंकी संगठनों की तुलना अलकायदा से की, बोले- जेल में रहते हुए लखवी बाप कैसे बन गया



ओवैसी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दक्षिण एशिया में फैल रहे पाकिस्तान के हिंसक प्रभाव के बारे में आगाह किया और देश को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने की जरूरत पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** आईएमआईएम प्रमुख व लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उसे तकफीरिज्म का केंद्र बताया, जिसका मतलब कट्टरपंथी विचारधाराओं से है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी समूहों, आईएसआईएस और अल-कायदा जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के बीच कोई वैचारिक अंतर नहीं है। उनकी टिप्पणी अल्जीरिया में एक संबोधन के दौरान आई, जहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के बयान का मुकाबला करने और आतंकवाद पर भारत की स्थिति को उजागर करने के लिए केंद्र की वैश्विक आउटरीच पहल के हिस्से के रूप में पहुंचा था।

ओवैसी ने आतंकवादी जकीउर रहमान लखवी के प्रति पाकिस्तान के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जकीउर रहमान लखवी नामक एक आतंकवादी था - दुनिया का कोई भी देश ऐसे आतंकवादी को अनुमति नहीं देगा, जिस पर आतंकवाद का आरोप हो। वह जेल में रहते हुए ही एक बेटे का पिता बन गया। जब पाकिस्तान को (एफएटीएफ की) ग्रे सूची में डाला गया, तो मुकदमा तुरंत आगे बढ़ गया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दो चीजों पर जीवित रहता है - विचारधारा और पैसा। विचारधारा, आप अच्छी तरह जानते हैं, आपने काला दशक देखा है, यहां तक कि दक्षिण अल्जीरिया में भी, आपको अभी भी कुछ समस्याएं हैं। उस बिंदु पर, हम एक साथ हैं... एक बार जब आप पाकिस्तान को ग्र्ग्र ग्रे सूची में वापस लाएंगे, तो हम भारत में आतंकवाद में कमी देखेंगे।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ दक्षिण एशिया का सवाल नहीं है। हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। क्या होगा? क्या आप चाहते हैं कि यह सब नरसंहार दक्षिण एशिया के अलग-अलग हिस्सों में फैल जाए? नहीं। आतंकवाद के मुख्य प्रायोजक पाकिस्तान पर नियंत्रण करना विश्व शांति के हित में है।

## यूपी में बारिश...तो कहीं बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम में लगातार बदलाव दिख रहा है। मंगलवार को पश्चिमी यूपी समेत लगभग प्रदेशभर में कहीं बारिश तो कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है। इसकी वजह से तापमान में गिरावट महसूस की जाएगी। खासकर उत्तरी-पश्चिमी और दक्षिणी यूपी में बारिश के आसार ज्यादा हैं। पूर्वांचल में भी बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही पश्चिमी यूपी में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, तेज बारिश तो नहीं होगी लेकिन हल्की बारिश के साथ ही हवा तेज चलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में हवा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

## बलिदानी सैनिकों के आश्रितों को मिलेंगे अब 50 लाख



**देहरादून।** बलिदानी सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। उन्हें यह राशि 26 जुलाई 2024 से अनुमन्य होगी। इस संबंध में सैनिक कल्याण विभाग ने सोमवार को शासनादेश जारी हो गया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल दिवस पर बलिदानी सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने की घोषणा की थी। शासनादेश जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी वृद्धि की गई है। बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को राज्य की सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। वन रैंक-वन पेंशन, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास योजनाओं को मजबूत किया गया है।

# दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, बरतें सावधानी




### लक्षण दिखे तो बरतें सख्ती

डॉक्टर का कहना है कि यदि कोरोना के लक्षण दिखाई देते हैं तो सतर्क हो जाना चाहिए। यदि आपकी इम्यूनिटी मजबूत है तब भी कोशिश करना चाहिए कि घर में आइसोलेट रहें। ऐसा करने से घर के बुजुर्ग और बीमार लोग इसकी चपेट में आने से बच सकते हैं।

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना से 22 साल की युवती की मौत हो गई। मरीज पहले से कई बीमारियों से पीड़ित थी। इलाज के दौरान संक्रमण होने के कारण उसकी समस्या बढ़ी। धीरे-धीरे स्थिति खराब होने के बाद मरीज ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार 24 घंटे में 22 साल की एक युवती ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। युवती पुरानी सांस संबंधित बीमारी का इलाज करवा रही थी। उसमें पोस्ट ट्यूबरकुलोसिस (टीबी ठीक होने के बाद समस्या) फेफड़ों की बीमारी के अलावा द्विपक्षीय निचले श्वसन नली में संक्रमण भी था। पहले से स्थिति गंभीर होने के कारण कोरोना ने स्थिति को और जटिल बना दिया।

डाटा के अनुसार दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक चार मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 483 मरीज सामने आ चुके हैं। रविवार को दिल्ली में 47 नई मरीज सामने आए। दिल्ली में कुल मरीजों में से 439 मरीजों को छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं रविवार को 82 मरीजों को छुट्टी दी गई।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कोविड वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अस्पताल में कोरोना के मरीजों के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। वार्ड में 9 बिस्तर की व्यवस्था है। इसे जरूरत के आधार पर बढ़ाया भी जा सकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी तक कोरोना के चार मरीजों को भर्ती किया गया। यह सभी मरीज पहले से यहां किसी अन्य बीमारी का इलाज करवा रहे थे। इन सभी मरीजों की रिपोर्ट कोविड नेगेटिव आने के बाद छुट्टी दे दी गई है। मौजूदा समय में अस्पताल में एक भी मरीज भर्ती नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना के इलाज के लिए अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही निजी अस्पतालों का भी सहयोग लिया गया है। मरीजों को फिलहाल डरने की जरूरत नहीं है। विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। अस्पताल में मरीजों के लिए बिस्तर, दवा सहित अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कर दिए गए है।

विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना को फिलहाल हल्के में ना लें। यदि लक्षण दिखाई देते हैं तो सतर्कता बरते। ऐसा करने से घर के बुजुर्ग और गंभीर मरीज सुरक्षित रह सकते हैं। डॉक्टर का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद या देखने में आया है कि लोगों में छोटी बीमारियां भी लंबे समय तक चल रही है। खांसी, जुखाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत सहित हल्के लक्षण भी महीनों तक मरीजों को परेशान कर रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि यदि किसी में कोविड के लक्षण दिखाई देते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

## संभल में फिर चला बुलडोजर, कोर्ट के आदेश पर हटाया गया कब्रिस्तान



**संभल।** 10 वर्षों से बंजर भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए कब्रिस्तान को सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर चलाकर हटवा दिया। उपजिलाधिकारी न्यायालय में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद यह निर्णय हुआ कि भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। न्यायालय के आदेश पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज है, लेकिन लगभग एक दशक पहले कुछ स्थानीय लोगों ने इसे कब्रिस्तान घोषित कर उस पर कब्जा कर लिया था। कुछ लोगों की शिकायत पर मामला उपजिलाधिकारी न्यायालय पहुंचा। मामले में दोनों पक्षों को कई बार सुनवाई का अवसर दिया गया। दस्तावेजों और स्थलीय निरीक्षण के आधार पर न्यायालय ने पाया कि भूमि पर किया गया कब्जा पूरी तरह असंवैधानिक था और इसे तत्काल हटाया जाना चाहिए।

एसडीएम न्यायालय के आदेश के अनुसार सोमवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग, पुलिस बल और बुलडोजर मशीनों के साथ टीम गांव पहुंची। प्रशासनिक अमले ने पहले ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब कोई संतोषजनक हल नहीं निकला तो बुलडोजर चलाकर निर्माणों को ध्वस्त किया गया और भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# सिक्किम में बाढ़ का कहर जारी, लैंडस्लाइड से सैन्य शिविर तबाह, तीन जवानों की मौत

■ सेना ने मृतकों के परिवारों को सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया




**गंगटोक।** सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम करीब सात बजे हुआ।

एक अधिकारी ने बयान के हवाले से कहा, लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से छातेन इलाके में हुए भीषण भूस्खलन की घटना में तीन सैनिकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है।बयान के अनुसार, तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा, चुनौतियों भरे हालात में बचाव दल लापता छह जवानों की तलाश में जुटा है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि सेना ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है तथा सभी हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**संभावना** रूस की कोशिश यूक्रेन की ज्यादा से ज्यादा जमीन पर कब्जे की

# यूक्रेन पर परमाणु हमला कर सकता है रूस, दहशत में दुनिया



### रूस से पेट्रोलियम उत्पादों को खरीदने वाले देशों पर सख्त हो सकता है अमेरिका

यूक्रेन में युद्ध खत्म न होने की स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के पेट्रोलियम उत्पादों को खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दे चुके हैं। ऐसे में भारत और चीन भी प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं या उन पर 500 प्रतिशत का आयात शुल्क लग सकता है।

**नई दिल्ली।** रूस का महाशक्ति का आसन अब डोल रहा है। रविवार को पांच वायुसेना अड्डों पर हुए हमलों और उनमें शामिल बेलाया एयरबेस पर परमाणु हमले में सक्षम 40 से ज्यादा बमवर्षक विमानों को बर्बाद करने वाले यूक्रेन हमले ने अब युद्ध को रेडलाइन के करीब पहुंचा दिया है। संकेत रूस के बड़े नौसैनिक अड्डे पर भी हमले का है जहां पर परमाणु हमले में सक्षम पनडुब्बियों का बेस है। इन हमलों ने यूक्रेन पर रूस के परमाणु हमले का खतरा बढ़ा दिया है।

अमेरिका के दो सीनेटरों के रविवार को इस आशय के संकेत देने के बाद सोमवार को वे पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिले। इस मुलाकात में भी आने वाले दिनों में यूक्रेन में भीषण हमलों की आशंका पर सहमति जताई गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पेरिस में अमेरिका के रिपब्लिकन पार्टी से सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत में भीषण लड़ाई की आशंका जताई है। दोनों सीनेटर ने कहा, राष्ट्रपति मैक्रों भी उनकी इस राय से 100 प्रतिशत सहमत हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार युद्धविराम के लिए अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच रूस की कोशिश यूक्रेन की ज्यादा से ज्यादा जमीन पर कब्जे की है। कारण यह है कि ज्यादा जमीन पर कब्जे से वार्ता की टेबल पर रूस को सौदेबाजी में आसानी होगी। इसके लिए उसने बीते तीन हफ्तों में यूक्रेन पर लगातार बड़े हमले किए हैं। लेकिन रविवार के यूक्रेन के पलटवार ने रूस की रणनीति और उसके ओहदे को भारी चोट पहुंचाई है। इस हमले की सफलता ने यूक्रेन का हौसला भी बढ़ाया है इसलिए युद्ध के भयंकर होने का खतरा भी बढ़ गया है। निकट भविष्य में अगर यूक्रेन फिर ऐसा ही कोई दुस्साहस किया तो रूस के लिए बड़े हमले वाले जवाब से बचना मुश्किल हो जाएगा। यह बड़ा हमला परमाणु हथियार के इस्तेमाल का हो सकता है जिनका सबसे बड़ा भंडार रूस के पास है।

सीनेटर ग्राहम लिंडसे ने कहा, उन्हें जो सूचना है उससे लग रहा है कि पुतिन बड़े युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। यह समय रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए ही मुश्किल नहीं है बल्कि विश्व के लिए भी मुश्किल हो सकता है। जानकारों के अनुसार रूस पर हाल ही में लगे यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के नए प्रतिबंधों से भी पुतिन पर दबाव बढ़ा है, अगर इन प्रतिबंधों में अमेरिका भी शामिल हो गया तो रूस की मुश्किल बढ़नी तय है। अमेरिका में इस आशय का विधेयक तैयार है और अमेरिकी संसद का बहुमत उसके पक्ष में है। ऐसे में विश्व में टकराव बढ़ना तय है।

# लखीमपुर खीरी पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, डीएम-एसपी ने किया स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजकीय हेलीकॉप्टर से जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित हवाई पट्टी पर पहुँचीं, जहां उनका स्वागत जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा अत्यंत गरिमामय एवं पारंपरिक रीति से किया।दोपहर करीब 03.05 बजे जैसे ही हेलीकॉप्टर हवाई पट्टी पर उतरा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और डीडी दुधवा टी रंगाराजू ने पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। राज्यपाल का काफिला लखीमपुर खीरी की प्राकृतिक धरोहर, दुधवा टाइगर रिजर्व की ओर प्रस्थान कर गया। राज्यपाल दुधवा टाइगर रिजर्व के में ही रात्रि विश्राम करेंगी। 03 जून को प्रस्तावित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी।राज्यपाल 03 जून को ग्राम बलेरा स्थित हस्तशिल्प उत्पादन केंद्र का भ्रमण करेंगी तथा वहां उपस्थित थारू जनजाति की महिलाओं से संवाद करेंगी। इसके पश्चात वह कंपोजित विद्यालय, बलेरा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी किट तथा सरकारी योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न लाभ पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के उपरांत राज्यपाल दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।शाम पांच बजे से डेढ़ घंटे जंगल सफारी का आनंद लेकर दुधवा गेस्ट हाउस वापस पहुंचेंगी। यहीं पर रात रुकने के बाद तीन जून की सुबह साढ़े नौ बजे राज्यपाल थारू बाहुल्य गांव बलेरा स्थित थारू शिल्प उत्पादन केंद्र जांगी इसके बाद कंपोजिट स्कूल बलेरा का दौरा कर स्कूल में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण करेंगी। लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ वितिरित कर दोपहर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा के साथ बैठक करंगी। रात दुधवा में विश्राम कर चार जून को वह पीलीभीत के लिए रवाना होंगी।

# ट्रांसफार्मर से करंट उतरने से फसल की सिंचाई कर रहे किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी एक किसान गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था। अचानक ट्रांसफार्मर से करंट उतरा और किसान उसकी चपेट में आ गया। हादसे में किसान की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी बग्गा सिंह का 34 वर्षीय बेटा कुलदीप सिंह रविवार खेत में गन्ने की फसल में पानी लगा रहा था। बताते हैं कि घर के पास रखे ट्रांसफार्मर से करंट उतरा और कुलदीप उसकी चपेट में आ गया। हादसे में कुलदीप गंभीर घायल हो गया।परिजन जब तक कुलदीप को इलाज के सीएचसी लेकर पहुंचते इससे पहले ही कुलदीप की रविवार को शाम करीब पांच बजे मौत हो गई।

# मो ऐबाद को विधान सभा क्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुलायम यूथ ब्रिगेड मो ऐबाद जिन्हें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने धौरहरा विधान सभा क्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया है ने विधान सभा क्षेत्र के सभी बूथों की ज़मीनी स्तर पर घर घर जाकर समीक्षा की संगठन प्रभारी ने सभी बूथ प्रभारियों सेक्टर प्रभारी प्रभारियों व जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह घर घर जाकर पार्टी की नीतियों एवम् कार्यक्रमों बराबर प्रचार करते रहे साथ ही साथ बीजेपी सरकार की नाकामियों, जन विरोधी नीतियों, बिगड़ती क़ानून व्यवस्था व बिजली के निजीकरण, बिजली महंगी करने आदि के बारे में घर घर जाकर बताएं और सभी लोग 2027 के चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं द्य 3 दिन चले समीक्षा कार्यक्रम में संगठन प्रभारी के साथ सपा ज़िला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, महामंत्री अंसार महलूद, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शमशेर बहादुर सिंह, वरुण चौधरी, मो कयूम खान, मुन्ना यादव, विकास यादव, शाबान चौधरी, शेखावत अली, मो आरिफ खान व राघवेंद्र गौतम आदि साथ रहे।

# 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रामेन्द्र कश्यप पुत्र कामता निवासी ग्राम सुन्दरवल थाना फूलबेहड़ सम्बन्धित मु0सं0 2462/14 अ0सं0 337/8 धारा 401 भादवि0 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## किसानों की भूमि पर हुए अतिक्रमण, गलत खोदाई व मुआवजा न मिलने के संबंध में डीएम कार्यालय आकर सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निघासन क्षेत्र में ग्रामसभा मझरा पूरब, परगना खेरीगढ़ में सुहेली व सोती नदियों की धारा मोड़कर किसानों के खेतों से निकाल दिया गया है। यह आरोप डीएम कार्यालय ज्ञापन सौंपने आए किसानों ने लगाए। उन्होंने बताया कि किसानों की भूमि पर हुए अतिक्रमण, गलत खोदाई व मुआवजा न मिलने के संबंध में डीएम कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्रामसभा मझरा पूरब के किसान विगत समय से गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। सुहेली व सोती नदियां अपनी अभिलेखीय और वास्तविक मुख्य धारा को छोड़कर अब किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि में बहने लगी हैं। इसके अलावा जल विभाग द्वारा वास्तविक स्थिति की अनदेखी कर किसानों की भूमि को ही नदी की धारा मानते हुए जबरन खोदाई कर दी गई, जबकि धारा का प्रवाह कहीं और था इस कार्रवाई के कारण न केवल किसानों की खड़ी फसलें नष्ट हुई हैं, बल्कि उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन कृषि भूमि बर्बाद हो गई है। विशेष रूप से गाटा संख्या 513, 514, 515, 516 मझरा पूरब व गाटा संख्या 100 क बैरियों की भूमि पर गलत खोदाई की गई है, जो वर्षों से किसानों के कब्जे में थी और नियमित रूप से कृषि उपयोग में लाई जा रही थी।किसानों ने मांग की है कि इन नदियों की धारा को पहले की तरह मोड़ा जाए। जिन किसानों की भूमि को गलत रूप से नदी की धारा घोषित कर खोदाई की गई है, उन्हें पूर्ण एवं यथोचित मुआवज़ा तत्काल प्रदान किया जाए।

# श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला श्रीराम कथा महोत्सव में

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला गोकर्णनाथ में फूल बाबा आश्रम में नारायणी मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य अंजनी शरण महाराज ने भगवान श्रीराम और निषादराज केवट के बीच हुए संवाद का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया शाम जैसे ही कथा व्यास ने यह प्रसंग प्रारंभ किया, समस्त पंडाल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो उठा। आचार्य ने कहा कि राम-केवट संवाद केवल दो व्यक्तियों के मध्य वार्तालाप नहीं, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रेरणास्पद उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब भक्त अपने आराध्य में पूर्ण समर्पित हो जाता है, तब स्वयं भगवान उसकी ओर खिंचे चले आते है इसी भावना से ओतप्रोत होकर भगवान श्रीराम स्वयं गंगा पार कराने के लिए केवट के पास आते हैं। भक्त केवट जानता है कि यह क्षण केवल भक्ति का नहीं, बल्कि जीवन और जन्मों के उद्धार का अवसर है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, राम खिलौना अवस्थी, अवधेश मिश्र, अरविंद त्रिवेदी, शशि प्रकाश सिंह तोमर, रामनरेश शुक्ला, दिनेश गुप्ता, डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री, राजेश्वर शुक्ला, शरद गुप्ता, अनिल अवस्थी, सुरेश मिश्रा सहित नगर के कई श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उपराजस्व अधिकारी, सींचपाल, जिलेदार, मुंशी समेत कई अहम पदों को समाप्त किए जाने से विभागीय कर्मचारियों में गहरा आक्रोश

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)**सिंचाई विभाग में उपराजस्व अधिकारी, सींचपाल, जिलेदार, मुंशी समेत कई अहम पदों को समाप्त किए जाने से विभागीय कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी के विरोध में सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। संघर्ष समिति के बैनर तले 4 जून को शहर के बिलोबी हाल में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि पदों को समाप्त करना विभागीय कार्यों को बाधित करेगा और इससे कर्मचारियों की कार्य स्थितियों पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। धरना-प्रदर्शन के बाद कर्मचारी जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

# युवक की हत्या में पत्नी और ससुर गिरफ्तार

## जाति छिपाकर की थी शादी, पता चलने पर जहर देकर मार डाला



**धामपुर। (अवधनामा संवाददाता)** धामपुर में एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बेटे की जहर देकर हत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी और ससुर को गिरफ्तार किया है। मृतक कमल ने जाति छिपाकर शादी की थी। जब पत्नी अर्चना और उसके परिवार को इसका पता चला तो उन्होंने हत्या की योजना बनाई।कमल 15 अक्टूबर 2024 को अपनी ससुराल धामपुर आया था। 18 अक्टूबर को उसका शव मिला।

ससुराल वालों ने इसे सामान्य मौत बताया। मृतक के पिता के संदेह पर पोस्टमार्टम कराया गया। बिसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई।पुलिस ने मोहल्ला लोहियान गुलमोहर निवासी महिपाल सिंह चौहान और उनकी बेटी अर्चना को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक की सास उषा अभी फरार है। पहले इस मामले की शिकायत मुरादाबाद पुलिस से की गई थी। घटनास्थल धामपुर होने के कारण मामला बिजनौर पुलिस को स्थानांतरित कर दिया गया।सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे के अनुसार, शादी से दोनों परिवार नाराज थे। जाति का पता चलने के बाद आरोपी परिवार कुंठित रहने लगा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# मालन नदी की कायाकल्प के लिए डीएम ने की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों, निरीक्षणों चौपालों में दिये गये निर्देशों का अनुपालन तथा मालन नदी का कायाकल्प की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करना सुनिश्चित करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए। उन्होंने राजस्व अधिकारीयों को निर्देशित किया कि उक्त गांव में जहां पर भी अवैध कब्जा पाया जाए, तत्काल कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए वहां खेल का मैदान, पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र,




सार्वजनिक शौचालय आदि आम लोगों के उपयोग के लिए निर्माण कार्य कराएं ताकि सभी ग्रामवासी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सीमावर्ती सभी गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टंकियों का निर्माण कराएं और उक्त कार्य में पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान की संतुष्टि की आख्या के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में जंगली जानवरों के दाख़िल होने की समस्या है, वहां फैंसिंग का कार्य कराते हुए सुरक्षा की अतिरिक्त व्यवस्था कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जंगल के रास्तों पर सोलर पैनल द्वारा प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने टेलीफोन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती सभी ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क एवं वाईफाई की समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवश्यकतानुसार मोबाइल टावर्स का निर्माण कराएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गांवों में बरात घर, सड़कों की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं आदि की शत प्रतिशत रूप से उपलब्धता को सुनिश्चित बनाएं और सभी शासकीय विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामवासियों को संतृप्त करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कृषि, जल निगम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया किया कि सभी गांवों में रोस्टर बना कर कैंपों का आयोजन करें और पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें शासकीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि सीमावर्ती सभी गांव विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकें।

# वरिष्ठ पत्रकार ज़फर ज़ैदी ने दुनिया को कहा अलविदा



**नजीबाबाद।** लंबे समय से बीमार चल रहे जी वरिष्ठ पत्रकार ज़फर ज़ैदी ने रात करीब 8ः30 बजे नजीबाबाद के निजी अस्पताल में आखरी सांस ली! इससे पहले वह दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल में बंटी लेटर पर रहे, परंतु उन्हें वहां से घर भेज दिया गया! ज़ैदी साहब के जाने से शहर में और पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई! ज़ैदी साहब एक मिलनसार और खुशमिजाज़ होने के साथ-साथ बेबाक और निर्भीक पत्रकार थे जिनके जाने से पत्रकार जगत को हानि हुई है नगर में भी उनके मृत्यु को सुनकर लोगों को सदमा लगा, बाद नमाज असर उनको सुपुर्द ए खाक किया गया, उनकी जनाजे में हजारों की तादाद में लोगों ने शिरकत की! पत्रकार ज़ैदी साहब को हमेशा उनकी निडर पत्रकारिता और खुशमिजाज़ी के लिए याद किया जाएगा।

# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना प्रांगण में हुई पीस कमेटी की मीटिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद थाने में आगामी त्यौहारों को देखते हुए शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया! मीटिंग में आने वाले त्योहार ईद-उल-अज़हा त्योहार को लेकर शासन -प्रशासन एवं नगर के धर्मगुरुओं के बीच में मीटिंग का आयोजन किया गया! उपजिलाधिकारी नजीबाबाद ने कहा कि ईद - उल - अज़हा के मौके पर किसी भी प्रकार की नई परंपरा को न शुरू करें सरकार की गाइड लाइन अनुसार त्यौहार को आपस में मिलजुल कर मनाएं! क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि कुर्बानी को अपने-अपने घरो मे करें दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखें किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न अपलोड करे! शरारती तत्वों पर पुलिस अपनी नज़र बनाए हुए हैं! ईद-उल-अज़हा प्यार मोहब्बत का त्योहार है आपस में मिल जुलकर मनाएं! वही नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के चैयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म खां ने कहां की ईद उल अज़हा के मौके पर कुर्बानी हो को अपने-अपने घरों में करें और उसके खून को कहीं भी कच्चे में दबा दे नालियों में खून न बहाए बचे हुए मांस के अवशेषों को सड़क पर इधर-उधर ने डाले कूड़े की गाड़ी आने पर ही कूड़े में डाले दूसरे के धर्म के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखें और आपस में मिल जुलकर खुशियां बाटें। इस मौके पर नगर के धर्म गुरु, व्यापारी, नगर के गणमान्य लोग एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोली लगने से घायल, एक फरार

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह व बाईक की बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड के दौरान एक शातिर वाहर चोर/हिस्ट्रीशीटर बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से अवैध शस्त्र व बिना नम्बर प्लेट की बाईक बरामद की है।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक देवेन्द्र अधाना तथा जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम हौजखेड़ी चौराहे पर संदिग्ध वाहन व्यक्ति की चैंकिग कर रही थी। तभी बाहुपुर की तरफ से एक बाईक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्हे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया, तो बाईक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया



और बाईक वापस मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया, तो बदमाश बाहुपुर रोड़ से हौजखेड़ी जाने वाले निर्माणाधीन बाईपास पर भागने की कोशिश करने लगे, इसी बीच उनकी बाईक फिसलकर गिर गयी। बदमाशों ने पुलिस टीम पर दोबारा फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को दाहिने पैर में गोली लगने के कारण घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया तथा दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान अरशद उर्फ कनकटा पुत्र भूरापाली निवासी एकता कॉलोनी थाना कुतुबशेर के रूप में हुई, जिसके कब्जे से 01 तंमचा, 02 जिन्दा/02 खोखा कारतूस, 315 बोर व 01 बाईक बिना नम्बर प्लेट की बरामद की गई तथा घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अरशद उर्फ कनकटा थाना कुतुबशेर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना कुतुबशेर पर गम्भीर धाराओं में एक दर्जन से भी अधिक अभियोग पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि फरार बदमाश की तलाश के लिए काम्बिंग की जा रही है।

# बींग ह्युमन क्लोदिंग ने लॉन्च किया एसएस25 कैंपेन: सजग जीवन शैली एवं वास्तविक प्रभाव का जश्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** बींग ह्युमन क्लोदिंग, जिसे दिल से फैशन ब्राण्ड




के रूप में जाना जाता है, ने अपने एसएस25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस25 एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपनी इस यात्रा के दौरान ब्राण्ड पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने और अधिकतम सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

बींग ह्युमन का नया कलेक्शन 100 फीसदी फेयट्रेड , ओर्गेनिक एवं रीसायकल्ड कॉटन का संयोजन है, इसमें रीसायकल्ड पीईटी बोतलों से बनी डेनिम शामिल हैं। ये मटीरियल पर्यावरण के प्रति सजग फैशन और ज़िम्मेदाराना मैनुफैक्चरिंग के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसी भावना के साथ बींग ह्युमन अपने फेयरट्रेड कलेक्शन का विस्तार करते हुए कॉटन किसानों को निष्पक्ष कीमतों, काम की अनुकूल परिस्थितियों के साथ सहयोग प्रदान कर रहा है, ब्राण्ड फार्म से लेकर फैशन तक गरिमा एवं स्थायित्व को सुनिश्चित करता है।

बींग ह्युमनः सलमान खान फाउन्डेशन हेल्थकेयर एवं शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा ज़रूरतमंद समुदायों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार के लिए निरंतर प्रयासरत है। पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण बींग ह्युमन के लिए मुख्य प्राथमिकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर के तहत भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज ग्राम रेडीमलकपुर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत तिरंगा यात्रा निकाली और भारतीय सैनिकों के शौर्य को नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली व नेतृत्व को सराहा। ग्राम रेडीमलकपुर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकाली गयी तिरंगा यात्रा में सैकड़ों देश प्रेमियो ने भाग लिया। यह यात्रा रेडीमलकपुर से शुरु होकर ग्राम छिदबना से होते हुए पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए प्रधान प्रतिनिधि अमित ने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर सभी देशवासी गर्व महसुस कर रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सर कुचलने का काम किया हैं। आज पाकिस्तान पुरी दुनिया के सामने बेनकाब हो गया है। आज हर गाँव-शहर में तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। मण्डल अध्यक्ष बलिया खेडी किशोर चौधरी व बूथ अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया है कि हमारे देश की सेना पूरे विश्व में नम्बर वन हैं। आज हमारे देश की सेना के सामने पाकिस्तान थर-थर कॉप रहा है। तिरंगा यात्रा में चौधरी मोहनलाल रेडीमलकपुर, भाजपा युवा नेता चौधरी गोलित, सुभाष, अजीत सिंह, मुकेश मुखिया, जसवीर, पप्पू, विजय, नवीन, कमल कश्यप, अभिनव आर्य, विक्रम, अमरीश, आशु, राकेश, टींकू, जगपाल प्रधान कृष्णी, अरुण प्रधान छपरेड़ी, तेजपाल, अनुज प्रधान चान्दनपुर, अभिषेक, मोहित, प्रदीप पंवार, विवेक चौधरी, कुलदीप सैनी, नितिन चौधरी, नवीन कुमार आजाद आदि भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समस्या समाधान को सभी 70 वार्डो में जायेंगे निगम के आला अफसर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लोगों की बिजली, पानी, पथ प्रकाश, सफाई, सड़क व नाला-नाली निर्माण आदि समस्याओं का समाधान कराने के लिए नगर निगम के आला अफसर 04 जून से 09 जुलाई तक वार्ड-वार्ड घूमेंगे। ताकि समस्याओं का सुगमता व शीघ्रता से निस्तारण किया जा सके। नगरायुक्त ने इस कार्य के लिए निगम के आला अफसरों की तीन टीमों का गठन किया है। टीम वन का नेतृत्व स्वयं नगरायुक्त शिपू गिरि करेंगे।

अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि शहर के सभी 70 वार्डो में रोस्टर के अनुसार निगम अधिकारियों की टीमे जायेंगी और वार्ड में किसी एक स्थान पर कैंप लगाकर जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय लोगों से समन्वय बनाते हुए बिजली, पानी, सफाई, पथ प्रकाश, सड़क व नाला-नाली निर्माण आदि कार्यो की जानकारी लेकर उनके शीघ्रता से निस्तारण का प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि वार्डो में सामान्य कार्य दिवसों में कैंप लगाकर समस्याओं के निस्तारण का यह अभियान 04 जून से शुरु होकर 09 जुलाई तक चलेगा।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि हर



रोज तीन वार्डो में सुबह साढ़े 10 बजे से साढ़े 11 बजे तक कैंप आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक वार्ड में अधिकारियों की अलग-अलग टीम पहुंचेगी। नगरायुक्त द्वारा गठित अधिकारियों की तीन टीमों में टीम-1 का नेतृत्व स्वयं नगरायुक्त शिपू गिरि, टीम-2 का नेतृत्व अपर नगरायुक्त प्रथम प्रदीप कुमार यादव व टीम-3 का नेतृत्व अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय करेंगे। टीमें इस प्रकार रहेंगी-

टीम-1 में नगरायुक्त शिपू गिरि, मुख्य अभियंता बी के सिंह, जीएम जल-पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह व मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता रहेंगी।

टीम-2 में अपर नगरायुक्त प्रथम प्रदीप कुमार यादव, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी शामिल रहेंगी।

टीम-3 में अपर नगरायुक्त द्वितीय मृत्युंजय, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार, सहायक अभियंता जलकल ओमप्रकाश, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व कर अधीक्षक सुधीर शर्मा शामिल रहेंगी।

# मस्जिद जामे नूर बहरामपुर में समर क्लासेज का हुआ आगाज



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सोमवार को मस्जिद जामे नूर जफर कॉलोनी बहरामपुर में तीन दिवसीय समर क्लासेज का उद्घाटन मियां साहब इस्लामिया इंटर कॉलेज बक्शीपुर के प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद ने किया। कुरआन-ए-पाक की तिलावत हाफिज रहमत अली निजामी ने की। हम्द व नात-ए-पाक भी उन्होंने पेश की। कारी मुहम्मद अनस रजवी ने बच्चों को तौहीद, रिसालत, सहाबा, कयामत, जन्नत-दोजख के बारे में विस्तार से बताया। एक हदीस-ए-पाक इल्म का हासिल करना हर मुसलमान पर फर्ज है पढ़ाई।? मिलने जुलने के आदाब बताए।

मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद ने बच्चों को टाइम मैनेजमेंट के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी का सदुपयोग करना सभी के लिए महत्वपूर्ण है, चाहे वह छात्र हों या शिक्षक, क्योंकि इसमें उन्हें आराम करने, खुद को बेहतर बनाने, और नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है। बच्चे ऊर्जा से भरे होते है। इस वजह से जब भी वे खाली होते हैं तो अपने इस असीमित ऊर्जा को खर्च करने के लिए वे तरह-तरह की शरारतें करते है, इसलिए गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की ऊर्जा का सही इस्तेमाल करना जरूरी है। बच्चों को लाइब्रेरी जाने व किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। पढ़ना एक ऐसी अच्छी आदत है, जिससे हम जीवन भर कुछ न कुछ नया सीखते रहते हैं। बच्चे के व्यक्तित्व के विकास के लिए सिर्फ पाठ्यक्रम में शामिल किताबें पढ़ना ही काफी नहीं है।

# तंबाकू निषेध पर अनुरागिनी संस्था द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज अनुरागिनी संस्था द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उरई नगर स्थित इंद्रा स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों युवा-युवतियों ने भाग लिया और तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं नुकसानों के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से पंपलेट्स वितरित किए गए, जिनमें तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणाम जैसे कि कैंसर, फेफड़ों की खराबी, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, दंत समस्याएं, और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आदि के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित युवाओं ने तंबाकू के किसी भी प्रकार का सेवन न करने की सामूहिक शपथ भी ली।

इस अवसर पर अनुरागिनी संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक रविन्द्र सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा,



÷तंबाकू एक धीमा ज़हर है जो व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को नुकसान पहुंचाता है। युवाओं को इस लत से दूर रहकर एक स्वस्थ और उत्पादक जीवन जीना चाहिए।÷

परियोजना समन्वयक राज प्रताप सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है और अनुरागिनी संस्था निरंतर इसी दिशा में कार्य कर रही है।

परियोजना समन्वयक नितिन कुमार सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है, और यदि यह शक्ति नशे से मुक्त रहेगी तो समाज और राष्ट्र दोनों ही मजबूत बनेंगे। उन्होंने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें और दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने हाथ उठाकर और शपथ लेकर यह संकल्प लिया कि वे तंबाकू और उससे संबंधित सभी नशीले पदार्थों से दूर रहेंगे और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने की इच्छा जताई।

अनुरागिनी संस्था विगत कई वर्षों से स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर कार्य कर रही है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस की इस वर्ष की थीम रही ÷बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना÷ ङ्क जो यह संदेश देती है कि नई पीढ़ी को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने तैयार किए विभिन्न पोषक आहार



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की विद्यार्थियों ने विभिन्न अवस्थाओं के लिए जरूरी पोषक आहार बनाकर उनका प्रदर्शन किया।

50 विद्यार्थियों ने दस समूहों में विभक्त होकर गर्भावस्था आहार, विटामिन ए युक्त आहार, संतुलित आहार, उच्च रक्तचाप के रोकथाम से जुड़े आहार, प्रोटीन युक्त आहार, कैल्शियम युक्त आहार, फाइबर युक्त आहार, आयरन युक्त आहार, ब्लैंड डाइट एवं प्रसवोत्तर आहार तैयार किए। तैयार किए गए खाद्य पदार्थों में रागी पोरिज, पालक पराठा, गाजर का हलवा, कद्दू सूप, ब्राउन राइस राजमा, बाजरे की रोटी, मूंग दाल हलवा, पनीर पराठा, पपीते की बर्फी, चुकंदर पराठा, सूजी उपमा और गुड़-गोंद लड्डू शामिल थे। ये सभी आहार पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। प्रत्येक समूह ने पोस्टर और चार्ट के माध्यम से बनाए गए आहार की पोषणीय गुणवत्ता का प्रस्तुतीकरण किया। आयोजन शिक्षिकाओं अन्नू पटेल, ममता, प्रज्ञा मिश्रा, समरीन, निधि राय, शक्ति, श्रद्धा, गरिमा पांडेय, प्रिया पाठक और सृष्टि के मार्गदर्शन में हुआ।

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने किशोर को रौदा

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के घुरियापार में भट्ठे पर मिट्टी गिरा रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने पेड़ के नीचे बैठे 12 वर्षीय किशोर को रौदा दिया। जिसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी से थाना क्षेत्र भगवानपुर कानापार थाना बखिरा जिला संतकबीरनगर निवासी प्रिंस पुत्र इन्द्रनाथ 12 वर्ष स्कूल की छुट्टी होने से अपने ननिहाल घुरियापार राजेंद्र के घर आया था। सोमवार को अपराह्न एक बजे के करीब वह ईट भट्ठे के पास एक पेड़ के नीचे बैठा था। एक नाबालिक जो ट्रैक्टर ट्राली चलाते हुए भट्ठे पर मिट्टी गिरा रहा था। उसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली ने किशोर को रौदा दिया। जिसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो बहने है। वह अपने परिवार का अकेला बेटा था।

# घघसरा में मनाई गयी अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी समारोह

**घघसरा अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा में शुक्रवार को अध्यक्ष प्रभाकर दुबे की अध्यक्षता में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रि शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ÷महिला सशक्तीकरण÷ पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आशा कार्यकत्रियां मौजूद थीं।

सभा को संबोधित करते हुए सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि, नारी सशक्तिकरण सरकार की प्रथम प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में सतत कार्य कर रही है। नारी के पास पैसा है, तो घर के उसके बच्चे अच्छी तरह पढ़ते लिखते हैं । देश का चतुर्दिक विकास के लिए महिला का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। नारी मजबूत है, तो बच्चे भी शिक्षित होंगे। अहिल्याबाई होल्कर एक नारी थीं,जो कर दिखाया वह हर किसी के लिए के लिए संभव नहीं है । उन्होंने नारियों के उत्थान के लिए सबसे पहले कुरीतियों के विरोध में संघर्ष किया। सती प्रथा धार्मिक उत्थान के लिए मंदिरों का जीरो धार और निर्माण सभी सामाजिक काम भरपूर करवाया। प्रमुख बेलघाट डॉ पूजा सिंह कौशिक ने गोष्ठी ने कहा कि- एक महिला सब कुछ करने में सक्षम है चाहे वह सामाजिक क्षेत्र हो राजनीतिक क्षेत्र हो या धार्मिक क्षेत्र हो अहिल्याबाई होल्कर महिलाओं की आदर्श हैं । उक्त अवसर- त्र्यंबक उपाध्याय, कृष्ण मोहन कसौधन,मनोज सिंह, शिवचरण प्रसाद,रुचिका मिश्र, दयाशंकर सिंह, विजय बहादुर, कृष्ण मोहन कसौधन, दिनेश मिश्रा राम जनक मौर्या, विनोद पांडेय, विजय मिश्रा राजू पांडेय, ध्रुव कुमार गौड़, संतोष पांडेय, सुंदरम त्रिपाठी, शिवानंद पांडेय, अभिमन्यु कनौजिया, मुन्ना राकेश, धूवचंद्र गुप्ता, अशोक मौर्य समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रांतीय धरोहर समिति एवं इन्टैक उरई के संयुक्त तत्वावधान में हाथ पंखा दीर्घा का हुआ शुभारम्भ

**उरई (जालौन)।** बुन्देलखण्ड में मई जून की प्रचण्ड गर्मी , उस पर आग उगलता नौ तपा का रौद्र रुप, और बिजली की आंख मिचौली के बीच सूखा भुंजता यहां के जन मानस के पास गर्मी से राहत पाने के लिये , हाथ से डोलता पंखा ही एकमात्र विकल्प रह जाता है। इन्ही हाथ पंखों की एक दीर्घा चूडी वाली गली स्थित श्री मती सन्ध्या पुरवार के निज निवास पर इन्टैक उरई अध्याय, भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा, तथा प्रान्तीय धरोहर समिति संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में लगाई गई।

इस हाथ पंखा दीर्घा का उद्घाटन शंखध्वनि के मध्य अपने जनपद के मृदुभाषी,एवं सहज व्यक्तित्व के धनी जनपद के मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास जी ने प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी की प्रतिमा के समक्ष



दीप प्रज्वलित कर किया। दीर्घा अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र जी ने कहा कि हाथ पंखों का अद्भुत संग्रह यहां पर देखने को मिला। भिन्न भिन्न आकार प्रकार के पंखे देखकर मन मुदित हो गया। श्री डा0 पुरवार जी के संग्रह के विषय में सुना तो बहुत था, आज उसकी झलक देखने को भी मिल गई।

इस अवसर पर अपने बडे श्री सुरेश निरंजन भैय्याजी भी पधारे थे। उन्होंने भी कहा कि डा0 पुरवार जी का यह उनका जुनून है । उनके इस जुनून के सहारे यह समाज अपनी प्राचीन विरासत/ धरोहर को देख समझ पा रहा है । समाज के लिए पुरवार दम्पत्ति का यह योगदान अतुलनीय है।

इस हाथ पंखा दीर्घा में केरल, तमिलनाडू , गंगासागर, आसाम, मथुरा, नागालैण्ड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश , गोवा, आन्ध्र प्रदेश, बुन्देलखण्ड, दिल्ली, बंगाल, पंजाब आदि प्रान्तों के साथ साथ चीन , जापान, कम्बोडिया, थाईलैंड, आदि देशों के हाथ पंखों को प्रदर्शित किया गया है।

## रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मेहरुकुंडल में रास्ते की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रधान प्रेमचंद यादव ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग किया है। आरोप है कि गाटा संख्या 70 भूलेख में आबादी दर्ज है। इस भूमि में कच्चा सार्वजनिक रास्त बहुत पहले से चला आ रहा। वर्तमान समय में गांव का एक मनबढ़ रास्ते की भूमि में छप्पर डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। जिससे गांव के लोगों का रास्ता रुका हुआ है। पूर्व में लेखपाल द्वारा भूमि को चिन्हित कर चुना भी गिराया जा चुका है। वर्तमान समय में वह अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। प्रधान ने हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग किया है।

## आपसी विवाद को लेकर मनबढ़ो ने पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के बरहुआ निवासी अनिल कुमार कन्नौजिया पुत्र रामदरश कन्नौजिया का 25 मई को रात्रि में किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो रहा था। उसी दौरान महिला का नाती आ गया और गाली गलौज करने लगा तथा और अपने दो भाईयो को बुला दिया। और लात मुक्कों,ईट, लाठी डंडा,लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया। बचाव के पहुंची पत्नी रजनी देवी को मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कृष्णा, विवेक, निहाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## हमला कर घायल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के विडार में विवाद की दौरान युवक पर कैंची से हमला कर घायल करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया। मिली जानकारी से शुक्रवार को थानेदार महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनोद कुमार कास्टेबिल बृजेश सिंह, विश्वनाथ संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की विडार में कैची से हमला कर घायल करने वाला अभियुक्त रवि निषाद पुत्र अर्जुन निषाद निवासी विडार अपने खेत में मौजूद है।

# मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान-5÷ के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा *गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार /गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है ।

# बकरीद की नमाज को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बकरीद के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई ,बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि बकरीद के लिए सभी ईदगाहों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाये, कुर्बानी के अवशेष खुले में रोड व नाली में न फेके, सभी सुअर बाड़ो के संचालकों को निर्देशित किया जाये कि उनके पशु खुले में न घूमे,प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाये सभी थाना प्रभारी इसका विशेष ख्याल रखे ,ई0ओ0 नगर पालिका व डीपीआरओ कुर्बानी के अवशेषो का सावधानी से निस्तारण कराये सभी लोग आपसी सौहार्द से सभी त्यौहार मनाये सभी लोग व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे,सड़क पर नमाज का आयोजन न हो,ड्रोन से निगरानी की जाये, वीडियोग्राफी की जाये, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दिया जाये।

# पत्रकारिता : संघर्ष की वह साधना जिसे ग्लैमर समझ लिया गया है : डॉ सतीश वर्मा

**अलीगढ़।** पत्रकार का जीवन बहुधा उस चमक-दमक से जोड़कर देखा जाता है। जो समाचार चैनलों की स्क्रीन या अख़बारों की शीर्ष पंक्तियों में दिखाई देती है। आमइ धारणाएँ बन चुकी हैं कि पत्रकार एक प्रभावशाली वर्ग है, जिसकी पहुँच सत्ता के गलियारों, प्रशासनिक केबिनों और सामाजिक आयोजनों तक है*। उसे देखकर यह भ्रम पाल लेना सहज हो गया है कि उसके पास सब कुछ है–प्रतिष्ठा, सुविधा, पहचान, और एक हाई प्रोफाइल जीवनशैली। लेकिन यह छवि उतनी ही कृत्रिम है जितनी किसी रंगमंच की–जहाँ मंच पर सब कुछ भव्य दिखाई देता है, मगर परदे के पीछे अंधेरे, थकान, अव्यवस्था और जद्दोजहद की धड़कनें हैं*। पत्रकार का जीवन वास्तव में उस अदृश्य परदे के पीछे की लंबी साधना है, जिसे न समाज देख पाता है, न सरकार महसूस कर पाती है।

एक पत्रकार का दिन किसी तय समय की परिधि में नहीं चलता। सुबह की चाय ठंडी हो जाए या रात की नींद अधूरी रह जाए, यह उसके पेशे की मांग का हिस्सा है। खबरें इंतज़ार नहीं करतीं–न सुबह का, न रात का, न त्योहारों का और न ही पारिवारिक जिम्मेदारियों का। जब समाज घरों में त्योहार मना रहा होता है, तब एक पत्रकार किसी विस्फोट, सड़क हादसे, दंगे या प्राकृतिक आपदा की रिपोर्टिंग में खड़ा होता है। उसकी पत्नी और बच्चे, उसके माँ-बाप, उसका परिवार–सभी उसके समय से वंचित रहते हैं। वे केवल उसकी अनुपस्थिति की आदत पालते हैं, क्योंकि पत्रकारिता में समय देना एक विलासिता है जो उसके पास नहीं होती। यह पेशा जितना जिम्मेदारीपूर्ण है, उतना ही असुरक्षित भी। एक पत्रकार को कई बार ऐसी खबरों का पीछा करना पड़ता है, जिनसे उसे खतरे होते हैं–सामाजिक, राजनीतिक, यहाँ तक कि शारीरिक भी। कई पत्रकारों ने अपनी जान सिर्फ इसलिए गंवाई क्योंकि उन्होंने किसी सच्चाई को उजागर करने का दुस्साहस किया। कईयों ने शोषण झेला क्योंकि उन्होंने सवाल पूछने की हिम्मत की...ऐसे सवाल जिन्होंने उन्हें विद्रोहियों के तमगा दिलवा दिया ! ये जो पत्रकात हैं वे न किसी यूनियन के सहारे टिके होते हैं, न किसी अनुबंध के*। *ज़्यादातर पत्रकार %प्रोबेशन% की एक अंतहीन अवधि में कार्य करते हैं, जहाँ संस्थानों की नीतियाँ और मालिकों की मर्ज़ी उनका भविष्य तय करती है। अधिकाँश की नौकरी स्थायी नहीं होती, वेतन का कोई भरोसा नहीं होता, और सामाजिक सुरक्षा तो जैसे एक सपना मात्र है।

> **पत्रकारों के जीवन में सबसे त्रासद पक्ष यह है कि वे दूसरों की समस्याओं को तो आवाज़ देते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा के लिए उनके पास कोई मंच नहीं होता**

पत्रकारों के जीवन में सबसे त्रासद पक्ष यह है कि वे दूसरों की समस्याओं को तो आवाज़ देते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा के लिए उनके पास कोई मंच नहीं होता। वे शोषण के खिलाफ दूसरों की लड़ाई लड़ते हैं, मगर अपने हक के लिए चुप रहने को विवश होते हैं। संस्थान उन्हें केवल %कंटेंट क्रिएटर या प्रोड्यूसर% समझते हैं–एक ऐसा संसाधन, जिसे काम निकल जाने के बाद दूध में से मक्खी की तरह बाहर कर दिया जाता है। उदाहरण के तौर पर कोविड काल ने इस अमानवीयता की पराकाष्ठा कर दी, जब कॉस्ट कटिंग के नाम पर तमाम पत्रकार बेरोज़गार कर दिए गए। यह किसी एक संस्थान की कहानी नहीं, पूरी इंडस्ट्री का चरित्र बन चुका है।यहाँ एक और पक्ष पर बात करना जरूरी है कि जब एक पेशा निरंतर अभावों, असुरक्षा और असम्मान की भूमि पर खड़ा किया जाता है, तो उसकी नैतिकता भी डगमगाने सी लगती है। कुछेक पत्रकार जब अपनी जरूरतें पूरी नहीं कर पाते, जब संस्थागत समर्थन नहीं मिलता, जब सरकारी संरक्षण नहीं होता–तो कभी-कभी वह विकल्पों की उस गली में प्रवेश कर जाते हैं जो पत्रकारिता के आदर्शों से समझौता कराता है। यह समझौता कभी किसी सत्ताधारी दल के साथ गठजोड़ के रूप में होता है, कभी व्यवसायिक घराने के हित में रिपोर्टिंग के रूप में। समाज इसे %बिकाऊ मीडिया% कहता है, लेकिन शायद यह सोचने की भी आवश्यकता है कि बिकने के हालात क्यों बनते हैं। हर बिकने वाला पत्रकार दोषी नहीं, बल्कि तमाम कहीं न कहीं उस व्यवस्था के पीड़ित होते हैं, जिसने उन्हें विकल्पहीन कर दिया। यह किसी का पक्ष नहीं है और ना ही गलत को सही साबित करने की कोशिश...बस एक पक्ष है जिसपर ध्यान देकर कुछ ठीक की कोशिश संभव है*। हालाँकि इन तमाम विडंबनाओं और कठिनाइयों के बीच भी पत्रकारिता में तमाम ऐसे लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ, डर या प्रलोभन के, अपने जीवन को राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित किए हुए हैं। ऐसे पत्रकार, जिनकी कलम सत्ता की चापलूसी नहीं, सच्चाई की शपथ लेती है। वे जानते हैं कि उनकी राह कठिन है, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि लोकतंत्र की रीढ़ को मजबूत रखने की ज़िम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। और यह कर्तव्य किसी सुविधा, वेतन या मान्यता से प्रेरित नहीं, बल्कि अनुशासन से उत्पन्न होता है। आज जब पाठक डिजिटल माध्यमों की ओर बढ़ रहे हैं, जब सूचना की गति रॉकेट जैसी हो गई है, और सत्य और झूठ के बीच की दूरी मात्र एक क्लिक रह गई है–तब पत्रकार के लिए चुनौती और बढ़ गई है। अब वह केवल खबर लिखने वाला नहीं, बल्कि एक डिजिटल योद्धा है, जिसे ट्रोलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और मानसिक दबाव के बीच भी संयम, और सत्यनिष्ठा के साथ खड़ा रहना है। यह केवल पेशे की बात नहीं, बल्कि आस्था की बात है–एक ऐसी आस्था जो पत्रकार को केवल जीविकोपार्जन से नहीं, समाज की आत्मा से जोड़ती है।

# शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्यतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है की अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते है। इस लिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि कार्यों में विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय।

इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु संचालित किया गया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि

> **20 हजार रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है किसान**

परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त होती रहे। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार थोड़ी सी प्रभावित हो सकती है किन्तु दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाएगी। यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (4) प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षो से इसी खेत से वह लगभग 20 हजार रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है। किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चैथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है। अगर कोई किसान अपने खेत में गेहूं और मक्के की खेती कर रहा है और इसी खेत में शहतूत के पेड़ भी लगा देते हैं तो अगले 4-5 वर्षो में इसी खेत से किसान विशाल रेशम कीटपालन के साथ अपनी आय दुगुनी कर सकते है। उचित लाभ प्राप्ति हेतु कम से कम 100 पेड़ भी स्थापित किए जा सकते है, पर 300 पेड़ का उद्यान स्थापित हो तो आर्थिक लाभ हेतु उत्तम रहता है। जितने अधिक पेड़ होंगे उसी अनुपात में पत्ती एवं रेशम कोया का उत्पादन होगा। यदि किसी किसान के पास जमीन कम है पर वह अधिक पेड़ लगाना चाहता है, तो वह मेड़ के बाद खेत के बीच में सीधी कतार में पेड़ लगा सकता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में गंगा दशहरा की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि गंगा दशहरा पर पांचाल घाट पर मेडिकल कैम्प व दोनों तरफ 02- 02 एम्बुलेन्स लगाई जाए,बैरिकेडिंग, सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाये, पुलिस वाच टॉवर बनाये जाये,पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाये, नाव नाविक व गोताखोरों की व्यवस्था की जाये, पेंटून पुल को लोक निर्माण विभाग तत्काल ठीक कराये व इसका उपयोग केवल पैदल यात्रियों द्वारा ही किया जाये,घाट पर पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था की जाये,04 जून शाम से ही ट्रैफिक डायवर्ट किया जाये, गंगा पुल के ऊपर लगी हाईमास्ट लाइट तत्काल ठीक कराई जाये ,पार्किंग स्थलों पर



साइनेज लगाये जाये, श्रंगीरामपुर व ढाई घाट पर भी 02-02 एम्बुलेंस लगाई जाये,सभी घाटो पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करे,सभी घाटो पर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाये, जिला पंचायत अपने सभी घाटो पर व्यवस्था सही करे,सभी घाटो पर गोताखोरों की तैनाती कर सूची सार्वजनिक करें, ई ओ नगर पालिका व डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे,पांचाल घाट पर मोबाइल टॉयलेट, पीने के पानी व साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे, ट्रैफिक डायवर्जन का समय व चार्ट निर्धारित कर ले,नावों पर ओवरलोडिंग न की जाये व विना लाइफ जैकेट के कोई भी नाव पर न बैठे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डी0एफ0ओ0,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक,सभी उपजिलाधिकारी, सभी क्षेत्राधिकारी व संवंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक व नर्स ड्यूटी से नदारद मिले। जिस पर डीएम ने फटकार लगाई और इमरजेंसी के दौरान अस्पताल में ही मौजूद रहने के निर्देश डॉक्टर को दिए।

डीएम राजेश कुमार पांडेय ने देवनगर चौराहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक को देखा तो इंमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. आर्या और वार्ड में तैनात नर्स ड्यूटी से नदारत मिले। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अपने कमरे पर थे। जब उन्हें डीएम के अस्पताल में पहुंचने की जानकारी हुई तो वह कमरे से अस्पताल पहुंचे। जहां डीएम ने डॉक्टर की लापरवाही पर सख्त रूख अपनाया और मुख्य चिकित्सा



अधिकारी को संबंधित डॉक्टर व नर्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। डीएम ने स्टॉफ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सभी चिकित्सक इस पर गौर करें और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, डॉ. केडी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर नारी सशक्तिकरण की प्रतीक : पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा



*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार- अयोध्या।** पूरा बाजार के ब्लॉक सभागार में अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर को नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढ़ना होगा उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने एक आदर्श जन कल्याणकारी राज्य की स्थापना करते हुए विधवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए महिलाओं को शिक्षित होने का अवसर देकर समाज में नया स्थान दिया । विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं के उत्थान के लिए सती प्रथा को समाप्त करते हुए निःसंतान महिलाओं को दत्तक पुत्र चुनने का अधिकार देकर उन्हें समाज में एक नया स्थान दिया अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा समर्पण सादगी अद्भुत शौर्य का प्रतीक बना विशिष्ट अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अहिल्याबाई होलकर के कृत्यो से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि मई1725 मे अहमदनगर के गांव में साधारण परिवार में जन्मी अहिल्याबाई ने शासन के रूप में जनकल्याणी कार्यक्रम लागू कर अपनी अलग पहचान बनाई उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति मालवा की शासक अहिल्याबाई ने देवस्थानों का पुनः जीणोद्धार कर जनकल्याणकारी योजनाओं को महत्व देते हुए अपने शौर्य का परिचय दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष संजीव सिंह रुदौली के विधायक रामचंद्र यादव अयोध्या के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय महिला आयोग की सदस्य रितू शाही खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंहभाजपा महिला मोर्चा महानगर मंत्री स्वाति सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिभजन गौड महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष कपिल देव वर्मा प्रधान संघ के पूरा ब्लॉक के अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर प्रधानाचार्य अविचल सिंह ग्राम प्रधान नारा रमेश सिंह दिनेश मिश्रा महिला मोर्चा की ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार सिंह दर्जनों की संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ-साथ क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल ने किया कार्यक्रम के आयोजक शिवेंद्र सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

## 16वें केंद्रीय वित्त आयोग समिति के दौरे को लेकर तैयारियां तेज, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद अयोध्या में 3 जून को प्रस्तावित 16वें केंद्रीय वित्त आयोग समिति के दौरे को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह समिति डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो विभिन्न राज्यों और जनपदों में वित्तीय व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए भ्रमण पर है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर

**अयोध्या।** जिला जज रणंजय कुमार वर्मा के न्यायालय से जान लेवा हमले के आरोपी महिला की अग्रिम जमानत विद्वान अधिवक्ता विजय शंकर पांडेय की बहस सुनकर मंजूर कर दिया है। अभियोजन के अनुसार थाना कोतवाली अयोध्या के खाकी अखाड़ा निवासी हरिशंकर सिंह ने कोतवाली नगर में 3 जनवरी 2021 को 9ः00 बजे रात्रि में अजय कुमार सिंह, विनीत कुमार सिंह हरीकिशोर सिंह निवासी ग्राम गोरवा जिला गोंडा के साथ मिलकर उसकी बहन जूली सिंह पर हरि किशोर सिंह और आरती सिंह ने किचन में घुसकर मारा जिससे वह बेहोश हो गई। इस मामले की पीड़ित के द्वारा कोतवाली नगर अयोध्या में 308, 452, 504, 323 ,147, भारतीय दंड विधान के अंतर्गत लाठी डन्डे से जानलेवा हमला घर में घुसकर करने गाली गुप्ता देने में हेमा सिंह एवं रूद्र कला सिंह के खिलाफ भी जानलेवा हमले की गंभीर एफआईआर दर्ज कराई थी। घटना के अभियुक्त रुद्रकला सिंह के अधिवक्ता विजय शंकर पांडे ने जिला जज रणंजय कुमार वर्मा के न्यायालय में प्रथम अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र 26 जून को प्रस्तुत किया था जिस पर जिला जज ने विद्वान अधिवक्ता एवं जिला शासकीय अधिवक्ता की बहस एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर सुनवाई करते हुए अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दिनांक 3 जून 2025 को प्रस्तुत करने का आदेश देने के साथ आवेदिका को इस बीच में गिरफ्तारी से मुक्त करने का आदेश दिया है। गिरफ्तारी की स्थिति में पुलिस को निर्देश दिया है कि ?20000 का व्यक्तिगत बंध पत्र एवं इतनी ही धनराशि की दो प्रतिभूति लेकर गिरफ्तार करने वाले अधिकारी अग्रिम जमानत पर और मुक्त करे।

# साहू धर्मशाला से स्टाइल मार्केट से जाम और अव्यवस्था से जनता परेशान

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत क्षेत्र गोसाईगंज में ट्रैफिक जाम की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही है। इसकी जड़ मानी जा रही है साहू धर्मशाला को हटाकर बनाए गए स्टाइल मार्केट और उस स्थान पर खुले एक बड़े शॉपिंग मॉल को, जिसने पूरे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को चरमरा कर रख दिया है।साहू धर्मशाला मार्केट, जो पहले गरीब और दूर-दराज से आने वाले दुकानदारों और ग्राहकों के लिए सहारा था, समाज के हित में एक सुलभ बाज़ार के रूप में जाना जाता था। लेकिन अब यह स्थान स्टाइल मार्केट और एक निजी मॉल में तब्दील हो चुका है, जहां न तो पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण की कोई योजना दिखाई देती है।स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि मॉल में आने वाले लोग अपने वाहन सड़कों पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे चौबीसों घंटे जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसका जिम्मेदार माल भवन स्वामी




जय प्रकाश साहू है ट्रांसफार्मर रूम तक सड़क किनारे लगे नगर पंचायत के नोटिस के बाद जबरन हटवा दिया गया, लेकिन मॉल के बाहर बेतरतीब वाहन खड़े होने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।अचरज की बात यह है कि यह सब नगर पंचायत कार्यालय के सामने हो रहा है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। सवाल उठ रहा है कि बिना समुचित पार्किंग के यह मॉल कैसे पास हुआ? स्थानीय प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर भी उंगलियां उठ रही हैं।स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों का यह भी आरोप है कि इस मॉल से हो रही भारी कमाई का कोई लाभ गोसाईगंज क्षेत्र को नहीं मिल रहा, क्योंकि मॉल कोलकाता की एक निजी कंपनी के अधीन है। ऐसे में क्षेत्र के विकास की बजाय अव्यवस्था और व्यापारिक असंतुलन ही देखने को मिल रहा है। समाजसेवी एस एन विश्वकर्मा ने जिला अधिकारी से इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।श्री विश्वकर्मा का कहना है यदि प्रशासन इस पर कार्यवाही नही करता है तो धरना प्रदर्शन करेगें।

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा-2 का भव्य आयोजन मंगलवार से

## प्राण प्रतिष्ठा समेत चार कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित परकोटे में स्थित छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह समारोह 5 जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर अपने चरम पर पहुंचेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वीवीआईपी शामिल होंगे।अनुष्ठान का शुभारंभ सोमवार शाम सरयू तट से शुरू होने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। यह यात्रा वीणा चौक, रामपथ, सिंगारहाट और रंगमहल बैरियर से होते हुए राम जन्मभूमि मंदिर परिसर पहुंची। 3 और 4 जून को सुबह 6:30 बजे से 12 घंटे तक पूजा-अनुष्ठान होंगे, जिसमें 1975 मंत्रों के साथ अग्नि देवता को आहुति दी जाएगी। इसके साथ ही रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा और अन्य भक्ति भजनों का पाठ किया जाएगा। मुख्य समारोह 5 जून को होगा, जिसमें राम दरबार (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान) की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समारोह में चार प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अनुष्ठान के अलावा मां सरयू त्रयोदशी जन्मोत्सव, ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस बार उन संतों और गृहस्थों को आमंत्रित किया गया है, जो पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह छाया की व्यवस्था की गई है। पेयजल व शौचालय के भी इंतजाम किए गए हैं।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि गर्मी और हीट स्ट्रोक को ध्यान में रखते हुए छाया और पेयजल की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी अस्पतालों में 10-10 बेड विशेष रूप से आरक्षित करा दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में विश्राम स्थल और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। ओआरएस के पाउच का भी वितरण कराया गया है। मंदिर परिसर व चौकी और थानों पर भी ओआरएस के पैकेट बटवाये गए हैं।

# अर्टिगा कार व ट्रक में जोरदार टक्कर,चार की मौत,तीन गंभीर घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**गणेशपुर, बाराबंकी।** सोमवार की भोर पहर रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को पुलिस रामनगर सीएचसी ले गई। जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।सोमवार की सुबह बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखनऊ की ओर से गोंडा जा रही अर्टिगा कार को रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर मोड़ अंचल चंचल ढाबे के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अर्टिगा कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस में तीनों घायलों को रामनगर अस्पताल मिलवाया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ट्रक और कार की टक्कर इतनी तेज थी कि अर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए।रामनगर पुलिस राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। हादसे के बाद हाईवे पर करीब 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।पुलिस की 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया घायलों में एक महिला की पहचान गोंडा निवासी अयान कुरेशी 23 के रूप में हुई है जबकि बाकी तीन की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कार सवार मृतकों में सुधीर मौर्या (35)उनकी पत्नी शांति मौर्या,(33) जीजा रमाशंकर मौर्या(38) और ड्राइवर अयान कुरैशी शामिल है।वही घायलों में पूजा कुशवाहा (32) अक्ष 9,व अनवी 5, गंभीर घायल है।ये सभी एक ही कार से कानपुर अपने अपने रिश्तेदार की रिसेप्शन समारोह में गए थे।

# गुम हुए मोबाइल पाकर खुश



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना टिकैतनगर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए क्षेत्र में गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किए। जानकारी के अनुसार, धनंजय यादव, सर्वेश कुमार तिवारी, मोहम्मद सलमान सिद्दीकी, देवेन्द्र प्रताप एवं विनय कुमार गुप्ता ने अपने-अपने मोबाइल फोन गुम हो जाने की शिकायत सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज कराई थी।शिकायत दर्ज होने के उपरांत थाना टिकैतनगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 02 जून 2025 को उक्त पांचों मोबाइल फोन बरामद कर आवेदकों को सौंप दिए। मोबाइल फोन बरामदगी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव, उपनिरीक्षक अनुभव मिश्रा एवं कांस्टेबल अतुल कुमार यादव का विशेष योगदान रहा। पुलिस की इस त्वरित और सराहनीय कार्यवाही की स्थानीय लोगों ने भी प्रशंसा की।

## कुम्हारों को मिलेगा मुफ्त टूल किट, माटीकला पोर्टल पर करें आवेदन

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** परम्परागत माटीकला कारीगरों के उत्थान और उनकी आय बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से कुम्हारों एवं माटीकला से जुड़े अन्य कारीगरों को निःशुल्क टूल किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे परम्परागत कारीगर, जिनकी आय का मुख्य स्त्रोत केवल माटीकला है, और जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच है, वे 35 माटीकला टूल्स किट्स पाने के लिए माटीकला बोर्ड के पोर्टल पर 9 जून 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।अधिकारी ने बताया कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य परम्परागत कारीगरों को सशक्त बनाकर उनकी आजीविका को बेहतर बनाना है। इच्छुक लाभार्थी आवेदन संबंधी अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 9580503158 एवं 7355041962 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर कुल 18 ट्रेनों की प्रतिदिन एवं 34 साप्ताहिक ट्रेनों की जाती है साफ सफाई



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने हेतु क्लीन ट्रेन स्टेशन (सी.टी.एस.) एवं ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओ.बी.एच.एस) के अन्तर्गत गाड़ियों की साफ-सफाई कराई जाती है। क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना के अन्तर्गत ट्रेनों के नामित स्टेशन पर पहुंचते ही टॉयलेट की सफाई मशीनीकृत (जेट वैक्यूम बफिंग) तरीकों से तथा विंडों ग्लास की सफाई भी आधुनिक तरीके से किया जाता है। विशेष रूप से टॉयलेट की सफाई एवं उसे किटाणुमुक्त करने पर ध्यान दिया जाता है। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल पर उत्तराखण्ड के चार स्टेशनों यथा लालकुआँ, काठगोदाम, रामनगर एवं टनकपुर तथा उत्तर प्रदेश के एक स्टेशन कासगंज पर कुल 18 ट्रेनों की प्रतिदिन एवं 34 सात्ताहिक ट्रेनों की साफ-सफाई की जाती है।

इसके अतिरिक्त ट्रेनों में यात्रा के दौरान स्वच्छता को सुनिश्चित करने हेतु ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस की व्यवस्था है। इज्जतनगर मंडल के 32 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध है।

जिनके द्वारा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती है। इसके अतिरिक्त टेऊनों में यात्री, रेल मदद के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर किसी भी समय (ओ.बी.एच.एस.) कर्मचारी को बुलाकर कोच की सफाई करा सकते है।

## देश में गूंजे आयोडीन की धुन नमक हो टाटा का, टाटा नमक




**बरेली।** पहले कैंपेन 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' को उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर, देश में आयोडीन युक्त नमक के नंबर 1 ब्रांड टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है। नए कैंपेन में दिल को छू लेने वाली 8 शानदार ब्रांड फिल्में हैं, जो पुरानी यादों को ताज़ा करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश देती हैं- टाटा नमक, आयोडीन की सही मात्रा से बच्चों के मानसिक विकास में सहायता करता है, जिससे देश का भविष्य और भी सशक्त बनता है। देश का नमक के दर्जे को और भी मजबूत करते हुए, यह अभियान एक मनोरंजक और मधुर अंदाज़ में टाटा नमक की गुणवत्ता और भरोसे को उजागर करता है।

ओगिल्वी द्वारा परिकल्पित, इस कैंपेन में ज़िंदगी के रोज़मर्रा के पल दिखाए गए हैं लोरी सुनाती हुई माँ, क्लासरूम में पढ़ाती हुई टीचर, या एक हँसता-खिलखिलाता परिवार, हर दृश्य में टाटा नमक एक अहम साथी के रूप में मौजूद है ऐसा साथी जो सालों से हर भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है।

## जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन में 30 से 31 मई को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ जिसमे लुमक्स इंस्डस्ट्री हरियाणा एवं वोल्टास बीको गुजरात ने आयोजन में भाग लिया। संस्थान के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के बी टेक व डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 15 छात्रों का चयन किया गया जिन्हे दो लाख से तीन लाख वार्षिक का पैकेज प्रदान किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने प्रसन्नचित और उत्साहित मुद्रा में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर और शिक्षकगण को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास की वजह से चयन हो सका। रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने वोल्टास कंपनी के एचआर पाटिल डिगना कौशिक वाघेला एवं लुमक्स कंपनी के एचआर शक्ति और मिस कुसुम का छात्रों के चयन करने पर धन्यवाद किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर नियाज़ अहमद अंसारी ने प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद प्रिंसिपल इंजीनियरिंग डॉ फैज़ान आरिफ एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

## अनियमितता को लेकर दो डाककर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई

### सिसवा डाकघर में तैनात थे दोनों कर्मचारी

**सिसवा बाजार महराजगंज ।(अवधनामा संवाददाता)** सिसवा स्थित डाकघर मे कर्मियों द्वारा अनियमितता की मामले में विभागीय कार्रवाई में विभाग ने एक कर्मी को निलंबित व एक क दूसरे जगह स्थान्तरित करने का मामला प्रकाश में आया हैं। सिसवा डाकघर में आधार संबंधित लगातार आ रहे शिकायतों व एक महत्वपूर्ण पत्र पासपोर्ट के गायब हो जाने के संदर्भ व आधार सुधार व नए आधार बनाये जाने को लेकर सरकारी शुक्ल से अधिक रूपये लिए जाने सहित अन्य मामलो में विभागीय जाँच में दोषी पाए जाने के उपरांत विभाग ने डाकघर में तैनात कर्मी शिवनारायन को निलंबित कर दिया वही दूसरे कर्मी श्रीनिवास को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया हैं।इस संबंध में प्रवर अधीक्षक डाकघर बाल कृष्ण पांडेय ने बताया कि जांच में आधार गड़बड़ी व अन्य कई शिकायतों में सत्यता पाए जाने के उपरांत कार्रवाई की गई हैं।

## कुम्हार कार्य के लिए जिलाधिकारी से पट्टा आवंटन मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कुम्हारी कार्य हेतु मिट्टी निकालने के लिए ग्राम सभा हरपुर पकड़ी के कुम्हार समाज को पट्टा आवंटन करने की मांग किया हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल देव प्रजापति ने बताया कि कोठीभार थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा हरपुर पकड़ी में निवास करने वाले कुम्हार समाज अपनी आजीविका हेतु पीढ़ियों धोबहा ताल से से मिट्टी निकालकर जीविका चलता है। श्री प्रजापति ने उक्त ग्राम प्रधान प्रदीप मिश्रा पर यह आरोप लगाया है कि वे विगत कुछ दिनों से जेसीबी मशीन लगवाकर अपने निजी कार्य के लिए सैकड़ों ट्राली मिट्टी निकाला जा रहा है। जबकि कुम्हारी कला के लिए मिट्टी सभी तालाबों में नहीं मिलती।

उन्होंने जिलाधिकारी से यह मांग किया कि ग्राम प्रधान द्वारा जेसीबी से मिट्टी निकलवाने को रोका जाए व कुम्हार समाज को मिट्टी निकालने का आदेश दिया जाय। इस दौरान श्री शंभू दाश महाराज, बालक दास महाराज, वकील प्रसाद एडवोकेट, रुदल प्रजापति,विनोद प्रजापति, दिनेश प्रजापति, संजय प्रजापति, अनिल प्रजापति, मनोज प्रजापति एडवोकेट, राम आशीष प्रजापति, अवधेश प्रजापति एडवोकेट, गौतम गोविंद प्रजापति, अंबेसकर प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने गाउनरिया बाबू में शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक खेती के तरीके समझाए जाएंगे। विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू हुआ है। यह कई मामले में अहम है। पहली बार वैज्ञानिक गांव में जाएंगे। 12 जून तक चलने वाला अभियान विकसित भारत के अभियान की अवधारणा को पूरा करेगा। इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक खेती के तरीके समझाए जाएंगे। इससे किसानों के जीवन



में समृद्धि आएगी । 11 साल में पूरे देश में खेती में नवाचार हुआ है। एमएसपी तय हुई है। किसानों को अच्छे बीज मिल रहे हैं। लैब टू लैंड अभियान शुरू हुआ है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम देश की तस्वीर बदलेगा। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी प्रेम नारायण पासवान, सहायक निरीक्षक संजय कुमार पटेल, प्राविधिक सहायक श्रवण सिंह, ए टी एम मारकंडेश्वर पांडेय, वरिष्ठ सहायक मनीष कुमार चौधरी , प्रधान रामेंद्र पटेल, प्रधान ओम प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र लोहिया सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## गोरखपुर से नौतनवा के लिए वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू

**नौतनवा (महराजगंज)।** लम्बी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार गोरखपुर नौतनवा रूट पर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन 1 जून से शुरू हो गया। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। ट्रेन जब नौतनवा पहुंची तो बहुत सारे लोग ट्रेन को देखने के लिए दौड़ पड़े। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने पर नगरपालिका के चेयरमैन बृजेश मणि ने ड्राइवर का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उनके साथ कई सभासद भी मौजूद थे। लोगों का कहना था कि हम सरकार के इस कार्य से बहुत खुश हैं।अब हम यात्रियों को यात्रा करने में अच्छी सुविधा मिलेगी। बताते चलें कि नौतनवा रेलवे स्टेशन नेपाल सीमा से केवल आठ किलोमीटर दूर है। इसलिए यहां से नेपाल के यात्री भी बड़ी संख्या में ट्रेन से यात्रा करना चाहते हैं, क्योंकि ट्रेन की यात्रा बस से काफी सस्ती व आराम दायक होती है।

## सतरिख पुलिस का बड़ा खुलासा, मोबाइल चोर को दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद के तेजतर्रार एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में थाना सतरिख पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस टीम ने अभियुक्त को दर्जनों मोबाइलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अपने मतहातों केसाथ क्षेत्र का भृमण कर रहे थे कि तभी जफरपुर मोड़ के पास शातिर चोर सचिन कुमार यादव पुत्र प्रदीप कुमार निवासी मनेरा थाना सतरिख को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 14 कीपैड मोबाइल, 01 एंड्राइड मोबाइल (रेडमी), 20 ब्लूटूथ डिवाइस (नेकबैंड व एयरपॉड), 28 डिस्प्ले रिपेयरिंग कॉम्बो फोल्डर, 200 टेम्पर्ड ग्लास और चोरी में प्रयुक्त एक सब्बल बरामद किया, इसके अलावा अभियुक्त से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम कमरपुर सरैया में स्थित एक मोबाइल दुकान से यह चोरी की वारदात अंजाम दिया थी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था को मजबूती मिली है।

# खुनुवां में दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों ने समन्वयक बैठक कर समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इण्डो नेपाल बार्डर के अन्तर्गत पुलिस चौकी खुनुवा पर सोमवार को सीमा सुरक्षा व्यवस्था, नशीली पदार्थों की तस्करी ,मानव तस्करी को लेकर पुलिस चौकी परिसर खुनुवां में दोनों देश की सुरक्षा एजेंसियों ने समन्वयक बैठक कर समीक्षा किया। समन्वयक बैठक में सीमा चौकियों, एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) की तैनाती, निगरानी व्यवस्था एवं स्थानीय पुलिस के समन्वय की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने सीमा पार से होने वाली तस्करी, नशीली पदार्थों की तस्करी,/ नशीली दवाओं, मानव तस्करी, तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूसरे के सहयोग दिए जाने पर सहमति जताई।

बैठक का उद्देश्य सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना और संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाना था।

इस दौरान बैठक में नेपाल पुलिस चौकी मर्यादपुर से नारायण प्रसाद शर्मा, नेपाल सशस्त्र बल के वोट बहादुर पली, खुनुवां पुलिस चौकी प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी, एस एस बी इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीना मौजूद रहे।

## सपा जिला कार्यालय पर संगठन की समीक्षा बैठक आज

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को 11 बजे प्रदेश से आए पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संगठन समीक्षा बैठक होगी। समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी एवं पर्यवेक्षक उदय प्रकाश यादव होंगे। समाजवादी पार्टी के सभी विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सम्मानित नेता गढ़ जिला कार्य समिति के सभी पदाधिकारी तथा सभी पदेन सदस्य राष्ट्रीय / प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी सभी विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष तथा फ्रंटल संघटनों के सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने कमेटी के साथ समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से पहुंचकर जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सपा जिला कार्यालय पर संगठन की समीक्षा बैठक आज

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को 11 बजे प्रदेश से आए पर्यवेक्षक की मौजूदगी में सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में संगठन समीक्षा बैठक होगी।

समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी एवं पर्यवेक्षक उदय प्रकाश यादव होंगे।

समाजवादी पार्टी के सभी विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सम्मानित नेता गढ़ जिला कार्य समिति के सभी पदाधिकारी तथा सभी पदेन सदस्य राष्ट्रीय / प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी सभी विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्ष तथा फ्रंटल संघटनों के सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने कमेटी के साथ समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से पहुंचकर जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जिलाधिकारी ने निरालानगर व महादेवा के पोखरे का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने सोमवार को नगर क्षेत्र के निरालानगर वार्ड में स्थित पोखरा व विकास खण्ड मिठवल के महादेवा पोखरा का निरीक्षण किया। विकास खण्ड मिठवल के ग्राम पंचायत महदेवा में पोखरे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मिठवल को पोखरे का सुंदरीकरण के लिए स्टीमेट तैयार कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पोखरे के किनारे पाथ-वे, लाइटिंग, बेंच आदि की व्यवस्था स्टीमेट में शामिल किया जाय। नगर पालिका बांसी के मोहल्ला निरालानगर में स्थित पोखरे का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार को नगरीय झील, तालाब, पोखरा संरक्षण योजना के अन्तर्गत मोहल्ला निरालानगर में स्थित पोखरे का तीन माह में सुंदरीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाय । इसके पश्चात नगर पालिका बांसी के अम्बेडकर नगर वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वार्ड में सभी घरों में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खुली नालियों पर ढक्कन रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नगर पालिका चमन आरा राईन, एसडीएम शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध बताकर मस्जिद मदरसों पर कर रही कार्रवाई बंद करें सरकार : शमीम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सम्पूर्ण प्रदेश सहित जनपद सिद्धार्थनगर में मस्जिद मदरसों को अवैध बता कर बुल्डोजर चलाने वाली सरकार को केवल मस्जिद मदरसे ही क्यों दिखाई देता है अन्य किसी पर कार्यवाही क्यों नहीं करती है।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव सिध्दार्थनगर शमीम अहमद ने कहा कि भारत के संविधान में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने सभी धर्म के माननें वालों को अपने अपने धर्म के अनुसार धार्मिक स्थल बनाने का अधिकार दिया गया मगर

प्रदेश सरकार द्वारा केवल मस्जिद मदरसे को अवैध बता रही हैं सैकड़ों सालों से बनें मस्जिद मदरसों को अवैध बताकर धर्म विशेष को परेशान किया जाना उचित नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय में अनूचछेद 32 भारतीय संविधान के अनुसार याचिका दाखिल की गई है उक्त याचिका से बिना किसी विधिक अधिकार के प्रदेश भर में ग़ैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर जबरन कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। शमीम अहमद ने सर्वोच्च न्यायालय एवं विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा

जारी निर्देश को संज्ञान में लेते हुए मस्जिद मदरसों पर हो रही कार्रवाई पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# भावपूर्ण माहौल में शिक्षकों ने आयोजित किया खंड शिक्षा अधिकारी का विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार का स्थानांतरण शोहरतगढ़ ब्लॉक में होने के बाद एक विदाई समारोह आयोजित कर शिक्षको ने भाव पूर्ण माहौल में विदाई दी गई। कार्यक्रम में ब्लॉक संसाधन केंद्र के कर्मचारी व शिक्षकों द्वारा स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी। इस मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक नसीम अहमद ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में शिक्षकों को काफी प्रेरित किया। उनके मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व में कार्यों का संपादन बेहतर ढंग से हुआ। इस मौके पर अपने संबोधन में नफीस हैदर रिज़वी ने कहा कि एक अधिकारी को कुशल नेतृत्व और उनके व्यवहार के लिए हमेशा याद किया जाता है। उन्होंने खंड शिक्षा



अधिकारी के रूप में सभी शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि दायित्व के निर्वहन में सभी को साथ लेकर चलते रहे उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। अपने संबोधन में जीएच कादिर ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में उन्होंने बेहतर ढंग से कार्य किया है उन्होंने शालीनता के साथ शिक्षकों के बीच रहकर अपने दायित्व का निर्वहन किया है। कार्यक्रम को तिलकराम व श्रीश चंद्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सैयद नफीस हैदर रिज़वी ने किया। इस मौके पर एमआईएस प्रेम प्रकाश चौबे, अमित मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद, गणेश गौड़, पूनम मैडम, अहमद हुसैन फारूकी, अकमल हुसैन फारूकी, अहमद सईद, राम कुमार वर्मा, सत्यनारायण, अतहर मलिक, मोहम्मद सादिक,अमृतलाल, शकील अहमद, रियाज मेहंदी रिजवी, नफीस हैदर आदि लोग मौजूद रहे।

# बीएसए ने समर कैम्प में पहुंचकर बच्चों का बढ़ाया हौसला



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने उसका ब्लॉक के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सजनी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुरिहारी में चल रहे समर कैम्प में पहुंचकर बच्चों के संग खेल खेलकर उनका हौसला बढ़ाया किया। समर कैम्प में बच्चों को खेल खेल के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा का अवलोकन किया तथा समर कैम्प में अधिक से अधिक बच्चों के प्रतिभाग करने हेतु सभी को प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस समर कैम्प का मकसद खेल खेल के माध्यम से बच्चों के बुनियादी गणित के लिखने पढ़ने और समझने की दक्षताओं को मजबूत करना है। उन्होंने विज्ञान गणित के किट के अधिक से अधिक प्रयोग करने का सुझाव दिया।

उक्त अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, जिला समन्वयक अमित कुमार शुक्ला, आशीष कुमार मिश्र, प्रथम एजुकेशन संस्था के जिला समन्वयक संदीप पाठक, सूर्यभान सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अंतिम क्षण तक राष्ट्रहित में कार्य करते रहे स्वर्गीय राम रेखा यादव : श्याम धनी

- बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाई गई लोक तंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय राम रेखा यादव की पुण्य तिथि
- हिंदुत्व का अलख जगाने का कार्य किया है स्वर्गीय राम यादव ने : कन्हैया पासवान



**सिद्धार्थ नगर।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी/पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव की 12 वीं पुण्यतिथि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। सदर विधायक श्याम धनी राही,भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,जिला उपाध्याय दीपक मौर्य,श्याम सुंदर मित्तल,राम निवास यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राम रेखा यादव अपने जीवन के अंतिम क्षण तक हिंदुत्व,समाज के उत्थान व राष्ट्रहित में कार्य करते रहे,वे अन्याय व अत्याचार का पुरजोर विरोध करते रहे,उन्होंने सिद्धांतों के कभी समझौता नहीं किया।

सदर विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि स्वर्गीय राम रेखा यादव के योगदान का कभी भुलाया नहीं जा सकता। सदर विधायक श्यामधनी राही ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भाजपा को चरम सीमा पर पहुचाने वाले महान क्रांतिकारी नेता रहे स्वर्गीय रामरेखा यादव।आज पुण्यतिथि पर यह संकल्प ले रहे हैं कि उनकी सोच को आगे बढ़ाए यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हिंदुत्तव का परचम लहराने का कार्य स्व. श्री राम रेखा यादव ने किया था। आज उनके परिवार को सबल होकर साथ देने के लिए हम लोग इस पुण्यतिथि पर यहां आए हैं। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि स्वर्गीय राम रेखा यादव जितने सज्जन और सरल स्वभाव के थे,उन्होंने हिन्दुतत्व का अलख जगाने का कार्य किया, वैसे व्यक्तित्व के धनी आज के समय मे नहीं मिलते हैं। हम सभी लोग लगातार 12 वर्षो से इन महान व्यक्तित्व के पुण्यतिथि पर एकत्रित होते हैं। ओम प्रकाश यादव जी बधाई के पात्र हैं ऐसे पुत्र को भगवान और शक्ति दे।

पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामनिवास यादव ने कहा कि गरीबो के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्व. राम रेखा यादव के कार्यो को कभी भुलाया नही जा सकता, सभी को न्याय दिलाने में वो आगे रहते थे। हमसभी को उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। आज उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके सुपुत्रगण उनके सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं।कार्यक्रम के आयोजक स्वर्गीय राम रेखा यादव के बड़े सुपुत्र भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने कहा कि 1952 से हमारे पिता स्वर्गीय राम रेखा यादव संघ से जुड़े और समाज के उत्थान लिए घर परित्याग कर दिया। समाज और हिन्दुतत्व के लिए लगातार वे जनहित के कार्य करते रहे। गो हत्या,हिंदू उत्पीड़न की घटनाओं के विरुद्ध हमेशा लड़ाई लड़ते रहे,वे अन्याय व अत्याचार का पुरजोर विरोध करते रहे,लेकिन सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। आज मैं जो भी हूं उन्ही के बल पर खड़ा हूँ। हमारे असली भगवान हमारे मा बाप है। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय राम रेखा यादव के संघर्षो व उनके साथी रहे कई लोक तंत्र रक्षक सेनानियों को धार्मिक ग्रन्थ देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का

संचालक एडवोकेट राजेश यादव ने किया।श्रद्धांजलि सभा को जिला उपाध्यक्ष,दीपक मौर्या,श्याम सुंदर मित्तल, विश्वनाथ चौधरी, दयाराम यादव आदि लोगो ने संबोधित किया।इस अवसर पर,अरविंद उपाध्याय, दयाराम यादव, अनिल यादव, राजेन्द्र यादव, श्याम सुंदर मित्तल, एडवोकेट अनुज यादव, विनोद जायसवाल, लाल जी जायसवाल, कमलेश जायसवाल, रामशंकर उमर वैश्य, मिथलेस जायसवाल, शैलेंद्र मिश्रा, इनल यादव, विश्वनाथ चौधरी, हरिशंकर तिवारी, राम सिंह, प्रहलाद यादव, नंदकिशोर गुप्ता, प्रभुदयाल यादव, राम प्रसाद चौरसिया, राम भरोस, हंसराज , सुनील रामदयाल यादव, चंद्र प्रकाशधर द्विवेदी, रामबरन विश्वकर्मा, राजेन्द्र मोदनवाल, शिवकुमार मोदनवाल, अखिलेश पाण्डेय, निहाल, पंकज तिवारी,राम प्रसाद, दीपक चौरसिया, राजकुमार, विनोद मोदनवाल, पिंगल यादव, भगवान चौधरी, फूलचन्द्र यादव, अर्जुन, सत्यप्रकाश, आकाश मोदनवाल,वेद प्रकाश यादव,सहित लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## तालाब की भूमि को लेकर विवाद के समाधान हेतु प्रशासन सख्त

**बसखारी,अम्बेडकरनगर।** नगर क्षेत्र के पूर्वी-दक्षिणी छोर पर स्थित तालाब की भूमि को लेकर चल रहे विवाद के समाधान के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। सोमवार को नायब तहसीलदार टांडा अंबरीश सिंह और थानाप्रभारी बसखारी संत कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा तालाब की संयुक्त पैमाइश कराई गई। इस दौरान लेखपालों की टीम के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौके पर मौजूद रहे।

पैमाइश के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि तालाब की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अथवा मिट्टी पटाई अवैध है। टीम ने मौके पर ऐसी गतिविधियों को रोकते हुए संबंधित व्यक्तियों को सख्त चेतावनी दी। नायब तहसीलदार अंबरीश सिंह ने बताया कि तालाब का रकबा रिकॉर्ड के अनुसार पूर्ण रूप से सुरक्षित है और किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बार एसोसिएशन सभागार में संस्थापक सदस्य केजी सिंह की याद में शोकसभा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सभागार में संस्थापक सदस्य केजी सिंह (कृष्णगोपाल) की शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें श्री सिंह के चित्र पर बार के अधिवक्ताओं द्वारा पुष्पार्चन किया गया। स्व. सिंह को याद करते हुए जमील अहमद सिद्दीकी ने कहा कि आज हमने अपने अधिवक्ता समुदाय का हीरा खो दिया है, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बार की स्थापना के लिए श्री सिंह के योगदान पर विचार व्यक्त किया और कहा कि आज अधिवक्तागढण जिले में जिस सम्मान के साथ रहते हैं, उस सम्मान को दिलाने के लिए बाबू केजी सिंह ने बहुत मेहनत किया है। श्री सिंह एक मिलनसार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे व क्रिमिनल की प्रैक्टिस में प्रमुख योगदान देते थे और जब अधिवक्ता सम्मान की बात आती थी तो सर्वप्रथम वह बार के साथ खड़े रहते थे अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया, रमेश पांडे ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मेरा एक दाहिना हाथ कट गया है हर अच्छे बुरे समय में वह साथ देना जानते थे।

सभा का संचालन कृपाशंकर त्रिपाठी ने किया जिसमें संतोष, कृष्णा, प्रभाकर मिश्रा, गोपाल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ पीस कमेटी की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सोमवार को थाना सभागार भवन में आगामी बकरीद पर्व को लेकर एसडीएम राहुल सिंह व सीओ सुजीत कुमार राय की अध्यक्षता में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक बुलाई गयी। बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा पर विस्तार से चर्चा किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीओ सुजीत कुमार राय ने संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शोहरतगढ़ कस्बे को लेकर उच्च अधिकारियों ने कोई टिप्पड़ी नहीं की है, लेकिन फिर भी पर्व को लेकर सावधानी बरतने की जरुरत है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुभाष यादव से नमाज अदा करने एवं कुर्बानी स्थलों को चिन्हित कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजनें की बात कहीं है। साथ ही एसडीएम राहुल सिंह ने पर्व को लेकर कुर्बानी के बाद उसके अवशेष को उचित स्थान पर समधान करने हेतु ईओ शोहरतगढ़ को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही खुले स्थानों पर मीट न काटने और न ही उसका प्रयोग करने सम्बन्धी निर्देश दिए है। कहा कि चिन्हित स्थानों पर ही कुर्बानी दी जाय। सिंन्नी का बितरण खुले में न करें। कुर्बानी के बाद उसके निस्तारण की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाय। बिगत दिनों चर्चा में रहे सोसलमिडिया के फेसबुक वार से बचने की भी सलाह दी है। साथ ही कहा कि यदि कोई व्यक्ति सोसल मिडिया पर गलत भाषा की टिप्पड़ी करता है तो वह खुद उसका जिम्मेदार होगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में नमाज स्थल पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, विद्युत् व्यवस्था को बेहतर बनाने, उचित स्थानों पर पानी टैंकर की व्यवस्था बनाने की बात कहीं है। सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों एवं अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर सूचना पुलिस को दे। अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें व सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें।

## चारा काटने गये युवक को कोटेदार व पुत्रों द्वारा जानलेवा हमला

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** खेत में चारा काटने गए युवक को गांव के ही कोटेदार व उसके पुत्रों द्वारा युवक पर जानलेवा हमला करते हुए लहूलुहान कर दिया। जिससे पीड़ित को गंभीर चोटे आई। पीड़ित परिजनों ने विपक्षी के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग कि है। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगुराडिला का है। गांव निवासी जसवंत आकाश ने बताया कि गांव के एक खेत में जानवरों के चारे के लिए चार काटने गया था। इसी दौरान गांव के हो कोटेदार अशोक वर्मा आकर मां बहन की गाली देने लगा जब उसका विरोध करने लगा तो विपक्षी ने अपने पुत्र अखिलेश सहित अन्य परिजनों ने को बुला लिया और सभी लोगों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया । जिसमें दाहिना हाथ पूरी तरह से टूट गया जबकि पूरे शरीर पर गंभीर चोटे आई है। बुरी तरह से हो रही पिटाई से पीड़ित ने हल्ला गोहर शुरु कर दिया।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा कल्पनाशील कहानी

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** समर कैंप में बच्चों ने सीखा कल्पनाशील कहानी,भाषा वृक्ष बनाने का तरीका कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा में रविवार को समर कैंप के 12 वें दिन बच्चों ने कल्पनाशील कहानी,भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सिखा।बच्चों द्वारा निर्मित कल्पना शील कहानी और भाषा वृक्ष निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा व उनका उत्साह देखकर सभी हैरान रहे।समय कैम्प की रेस्पी के हिसाब से रविवार को नोडल शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह के नेतृत्व में बच्चों ने कल्पनाशील कहानी, भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सीखा। इस दौरान बच्चे पूरी तरह से उत्साहित दिखे।

समर कैंप में शिक्षक मोहन भारती ने कहा कि कल्पनाशील कहानियाँ वे कहानियाँ हैं जो पूरी तरह से कल्पना पर आधारित होती हैं। इनमें काल्पनिक पात्र, स्थान और घटनाएं होती हैं जो वास्तविकता से अलग होती हैं ये कहानियाँ हमें एक अलग दुनिया में ले जाती हैं जहां कुछ भी संभव है। कल्पनाशील कहानियाँ रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं और लेखकों को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भाषा वृक्ष जिसे व्याकरणिक वृक्ष भी कहा जाता है एक ग्राफिकल प्रतिनिधित्व है जो किसी भाषा में शब्दों के वाक्यविन्यास संरचना को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि कैसे नियम और शब्द एक साथ आते हैं जिससे पूरे वाक्य बनते हैं। भाषा वृक्ष को बनाने के लिए आप वाक्य को उसके छोटे हिस्सों में विभाजित करते हैं जैसे कि संज्ञा, क्रिया, विशेषण, आदि, और फिर उन्हें व्यवस्थित पेड़ के रूप में व्यवस्थित करते हैं। समर कैंप के प्रशिक्षक राकेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को योगा व व्यायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता

**जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ**

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 7 nag at Ward Purana Haiderganj, Kashmeeri Mohalla and Ambarganj | रु 176537.00 | रु 3600.00 | रू 200 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

पृ0सं0-20/EE-6/L.J.S./2025-26

दि0- 02-06-2025

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

# जीडीपी विकास दर के मायने



वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी, अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की आर्थिक विकास दर 7.4 फीसदी रही। बेशक यह कई अपेक्षाओं और अनुमानों से परे मानी जा सकती है, लेकिन यह अभूतपूर्व नहीं है। कुल वित्त वर्ष की विकास दर 6.5 फीसदी रही है, यह पुष्टि भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने की है। यदि वस्तुओं, सेवाओं और वेल्यू एडिड के तौर पर लगाए गए करों को हटा लिया जाए, तो चौथी तिमाही की विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी। विकास की गति दूसरी छमाही के दौरान तेजी से बढ़ी, अलबत्ता दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में विकास दर 5.6 फीसदी तक लुढ़क गई थी। समग्रता में देखें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 2024-25 के दौरान धीमी, मंद रही है, लिहाजा चौथी तिमाही के आंकड़ों पर गालबजाई नहीं करनी चाहिए। फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व की आर्थिक एजेंसियों ने 2024-25 के दौरान हमारी आर्थिक विकास दर 6.2 फीसदी से 6.4 फीसदी तक ही आंकी थी। यह दर भी विश्व में सबसे तेज अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग में, तेजी से गिरावट देखी गई है। 2024-25 के दौरान मार्च तिमाही में इस क्षेत्र में 4.8 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह वृद्धि 3.6 फीसदी थी, जबकि एक साल पहले यह दर 12.3 फीसदी थी। यह चिंताजनक फासला माना जा सकता है। बीते वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किए। मौसम माकूल रहा, जलाशयों में पानी भरा रहा, किसानों को उनकी फसलों के दाम अच्छे और ज्यादा मिले, लिहाजा किसानों ने फसलों की ज्यादा बुआई की। बड़े खेतों में फसल लगाई। नतीजा यह रहा कि चौथी तिमाही में कृषि विकास दर 5.4 फीसदी रही। पूरे वित्त वर्ष की कृषि विकास दर 4.6 फीसदी रही। यह लंबे समय तक की औसतन दर से अधिक है। यह बढ़ते ग्रामीण उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुखद व्याख्या करती है, लेकिन भारत के ज्यादातर किसान आज भी गरीब और कर्जदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस संदर्भ में अपना वायदा अब तो पूरा करें। इस तिमाही में निर्माण क्षेत्र में 10.8 फीसदी की दर से विस्तार हुआ, हालांकि एक साल पहले इस क्षेत्र की विकास दर 8.7 फीसदी थी। खनन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र और सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास दर्ज किया गया है। दरअसल 2023-24 में जीडीपी 9.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य निर्यात में गिरावट और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती का असर कुल अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है। विशेषज्ञों का यह भी आकलन है कि मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि घरेलू मांग, निवेश, बचत आदि में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में 26,632 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह किसी एक माह में सबसे बड़ा निवेश है। रिजर्व बैंक की ताजा रपट के मुताबिक, 2023-24 में घरेलू नेट वित्तीय बचत 5.1 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल 4.9 फीसदी थी। यह आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत के लिए सकारात्मक संकेत है। अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया है। 2025-26 में भी भारत की आर्थिक विकास दर 6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी तक रह सकती है। अर्थात भारत की आर्थिक शक्ति और भी बढ़ेगी और हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। व्यापार, होटल, परिवहन और संचार के साथ-साथ वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में विकास पहले की अपेक्षा धीमी गति से हुआ है। जीडीपी डाटा स्पष्ट करता है कि पिछले साल निजी खपत 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। हालांकि कुछ कंपनियों की व्याख्या भिन्न है। वे मानती हैं कि मांग में नरमी आई है और मध्य वर्ग सिकुड़ा है। वे निवेश से प्राप्त पूंजी की स्थिरता पर भी सवाल करती आई हैं, जबकि तिमाही का डाटा स्पष्ट करता है कि सकल सावधि पूंजी निर्माण 9.4 फीसदी की दर से बढ़ा है। गौरतलब यह है कि अप्रैल, 2025 में खुदरा महंगाई दर 3.16 फीसदी रही। यह बीते कई माह की सबसे कम महंगाई दर है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटना और निजी खपत बढ़ना भी सकारात्मक संकेत हैं। विश्लेषक यह भी मान रहे हैं कि आने वाली तिमाहियों में यह विकास दर कम भी हो सकती है।

**2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था।**

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।



डॉ. आशीष वशिष्ठ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में



नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाई, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है।

# रेखा सरकार के 100 दिनः उम्मीदों और चुनौतियों का सम्मिश्रण


**रेखा गुप्ता ने सरकार की कमान संभालते ही यमुना नदी की सफाई को प्राथमिकता दी। रेखा गुप्ता ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर वहाँ वृक्षारोपण और सफाई की शुरुआत की। यमुना के वसुदेव घाट पर उन्होंने कैबिनेट के साथ आरती की और नदी की सफाई को अपनी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता घोषित किया। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है।**

20 फरवरी 2025 को रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद 27 साल बाद दिल्ली में सत्ता परिवर्तन हुआ और रेखा गुप्ता को इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी का नेतृत्व करने का मौका मिला।रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पहली बार विधायक चुनी गई। हरियाणा के जींद में जन्मी और दिल्ली में पली-बढ़ीं रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर दिल्लीविश्वविद्यालय के छात्रसंघ की अध्यक्ष से शुरू हुआ। वह तीन बार दिल्ली नगर निगम की पार्षद और बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। उनकी नियुक्ति को भाजपा की महिला सशक्तिकरण की परिकल्पना को साधने की रणनीति के रूप में देखा गया। उन्होंने 100 दिन के कार्यकाल में अपनी सधी हुई शुरुआत से इसे साबित करके दिखाया है। न केवल दिल्ली की राजनीती में उन्होंने खुद को बेहतर ढंग से स्थापित करने की कोशिश की है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कार्यों से खुद को अग्रिम पंक्ति में खड़ी सीएम के तौर पर प्रस्तुत किया है।



हर्षवर्धन पान्डे

20 फरवरी 2025 को रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिसके बाद उनकी सरकार ने 30 मई 2025 को अपने 100 दिन पूरे किए। इस अवधि में भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली को विकसित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के वादे के साथ कई पहल शुरू की। सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मंजूरी दी। यह योजना दिल्लीवासियों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करती है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ी है। रेखा गुप्ता सरकार ने केंद्र की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू किया जिसे पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने रोके रखा था। इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जा रहा है, साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का टॉप-अप दिया जा रहा है। इसी प्रकार वयोवंदना योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के 6 लाख बुजुर्गों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया गया। यह कदम बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 100 दिन में दिल्ली की सेहत सुधारने के लिए 100 दिन की सेवा में 12826 करोड रुपए का बजट दिया गया। 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण की योजना शुरू की गई। सभी सरकारी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र बनाने का फैसला लिया गया। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, शिक्षकों की प्रशिक्षण प्रणाली को अपडेट करने और विद्यार्थियों के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का सुधार और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया गया है।



रेखा गुप्ता ने सरकार की कमान संभालते ही यमुना नदी की सफाई को प्राथमिकता दी। रेखा गुप्ता ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर वहाँ वृक्षारोपण और सफाई की शुरुआत की। यमुना के वसुदेव घाट पर उन्होंने कैबिनेट के साथ आरती की और नदी की सफाई को अपनी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता घोषित किया। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है। सरकार ने यमुना नदी को पुनर्जनन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के साथ एक एमओयू भी साइन किया जिसमें वजीराबाद बैराज से जगतपुर तक फेरी और क्रूज सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई गई। इसी के साथ 27 नए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को मंजूरी दी गई और एक समग्र अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया। यह दीर्घकालिक परियोजना है जिसके ठोस परिणाम अभी सामने नहीं आ पाए हैं। यमुना नदी की सफाई और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध जैसे कदम भी उनकी प्राथमिकताओं में हैं। हालांकि इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक योजना और संसाधनों की आवश्यकता होगी। रेखा गुप्ता ने मॉनसून से पहले दिल्ली के प्रमुख नालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सफाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने बाहरी रिंग रोड को गड्ढा-मुक्त करने का लक्ष्य भी रखा जो दिल्ली की बुनियादी ढांचे की समस्याओं को हल करने की दिशा में एक प्रयास है। यमुना की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण में प्रगति धीमी है और दिल्ली अभी भी सबसे प्रदूषित राजधानियों में अग्रणी है। सड़कों की स्थिति सुधारने, ट्रैफिक जाम को कम करने और सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं।

दिल्ली में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक मशीनें मंगवाकर सीवर और नालों की सफाई शुरू की जिससे मिंटो ब्रिज जैसे क्षेत्रों में सुधार हुआ और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। शालीमार बाग में आयुर्वेदिक झुग्गी में सीवेज प्लांट की समस्या हल हुई वहीँ हैदरपुर गांव में नई नाली बनाई गई और मैक्स अस्पताल के पास खुले नाले को 34 लाख रुपये की लागत से ढका गया। ये कदम जल निकासी और स्वच्छता में सुधार ला रहे हैं लेकिन पूरी दिल्ली की तस्वीर बदलने में अभी लम्बा समय लगेगा। मई 2025 में दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 तक पहुंच गया, जो मई के महीने में अभूतपूर्व था। प्रदूषण के निवारण के लिए अभी दिल्ली को किसी दीर्घकालिक योजना की दरकार है। 100 दिवस के कार्यकाल में 16 लाख मीट्रिक टन गाद यमुना से हटाई गई और 804 करोड़ की लागत से आठ अमृत परियोजनाओं को मंजूरी सरकार के द्वारा दी गई। यमुना की सफाई के लिए 40 एसटीपी मंजूर किये गए। 1167 जीपीएस टैंकर चलकर दिल्ली के टैंकर माफिया के खिलाफ बड़ा प्रहार किया गया। दिल्ली में आम जान से सुझाव मांगे और 1 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट सरकार द्वारा पेश किया गया। मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकार ने 30 हजार तक अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला किया है। आगामी तीन वर्षों में 2. 3 लाख घरों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने का संकल्प लिया है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में सरकार ने 75 सीएम श्री स्कूल शुरू करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 1 लाख 63 हजार बच्चों को फ्री नीट और जेईई की कोचिंग की सुविधा सरकार द्वार दी गई। सरकार का वर्तमान में फोकस स्कूलों और नगर निगम के पुस्तकालयों को डिजिटल करने का है। सार्वजनिक परिवहन को दुरुस्त करने के लिए सरकार ने 460 इलेक्ट्रानिक बसें चलाई। इस साल के अंत तक शहर में 4,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि झुग्गियों को तोड़ा नहीं जाएगा, बल्कि वहां पेयजल, सीवर पाइपलाइन और शौचालय जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। यह नीति झुग्गीवासियों के लिए राहत लेकर आई जो पहले वोट बैंक के रूप में देखे जाते थे और तोड़े जाने के डर से जूझते थे।

## आवासीय क्षेत्रों में अत्यधिक वाहन शोर युवा वयस्कों में मोटापे का एक प्रमुख कारण

ध्वनि प्रदूषण और मोटापा पहली बार में असंबंधित लग सकता है, लेकिन बढ़ते शोध से पता चलता है कि पर्यावरणीय शोर के दीर्घकालिक संपर्क में कई तंत्रों के माध्यम से वजन बढ़ने और मोटापे में योगदान हो सकता है :-



डॉ. प्रशांत शुक्ला

**नींद में व्यवधान**

**तंत्र :** शोर - विशेष रूप से रात के समय यातायात या शहरी ध्वनि - नींद के पैटर्न को परेशान कर सकता है, नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है, या अनिद्रा का कारण बन सकता है।

**प्रभाव :** ख़राब नींद घ्रेलिन (भूख बढ़ाती है) और लेप्टिन (तृप्ति को कम करती है) जैसे हार्मोन को प्रभावित करती है, जिससे कैलोरी का सेवन बढ़ जाता है और वजन बढ़ता है।

**तनाव और हार्मोनल असंतुलन**

**तंत्र :** लगातार शोर एक तनाव के रूप में कार्य करता है, हाइपोथैलेमिक-पिट्यूटरी-एड्रेनल (एचपीए) अक्ष को सक्रिय करता है और कोर्टिसोल के स्तर को बढ़ाता है।

**प्रभाव :** दीर्घकालिक तनाव और ऊंचा कोर्टिसोल पेट की वसा संचय और उच्च कैलोरी, उच्च चीनी खाद्य पदार्थों की लालसा से जुड़ा हुआ है।

**कम शारीरिक गतिविधि**

**तंत्र :** शोर वाले क्षेत्रों (राजमार्गों, हवाई अड्डों आदि के पास) में रहने वाले लोग असुविधा या सुरक्षा चिंताओं के कारण बाहरी गतिविधियों या व्यायाम से बच सकते हैं।

**प्रभाव :** कम शारीरिक गतिविधि का स्तर सीधे वजन बढ़ाने में योगदान देता है।

**मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव**

ध्वनि प्रदूषण चिंता और अवसाद से जुड़ा हुआ है, जो बदले में भावनात्मक भोजन और गतिहीन व्यवहार को जन्म दे सकता है, जो दोनों मोटापे के लिए जोखिम कारक हैं।

**सहायक साक्ष्य :** शहरी यूरोपीय आबादी में किए गए अध्ययनों ने उच्च आवासीय शोर स्तर और बढ़े हुए बीएमआई के बीच एक संबंध दिखाया है। डब्ल्यूएचओ ने ध्वनि प्रदूषण को ग़ैर-संचारी रोगों में योगदान देने वाले कारक के रूप में मान्यता दी है, जिसमें चयापचय स्वास्थ्य से संबंधित भी शामिल हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम पर राजनीति

**सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ख़ास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस एमकेवीए फ़ाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फ़रवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी।**

पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों ख़ासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औक़ात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल ज़रूर उठाये जा रहे हैं। ख़ासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं।उधर भारत की तरफ़ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य ज़िम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।



तनवीर जाफ़री

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ख़ास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस एमकेवीए फ़ाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फ़रवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस एमके 2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल ने रक्षा ख़रीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का ज़िक्र किया और साफ़ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज़ आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ एएमसीए फ़ाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तख़त करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ़



मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेज़ी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर ज़ोर दे रही है।

दूसरी तरफ़ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फ़ायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 फीसदी पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हज़ार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज़्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद ख़ाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25त्न अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को ÷सेवा निधि पैकेज÷ के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर ज़ोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य ज़रूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 फीसदी की कमी देखी गई।

# मन में बदले का भाव न रखें : राज्यपाल

अवधनामा संवाददाता



■ राज्यपाल ने किया महिला बैरक का निरीक्षण व आँगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण

**हरदोई।** अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज राज्यपाल आनंदीबेन पटेलहरदोई पहुँचीं। लखनऊ से वह हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन ग्राउंड पहुँचीं जहाँ राज्यमंत्री रजनी तिवारी, विधायक सवायजपुर माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, विधायक संडीला अलका सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। यहाँ से राज्यपाल जिला कारागार पहुँचीं। यहाँ उन्होंने नव स्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर उदघाटन किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला कैदियों से खाने की गुणवत्ता व अन्यथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वाटर कूलर से ठंडा पानी पियें। पानी को बिल्कुल बर्बाद न करें। उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र में सिलाई प्रशिक्षण को देखा। उन्होंने बैरक के अस्पताल को देखा। इसके पश्चात उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों की शिक्षा हेतु स्मार्ट क्लास की व्यवस्था देखी। तत्पश्चात उन्होंने परिसर में महिला बंदियों व माध्यमिक विद्यालयों की बच्चियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनुशासन सीखना चाहिए। उन्होंने जेल में आधुनिक व जैविक खेती की सराहना की। उन्होंने बच्चियों से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन प्रेषित करने को कहा। उन्होंने बंदियों से कहा कि मन में बदले का भाव न रखें। आगे एक अच्छा जीवन बिताएं। विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने महिला कैदियों व उनके बच्चों को उपहार दिए। राज्यपाल द्वारा जेल अधीक्षक को कुछ पुस्तके भेंट की गयीं। जिलाधिकारी अनुनय झा ने राज्यपाल का आभार जताते हुए कहा कि सभी लोग विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने के बाद 9 से 14 वर्ष तक की सभी बच्चियों का एचपीवी टीकाकरण करा लिया जाएगा। जिला कारागार से राज्यपाल स्टेटस क्लब पहुँचीं। यहाँ उन्होंने विभिन्न विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्टेटस क्लब हॉल के अंदर कार्यक्रम के प्रारम्भ से पूर्व राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, विधायक संडीला अलका सिंह अर्कवंशी, जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत सिंह बब्बन व अन्य जन प्रतिनिधियों ने राज्यपाल का पुष्प देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद के आँगनबाड़ी केंद्रों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिशुओं, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जनपद के आँगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर एक वीडियो क्लिप भी दिखाई गयी।कार्यक्रम की शुरुआत आँगनबाड़ी केन्द्र फर्दापुर की बच्चियों ने सरस्वती वंदना के साथ की। इस बाद पाँच वर्ष के धैर्य ने शिवतांडव स्त्रोत सुनाकर राज्यपाल को प्रभावित किया। राधा नगर आँगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने देश भक्ति आधारित गीत पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय सनफरा के बच्चों का प्रदर्शन देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। प्राथमिक विद्यालय फिरोजापुर की बच्चियों ने जिस प्रकार गाने के माध्यम से व्याकरण समझाई उसने सभी को प्रभावित किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने बच्चों को गिफ्ट पैक भेंट किया। महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एक छात्रा निष्ठा शुक्ला ने विकसित भारत पर आधारित ओजपूर्ण भाषण देकर सभी को बांधे रखा। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। आँगनबाड़ी केंद्र से लेकर उच्च शिक्षा तक एक सततता होनी चाहिए जिससे विकसित भारत का सपना साकार हो सके।

हमारे देश व प्रदेश में इस दिशा में कार्य हो रहा है।महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा लिंगानुपात को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए। बेटी को बचाने के लिए कार्य होना चाहिए।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दो घायल

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पनवाड़ी ननौरा मार्ग पर ग्राम मुढारी के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए, दुघटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया, और शव का पंचनामास भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के थाना गढी मलहरा के ग्राम मलका निवासी सतीश अहिरवार (24) पुत्र घासीराम अपने दो साथियों के साथ ग्राम महोबकंठ के पास एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहा था। रविवार की रात को ग्राम मुढारी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया, और उसने बाइक सवारों को जोर दार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सतीश अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी शैलेंद्र (23) मुन्ना (26) घायल हो गए।



■ शादी समारोह में जाते समय रास्ते मे हुआ हादसा

दुर्घटना के बाद चीख पुकार मंच गई, शोर शराबा सुन कर आस पास के लोग दौड़ पड़े, तभी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पुलिस ट्रैक्टर चालक का सुराग लगाने में भी जुटी है, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग सका। मृतक की मौत से उसके घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।

# बांके बिहारी कॉरिडोर पर जिला प्रशासन कर रहा संवाद

अवधनामा संवाददाता

■ कमिश्नर, डीआईजी बोले कॉरिडोर समय की मांग

**वृन्दावन (मथुरा)।** बांके बिहारी की नगरी वृन्दावन में सरकार द्वारा ठाकुर बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण का प्रयास किया जा रहा है, सरकार द्वारा बजट में धन आवंटन के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट से भी रास्ता साफ हो गया धीरे धीरे सरकार अपने अगले कदम की ओर बढ़ रही है तो वहीं बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर वृन्दावन में कुछ लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है, लगातार मंदिर सेवायतों का एक धड़ा विरोध के स्वर मुखर कर सरकार को सीधे चुनौती तक दे रहा है, सुप्रीम कोर्ट में सरकार द्वारा बिहारी जी के कोश के प्रयोग को कोरिडोर निर्माण कार्य में लगाए जाने के आदेश पर पुनर्विचार याचिका भी दायर की जा चुकी है । सरकार ने अपनी ओर से मंदिर को न्यास घोषित कर आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी, जिसपर कुछ सेवायत ठाकुर बांके बिहारी की प्रतिमा को ले जाने का भी दंभ सोशल मीडिया पर भर रहे है पर सरकार सभी बातों को दरकिनार कर आपसी सामंजस्य के तहत कार्य को आगे बढ़ाने के प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। सरकारी अधिकारियों ने लगातार मंदिर कॉरिडोर के मामले में जनता, सेवायत और दुकानदारों से संपर्क स्थापित कर सभी पहलुओं पर वार्ता करने का आश्वासन दे रही है। रविवार को सरकारी अधिकारियों ने जाकर गोस्वामी समाज के लोगों से वार्ता की तो आज सोमवार को भी वृन्दावन के अलग अलग क्षेत्रों से लोगों को बुलाकर मंथन किया । इस मीटिंग के माध्यम से सरकारी अधिकारियों ने लोगों को अवगत कराया कि कॉरिडोर समय की मांग है।

## 18 वर्षीय बेटी घर से लापता

**बिलग्राम हरदोई।** जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति की 18 वर्षीय बेटी 27 मई 2025 को दोपहर करीब 2 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों के अनुसार, किशोरी अपने साथ मोबाइल फोन ले गई है। घटना के बाद परिवार ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परेशान पिता ने बिलग्राम कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी की गुमशुदगी की जानकारी दी और पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

बिलग्राम कोतवाली के प्रभारी राकेश यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने किशोरी की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही किशोरी को ढूंढकर सुरक्षित परिवार को सौंप दिया जाएगा। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता बनी हुई है।

# कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग

अवधनामा संवाददाता



■ आग पर काबू पाने में फायर बिग्रेड को करनी पड़ी 6 घंटे मशक्कत

**मथुरा।** मथुरा की शहर कोतवाली इलाके की कृष्णा नगर चौकी अंतर्गत हाइवे प्लाजा के पास बने एक कबाड़ गोदाम में अचानक आग की लपट उठने लगी, आग की लपटों को तकरीबन आधा किलोमीटर की दूरी से साफ देखा जा सकता था आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

रविवार की रात लगभग दो बजे अचानक गोदाम से आग की लपटों को देख आसपास के लोगों में खलबली मच गई तत्काल इसकी सूचना इलाका पुलिस और दमकल विभाग को दी गई जिस पर दोनों विभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच गए दमकल विभाग की टीम अपने साथ फायर टैंडर साथ लाई जिससे तत्काल आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया , बताया गया कि आग शार्टसर्किट होने के कारण हुई ।

हाइवे प्लाजा के पीछे राधिका विहार में रघुनाथ का गत्ते, और प्लास्टिक का गोदाम था, अचानक रात दो बजे गोदाम से धुआं उठता दिखाई दिया धीरे धीरे उठने बाला धुआं आग की लपटों में तब्दील हो गया , गोदाम में गत्ते के साथ प्लास्टिक भरा होने के कारण दमकल विभाग को आग पर काबू पाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ गई ।

आग का रौद्र रुप देख कर फायर बिग्रेड को दमकल की 5 गाड़ियों को बुलाना पड़ा, इसके अलावा 3 टैंकर समाजसेवी संस्था के भी लग गए तब जाकर आग पर काबू पाया गया प्रशासन को ऐसे कवाड़ गोदाम संचालकों को आगाह करना चाहिए कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए अग्नि शमन यंत्रों का पुख्ता इंतजाम अपने पास भी किया करें। जिससे शुरुवाती समय में ही आग पर काबू पाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिवसीय दौरे पर सांसद हेमामलिनी



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद की सांसद हेमामालिनी अपने चार दिवसीय दौरे पर आज शाम मथुरा आ जाएंगी। सांसद प्रतिनधि जनार्दन शर्मा के अनुसार 2 जून की सांय वह अपने ओमेक्स स्थित आवास पर आ जाएंगी। मंगलवार 3 जून को अपने आवास पर आम नागरिकों से भेंट करेंगी। इसी दिवस सांय 5 गोवर्धन में होने वाली जिला प्रशासन की मुड़िया मेला बैठक में शिरकत करेंगी। बुधवार 4 जून को प्रातः 11 बजे मांट के पौराणिक स्थल वंशीवट में भ्रमण रहेगा। गुरूवार 5 जून को पूर्वान्ह11 बजे बकरी अनुसंधान केंद्र मखदूम फरह द्वारा दीन दयाल धाम सभागार फरह में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान में मुख्य अथिति के तौर पर शामिल होंगी।

### बरसात से पूर्व ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई अभियान शुरू



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बरसात से पहले ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई का अभियान शुरू किया ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने जेसीबी मशीनों का उपयोग करके नालों को साफ करवाया और यह सुनिश्चित किया कि बारिश का पानी आसानी से निकल सके।

सौंख क्षेत्र के ग्राम पंचायत फोंडर के नगला वर में नालों की सफाई अभियान का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के प्रतिनिधि उनके बड़े भाई देवी सिंह (डीएम) ने किया। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने पर बहुत अधिक समय नहीं है। हर साल सौंख गोवर्धन इलाकों में जलभराव होता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज इस अभियान की शुरूआत जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई के साथ किया गया है, आगामी समय सभी नालों की सफाई करवा दी जाएगी। आज फोंडर गांव से नगला वर तक के नालों की सफाई जेसीबी से की गई है। इस दौरान नालों की सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर महावीर नेताजी, राकेश प्रधान, पुष्पेन्द्र मास्टरजी, होरीलाल आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवती ने जहर खाकर दी जान

**महोबा।** थाना अजनर के ग्राम टिकरिया में एक युवती ने घर पर जहर खा लिया, हालत बिगड़ने पर उसने जहर खाने की बात बताई। गंभीर हालत देख जीजा आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गया, जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली चरखारी के ग्राम बैहारी निवासी सोहनलाल की 22 वर्षीय बेटी गर्मी की छुट्टियों में थाना अजनर के ग्राम टिकरिया अपने जीजा देवेंद्र राजपूत के यहां गई थी। कुछ दिन रहने के बाद उसने जीजा के घर पर ही जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। जवान बेटी की मौत से माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

# जेईई एडवान्स में चमके सीएमएस के मेधावी, सर्वाधिक 40 छात्र चयनित

अवधनामा संवाददाता



■ प्रहर्ष चतुर्वेदी की ऑल इण्डिया रैंक 1589

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने जे.ई.ई. एडवान्स परीक्षाफल में एक बार फिर से अपने मेधात्व का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। आज घोषित हुए जे.ई.ई. एडवान्स परीक्षाफल में सी.एम.एस. के सर्वाधिक 40 छात्र चयनित हुए हैं जबकि सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र प्रहर्ष चतुर्वेदी ने ऑल इण्डिया 1589 रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। यह जानकारी आज यहाँ सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने पत्रकारों को दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रो. किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सी.एम.एस. शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रो. किंगडन ने कहा कि यह उपलब्धि सी.एम.एस. शिक्षकों व छात्रों के परिश्रम व लगन का प्रतिफल है।

प्रेस कान्फ्रेन्स में प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 8 छात्रों ने 5000 से नीचे ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है जबकि 15 छात्रों ने 10,000 से कम ऑल इण्डिया रैंक अर्जित की है। प्रो. किंगडन ने बताया कि इस वर्ष देश भर से 1,91,386 छात्र जेईई एडवांस की प्रतिष्ठित परीक्षा में बैठे, जिनमें सी.एम.एस. के सर्वाधिक 31 छात्रों ने 25,000 से नीचे की ऑल इण्डिया रैंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं और देश के टॉप इंजीनियरिंग कालेजों में अपनी स्थान सुनिश्चित कर लिया है। अब ये मेधावी छात्र आई.आई.टी. दिल्ली, आई.आई.टी. मुंबई, आई.आई.टी. रूड़की, आई.आई.टी. खड्गपुर जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करके सुनहरे भविष्य के सपने को साकार करेंगे।

## कुलपति ने प्राचार्यों की बैठक कों संबोधित किया

**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में नवगठित गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने जनपद संभल के समस्त अनुदानित ,राजकीय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित किया। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय में नए सत्र में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं का निराकरण था। प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जाएगी इस संबंध में जो भी समस्याएं आ रही हैं उनके लिए समस्त महाविद्यालय एक हेल्प डेस्क अवश्य बनाएं तथा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सरल बनाएं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। यूजीसी से मान्यता मिलने के बाद 26 में 2025 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# जवाहर बाग कांड : जाबाज सूरमाओं को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** समाजवादी सरकार के कालखंड में मथुरा में हुआ चर्चित कांड आज तक मथुरा के लोगों के दिलों से नहीं भुलाया जा रहा जिसने भी वो मंजर अपनी आंखों से देख उसे कई रातों तक नींद नहीं आई उस भयानक कांड में पुलिस प्रशासन ने अपने दो जाबाज सूरमाओं की शहादत देकर उस आतंक का सफाया किया। मथुरा के जवाहर बाग में रामबृक्ष यादव द्वारा दो दिन का सत्याग्रह करने के नाम पर डेरा जमाया धीरे धीरे उसके गुर्गो का आतंक उस क्षेत्र में बढ़ने लगा प्रशासन से जवाहर बाग को खाली कराने की लोगों ने अपील की पर समाजवादी पार्टी की सरकार होने के कारण लोगों की एक ना चली मामला हाई कोर्ट तक पहुंचा कोर्ट ने सख्त आदेश जारी कर जवाहर बाग को खाली कराने का आदेश पारित कर दिया, जिस पर प्रशासन द्वारा जवाहर बाग को खाली कराने की तैयारी की। उसके बाद सीओ सिटी मुकुल द्विवेदी स्थिति का जायजा लेने के लिए मय फोर्स के जवाहर बाग पहुंचे इसी दौरान रामबृक्ष के गुर्गो ने अचानक पुलिस टीम पर हमला कर दिया जिसमें पुलिस टीम के जांबाज सुरमा एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी और इंस्पेक्टर संतोष यादव शहीद हो गए पुलिस ने अपने अधिकारियों की मौत की खबर सुन पूरे जवाहर बाग को घेर लिया फिर वहां जो मंजर हुआ उसे आज तक भुलाया नहीं जा सका इस पूरे घटना क्रम में पुलिस के चालीस से अधिक जवान घायल हुए और 27 लोगों की जान गई।

# मथुरा पुलिस की हिस्ट्रीशीटर बदमाश से हुई मुठभेड़



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना जैत इलाके में पुलिस की हिस्ट्रीशीटर बदमाश से मुठभेड़ हुई, मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके चलते वह घायल हो गया पुलिस टीम द्वारा घायल अवस्था में पकड़े गए बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, घायल बदमाश दिल्ली के गोविन्द पुरी क्षेत्र में नाबालिक लड़की के बलात्कार का आरोपी बताया गया।

पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना गोविंद नगर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश अंकुर भारद्वाज उर्फ अंकुर पंडित गोवर्धन से नेशनल हाईवे की ओर आ रहा है, सूचना मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव हो गई और छटीकरा रेलवे पुल और राधाकुंड रोड पर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया इसी दौरान अंकुर पंडित अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आता दिखाई दिया। राधाकुंड मार्ग से आते हुए अंकुर पंडित ने जब पुलिस टीम को तलाशी लेते देखा तो घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया जिस पर अंकुर पंडित द्वारा पुलिस टीम पर फायर ठोक दिए पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की जिसमें एक गोली अंकुर पंडित के पैर में जा लगी जिसके कारण वह घायल हो गया,घायल अवस्था में पुलिस ने अंकुर पंडित को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया ।

## पुलिस कार्यालय एवं शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया

**संभल।** पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद मुनिराज जी के द्वारा पुलिस कार्यालय बहजोई जनपद सम्भल में गार्द की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय एवं शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं वाचक कार्यालय, पत्र व्यवहार शाखा, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ एवं विशेष जांच प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया गया तथा जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। शाखाओं के निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टर्स/अभिलेखों का अवलोकन कर उनके व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

# शासन की निराश्रित लोगों के लिए पेंशन योजना को शिविरों का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जनपद मथुरा में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन एवं कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिमअंग राहायक उपकरण/ दिव्यांग बच्चों एवं छात्र-छात्राओं का चिन्हाकन, निराश्रित महिला पेंशन, फैमिली आई0डी0 के अन्तर्गत नवीन लाभार्थियों का चयन किया जाना है। नवीन आवेदन किये जाने हेतु समस्त विकास खण्ड में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पंचायतों में शिविर, कैम्प लगाते हुये नियमानुसार उक्त योजनावार लाभार्थियों के नवीन आवेदन, चिन्हांकन किये जाने है।

समस्त विकास खण्ड में पेंशन के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पंचायतों में शिविर, कैम्प के माध्यम से समस्त पेंशनों के लिये नवीन लाभार्थियों का चयन / चिन्हांकन किया जाना है। इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु दिनांक 05.06.2025 से दिनांक 16.07.2025 तक समय प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक शिविर, कैम्प के माध्यम से की जानी है। इस कार्य के लिये समस्त खण्ड विकास अधिकारी निर्धारित तिथि एवं समय पर पंचायतों में पंचायत घरों, सचिवालयों में लगने वाले शिविर में आवश्यकतानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

जनपद मथुरा के समस्त विकास खण्ड में निवासरत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन एवं कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिमअंग सहायक उपकरण, दिव्यांग बच्चों एवं छात्र-छात्राओं का चिन्हाकन, निराश्रित महिला पेंशन, फैमिली आई0डी0 के अन्तर्गत नवीन आवेदन किये जाने हेतु सम्बन्धित योजनावार निम्नलिखित अभिलेखों की आवश्यकता है- वृद्धावस्था पेंशन योजना- आधार कार्ड (अपडेट), बैंक की पासबुक, फोटो, तहसील स्तर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र (ग्रामीण क्षेत्र में वार्षिक-46080/- रू0 तक या उससे से कम)। निराश्रित महिला पेंशन- आधार कार्ड (अपडेट), बैंक की पासबुक, आय प्रमाण-पत्र (ग्रामीण क्षेत्र में वार्षिक - 200000 /- रू0 तक या उससे से कम), फोटो, मृत्यु प्रमाण-पत्र।

# सीडीओ ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

## जीरो पॉवर्टी अभियान

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना जी द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओ मे लक्षित परिवारो को लाभान्वित किये जाने की दिशा मे योजनावार प्रगति की समीक्षा की गई जिसमे नोडल अधिकारी जन आरोग्य चिकित्सा एंव परिवार, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, उप निदेशक कृषि एंव प्रधानाचार्य आईटीआई के प्रतिनिधि एंव समस्त खण्ड विकास अधिकारियो द्वारा जूम के माध्यम से सम्मिलित हुये। समीक्षा मे पाया गया कि जनपद मे राशन कार्ड, दिव्यांगजन पेंशन, ग्रामीण आवास, निराश्रित महिला पेंशन आदि योजनाओ मे लक्षित परिवारो का सत्यापन पूर्ण कर पात्र पाये गये परिवारो का यथावश्यक आवेदन/ रजिस्टेशन आदि कार्य पूर्ण कर लिया गया है। राशन कार्ड से समस्त 1609 परिवार आच्छादित कर लिये गये है तथा आयुष्मान कार्ड का लक्ष्य भी पूर्ण कर लिया गया है जो 2113 का है।

वद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि,श्रमकार्ड एंव कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सत्यापन तथा लाभान्वित किये जाने की प्रगति धीमी है, वृद्धावस्था पेंशन के सम्बन्ध मे जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि धीमी प्रगति का कारण काफी परिवारो के पास आय प्रमाण पत्र न होने एंव आधार तथा मोबाइल नम्बर का लिंक न होना है। जिसके सम्बन्ध मे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि ऐंसे समस्त परिवारो की सूची उनके आय प्रमाण पत्र आवेदन के क्रमांक सहित तैयार करें तथा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियो से सम्पर्क कर आय प्रमाण पत्र जारी कराये।

अवधनामा



# पुलिस टीम ने बैंक का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

■ निरीक्षण दौरान बैंक के अंदर बाहर घूम रहे ग्राहकों से पूछ ताछ कर बाहर निकाला

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप कुमार के निर्देशन पर सोमवार को पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों की बैंकों व वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। पुलिस ने बैंकों के अंदर बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए चेतावनी दी। वहीं बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को भी परखा साथ ही सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

पुलिस बल ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों से पूछताछ कर वहां से हटाया गया। बैंकों में लेनदेन व अन्य कार्य से आए लोगों की भीड़ को महिला व पुरुष को अलग अलग कतारबद्ध करते हुए नंबर से कार्य के लिए एक एक बैंक धारक को खड़ा कराया। पुलिस टीम ने बैंक के सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म व अन्य सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा और शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता भी की गयी, इसके अलावा ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान बैंक प्रबंधक से भी बातचीत की गई और बैंक के अलार्म को 24 घंटे दुरुस्त रखने को कहा गया। पुलिस को बैंक में देख कर फालतू घूम रहे लोग चुपके से बैंक से खिसक गए। बैंकों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों को साइड में लगवाया गया, जिससे बैंक आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर पुलिस टीम द्वारा बैंक में आए लोगों से संवाद करते हुए उनको धोखाधड़ी जालसाजी व ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

## मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, साथी घायल

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब उनकी स्कूटी अचानक सड़क पर आए एक बंदर से टकरा गई, जिससे दोनों अनियंत्रित होकर गिर पड़े। घटना में सुलभ 40 पृथ्वी खेड़ा गांव बारासगवर अपने साथी मिथलेश मिश्रा के साथ स्कूटी से किसी काम से धानीखेड़ा जा रहे थे। जैसे ही वे बारासगवर थाना क्षेत्र में एक मार्ग पर पहुंचे, अचानक एक बंदर उनकी स्कूटी के सामने आ गया। जब तक वे कुछ समझ पाते, स्कूटी बंदर से टकरा गई। इस टक्कर से दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सुलभ के सिर में गंभीर चोटें आई, जिसके चलते उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके साथी मिथलेश मिश्रा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को उठाया और मिथलेश मिश्रा को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक सुलभ गांव में एक जिम्मेदार और सामाजिक व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।

# शिक्षक विद्यार्थियों को करा रहे योगाभ्यास

■ पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में योगाभ्यास दौरान योगा के बताए लाभ

**अवधनामा संवाददाता**



**जैतपुर महोबा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में गर्मी की छुट्टी में योगा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिससे छात्र छात्राएं छुट्टियों का लाभ उठाते हुए स्वस्थ्य व सेहतमंद रहकर योगा कला सीख सके। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए प्राणायाम, अनुलोम कपालभाती सहित अन्य मुद्राएं कराई जा रही हैं साथ ही योगा के लाभ से भी रुबरू कराया जा रहा है। छात्रों को योगा के गुर सिखाने के बाद उनसे पहले अपने परिवाजनों और उसके बाद में गांव वालों को योग कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। गर्मी की छुट्टी में योग के प्रति उत्सुक छात्रों को स्वस्थ्य रहने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में योग की विभिन्न आसनो का विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया। विद्यालय के अध्यापक दिनेश, नेतराम, रविंदरपाल, अखिलेश ने छात्र छात्राओं को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती सहित अन्य योग मुद्राओं का अभ्यास कराया। योगाभ्यास कर रहे छात्रों में खासा उत्साह नजर आ रहा था। शिक्षकों ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, जिसमें हृदय संबंधी स्वास्थ्य में वृद्धि, मांसपेशियों की ताकत में सुधार और रक्तचाप का सामान्य होना शामिल है साथ ही योग तनाव के लिए एक प्रसिद्ध मारक है और बेहतर नींद पैटर्न को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि योग के सौ से ज़्यादा अलग अलग प्रकार हैं, लेकिन ज़्यादातर तीन मुख्य तत्वों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिसमें सांस लेने के व्यायाम, ध्यान, और ऐसे आसन करना जो विभिन्न मांसपेशी समूहों को खींचते और लचीला बनाते हैं। बताया कि जब नियमित रूप से अपनी हृदय गति को एरोबिक रेंज में लाते हैं, तो आपको दिल का दौरा पड़ने का जोखिम कम हो जाता है। हालांकि सभी योग एरोबिक नहीं होते हैंए लेकिन अगर आप इसे ज़ोरदार तरीके से करते हैं या कुछ खास क्लास ;जैसे अष्टांगद्ध लेते हैं, तो यह आपकी हृदय गति को एरोबिक रेंज में बढ़ा सकता है। बच्चों को बिना खाद और बिना कीटनाशक का प्रयोग किए अन्न और सब्जियों का सेवन करने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर किरन, कीर्ति, अनिल, योगेंद्र, अरुण, शिवप्रसाद, भूपेंद्र सहित दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## त्योहार पर अराजकता बर्दाश्त नही की जायेगी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सनातन धर्म के प्रमुख पर्व दशहरा एवं मुस्लिम धर्म के ईद-उल-अजहा त्योहार से पूर्व कोतवाली में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंनें नागरिकों से आपसी सद्भाव व शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने एवं अराजक तत्वों की सूचना देनें की अपील की है। सोमवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने हिन्दू धर्म व मुस्लिम समाज के लोगों से त्यौहारों पर आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर अधीनस्थ कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने मौजूद लोगों से त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इस दौरान मौजूद लोगों ने सीओ सदर को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, सरायप्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, मझपुर्वा चौकी प्रभारी धीरेन्द्र सिंह सहित रामंदिर के महंत राकेश चन्द्र दुवे, शहर काजी हाफिज़ जुम्मन, मुनीर कुरेशी, जकील सिददीकी, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा, विजय दुवे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संपत्ति विवाद: कोर्ट के आदेश की अवमानना और धमकी देने का आरोप

■ मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर गंभीर आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिले में एक गंभीर संपत्ति विवाद ने तूल पकड़ लिया है, जिसमें सत्तादल के मंत्री और अन्य व्यक्तियों पर कोर्ट के आदेश की अवमानना और स्थानीय निवासियों को धमकी देने का आरोप लगा है। यह मामला लक्ष्मीपुरा मोहल्ले के निवासियों द्वारा दायर एक याचिका से सामने आया है, जिसमें उन्होंने जिला प्रशासन से माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन, ललितपुर के 31 मई 2025 के आदेश का पालन कराने और उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। **मामले की पृष्ठभूमि-** शिकायतकर्ताओं में कमलेश कुमार साहू, भगवतनारायण साहू, जयनारायण साहू, सत्यनारायण साहू, दीपक साहू, और लक्ष्मी देवी साहू जो ललितपुर के लक्ष्मीपुरा मोहल्ले के निवासी हैं, ने दावा किया है कि उनकी पुश्तैनी संपत्ति, जो ग्राम मौजा अंदर हद, ललितपुर में आराजी नंबर 6534/1 पर स्थित है, पर उनका कब्जा और दखल है। इस भूखंड का कुल क्षेत्रफल 2396.95 वर्ग मीटर (लगभग 25,800 वर्ग फीट) है, जिसकी सीमाओं में पूरब राष्ट्रीय राजमार्ग-44, पश्चिम-4.57 मीटर चौड़ा रास्ता, अमित साहू का मकान, हरीशंकर दुबे और देवेंद्र राय के मकान, उत्तर-डामर रोड व नहर और दक्षिण- चक्रेश साहू, हरनारायण, देवीशंकर साहू, अशोक साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, और रामप्रकाश साहू की संपत्तियां हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि के अनुसार, इस संपत्ति को लेकर उन्होंने सिविल जज सीनियर डिवीजन, ललितपुर के समक्ष वाद संख्या 117/2025 (कमलेश आदि बनाम अनीता आदि) दायर किया था। 31 मई 2025 को कोर्ट ने प्रार्थीगण के पक्ष में आदेश पारित करते हुए उनके कब्जे और दखल में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न करने का निर्देश दिया था। शिकायतकर्ताओं ने अपनी याचिका में बताया कि 1 जून 2025 को सुबह करीब 12 बजे, जब वे अपनी संपत्ति पर निर्माण कार्य कर रहे थे, तब सत्तादल के एक मंत्री अपने 10-12 अज्ञात व्यक्तियों, पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और आरोप है कि उक्त लोगों ने निर्माण कार्य रुकवाने का आदेश दिया और पीड़ित पक्ष को धमकाया। बताया कि जब उन्होंने कोर्ट के आदेश की प्रति दिखाई और अपनी पुश्तैनी संपत्ति होने का दावा किया। इस पर उक्त लोगों ने उक्त सम्पत्ति को अपनी संपत्ति व स्वामित्व की होना बताया।

### धमकी और मोबाइल छीनने का आरोप

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त लोगों ने पीड़ित पक्ष को धमकी दी कि एक भी ईंट मेरी मर्जी के बिना नहीं रखी जाएगी और उनके द्वारा अन्य लोगों की संपत्तियां हड़पने की बात कही। कथित तौर पर उक्त लोगों ने यह भी कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जब शिकायतकर्ता ने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो उक्त लोगों के साथ आए गनरों ने उनका मोबाइल छीन लिया और धमकी दी कि ज्यादा होशियारी करने पर यहीं जमीन में गाड़ देंगे।

### शिकायतकर्ताओं की स्थिति और मांग

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वह मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। यह भूखंड उनके और उनके बच्चों के जीवन-यापन का एकमात्र सहारा है। वे उक्त लोगों की धमकियों और इस तरह की घटनाओं से भयभीत हैं। उनकी मांग है कि सिविल जज सीनियर डिवीजन के 31 मई 2025 के आदेश का पुलिस बल के माध्यम से अनुपालन कराया जाए। उनके परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उक्त लोगों व अन्य नामित व्यक्तियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवमानना और भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की उचित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# कथा साहित्य पर आधारित शोध संपन्न

■ डा.रोहित जैन ने शोध विश्वविद्यालय केरल से पूर्ण किया शोध

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** समकालीन हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित रचनाकार विनोद कुमार शुक्ल के कथा साहित्य पर आधारित एक गंभीर और महत्वपूर्ण शोध कार्य केरल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रस्तुत किया गया। यह शोध विश्वविद्यालय के शोधार्थी डा.रोहित जैन द्वारा संपन्न किया गया, जिनका निर्देशन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. सीमा चंद्रन द्वारा किया गया।

शोध का विषय भाषा और संरचना की दृष्टि से विनोद कुमार शुक्ल का कथा साहित्य- एक अध्ययन है, जिसमें लेखक के कथा साहित्य की भाषिक संवेदनशीलता और रचनात्मक संरचना का विश्लेषण किया गया। शोध में यह दर्शाया गया कि विनोद जी की कहानियां और उपन्यास, सामान्य प्रतीत होने वाले शब्दों और स्थितियों के माध्यम से असाधारण संवेदनाओं को प्रकट करते हैं। उनकी भाषा में कविता जैसी लयात्मकता और संरचना में मौन और ठहराव की सौंदर्यात्मकता देखने को मिलती है।

डा.रोहित जैन ने अपने शोध में विशेष रूप से विनोदजी की रचना दीवार में एक खिड़की रहती थी को केंद्र में रखते हुए यह प्रतिपादित किया कि उनके कथा-साहित्य की संरचना पारंपरिक ढांचों से भिन्न होते हुए भी पाठकों को एक विशिष्ट अनुभव प्रदान करती है। उनके कथा शिल्प में जटिलता के स्थान पर विचारों की सहजता है, जो पाठकों को आत्मीय रूप से जोड़ती है। इस अवसर पर शोधार्थी अंकुर सियोते, धनराज, आशीष कुमार, मनोज सहित ऑनलाइन माध्यम से जुड़े डा.प्रभांशु शुक्ला, डा.मंजीव, डा. प्रेमचंद, डा.यशपाल, दीक्षा कुमारी एवं अन्य शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने शोध प्रस्तुति की सराहना की और विषय को लेकर गहन संवाद भी हुआ। यह कार्यक्रम न केवल साहित्यिक दृष्टिकोण से बल्कि अकादमिक दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ, जिसने हिंदी कथा साहित्य के सौंदर्यात्मक पक्षों को नई दृष्टि से देखने का अवसर प्रदान किया।

# थाना नखासा का वार्षिक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद श्री मुनिराज जी द्वारा थाना नखासा पर गार्द की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में थाना नखासा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व शस्त्र आदि का निरीक्षण किया गया। बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पर आगन्तुकों के लिये उचित व्यवस्था एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि को चैक किया गया तथा गहनता से जांचा परखा गया। थाने के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए समस्त अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। द्वारा बताया कि ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा थाना क्षेत्र में सतर्कतापूर्ण भ्रमणशील रहने तथा पुलिस की सक्रियता बनाये रखने एवं नियमित रूप से बैंक चैकिंग, एटीएम चैकिंग, मुख्य चौराहों/सड़क/ढाबों/ होटल/ बस स्टैंड/ पेट्रोल पंप एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चैकिंग तथा रात्रि गश्त करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने हेतु व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही द्वारा चौकीदारों से वार्ता कर उनकी डियूटी से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदया (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारीगण आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अपनी जनता पार्टी की यात्रा के पांचवे चरण की रणनीति पर चर्चा

**उन्नाव।** अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान एवं जनहित हुंकार यात्रा को लेकर कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। यह यात्रा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में निकाली जा रही है। बैठक में यात्रा के पांचवें चरण की रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राम मौर्या ने कहा कि यह यात्रा एक जनजागरण अभियान है। उन्होंने बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं पर चिंता जताई। उनका कहना था कि सरकार केवल पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। राम मौर्या ने बताया कि यह यात्रा लखनऊ मंडल के अंतर्गत है। इसका पहला पड़ाव उन्नाव में 13 तारीख को होगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बीजेपी की नीतियों के खिलाफ जनता को जागरूक करेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शबाब हुसैन, सदर विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र मौर्या समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# छात्राओं ने सीखा सेल्फ डिफेंस, अभिभावक हुए मुग्ध

■ बीघापुर स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में समर कैंप का राष्ट्रगान के साथ समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** बीघापुर के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में पिछले आठ दिनों से चल रहे समर कैंप का राष्ट्रगान के साथ समापन हो गया। समर कैंप में बच्चों ने अभिभावकों की उपस्थिति में सीखी गई कला, खेल और क्राफ्ट का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के अंदर आए निखार को देखकर अभिभावक तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते रहे।

23 मई को स्कूल परिसर में समर कैंप शुरू हुआ था। समर कैंप में पंडित बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से संचालित कार्यशाला में स्कूल के करीब 22 बच्चों ने प्रतिभाग करके कत्थक नृत्य की सीखीं गई बारीकियों का स्टेज पर प्रदर्शन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा ताइक्वांडो और वुशू खेल का प्रदर्शन भी मनमोहक रहा। बच्चों ने एक प्रहार से टाइल्स के कई टुकड़े कर दिए। छात्राओं ने छेड़छाड़ के खिलाफ सेल्फ डिफेंस की कला दिखाई तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी में कथा कहन, लोकनृत्य, इंग्लिश कन्वर्सेशन, रैम्पवॉक भी किया। बच्चों ने फूड कॉर्नर भी लगाया। बच्चों का क्राफ्ट वर्क भी सभी को बेहद पसंद आया। प्रबंधक गौरव अवस्थी ने कहा कि समर कैंप का मुख्य मकसद बच्चों को क्रिएटिव बनाना है। बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न खेल और कलाएं सीखीं। इनसे जीवन में बदलाव आएगा। प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी सिंह ने गर्मियों की छुट्टी में होमवर्क पूरा करने का अनुरोध अभिभावकों से किया। संगीत शिक्षक मोहम्मद फैज ने गीत सुनाकर सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर शिक्षिका जूही सिंह, शिखा त्रिपाठी, प्रियंका श्रीवास्तव, रजत गुप्ता, रश्मि सिंह, राजकुमार, सौरभ मिश्रा, मो अफ़्ज़ल, अंजुम बेगम, आंचल सिंह, ललिता प्रजापति, शिवानी सिंह, शिवानी पटेल, अजीत सिंह, अंशिका सिंह, वैशाली सिंह ने सहयोग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क किनारे खन्ती में मिला अधेड़ का शव

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सफीपुर थाना क्षेत्र के पावा अतहा मार्ग के मध्य पखरौरा मोड़ के समीप सड़क किनारे खंती में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। रविवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव अतहा निवासी 55 वर्षीय शिवप्रसाद पुत्र खेम्मन का शव अतहा पावा मार्ग के मध्य खंती में पड़ा ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक काफी दिनों से बीमार चल रहा था।वह घर में अकेला ही रहता था। मृतक की पत्नी की लगभग 22 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। अकेला लड़का ज्ञानेंद्र गैर जनपद में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस ने लड़के को सूचना कर दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका। पीएम के बाद पुष्टि हो जाएगी।

### अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण पर समिति ने पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि को किया सम्मानित



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक समरसता के शिल्पकार, संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को समर्पित कचहरी स्थित बने पार्क के नगर पालिका परिषद् द्वारा होने जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के प्रति डॉ.बी.आर.अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के सदस्यों नै नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष हर्षवर्धन, कार्यकारी अध्यक्ष डी.वी.कुरील, महामंत्री श्याम मोहन गौतम, कार्यकारी महामंत्री डी.सी.आजाद, विश्राम लाल, महेंद्र कुमार, शिवपाल, रामखेलावन वर्मा, शिवराम भारती आदि सम्मानित एवं सुधीजन उपस्थित रहे।

### विधायक के नेत्र शिविर में पांच दर्जन रोगियो का परीक्षण

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर के सफीपुर आवास/कार्यालय पर प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नेत्र शिविर में पांच दर्जन से अधिक नेत्र रोगियों का परीक्षण शकरा आई हॉस्पिटल की आई केयर कुशल नेत्र विशेषज्ञ टीम ने डॉक्टर पीनल के नेतृत्व में परीक्षण कर एक दर्जन मरीजों को चिन्हित कर शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर आपरेशन हेतु भेजा गया। विधायक श्री दिवाकर ने मरीजों से रूबरू होकर उनका कुशल क्षेम जाना एवम टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य कर्ता-धर्ता बेनी माधव दिवाकर, दीपक विमल, आशीष कनौजिया, अनूप सिंह चंदेल, पुष्पेंद्र आदि भाजपा कार्यकर्ताओं एवम विधायक बंबालाल दिवाकर की फैंस टीम के सदस्यों ने महत्ती भूमिका निभाई।

### पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की

**संभल, अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में श्रीमान जिलाधिकारी जनपद सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा के सम्बन्ध में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ एक पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई तथा आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न किए जाने, त्यौहार पर किसी नई परंपरा के नहीं डाले जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं साथ ही किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं किए जाने के बारे में अवगत कराया गया तथा पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

# खतरनाक ढंग से हूटर बजाते नशेडी चालक का ट्रैक्टर किया सीज

■ यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को किया जागरूक, काटे बाईस वाहनों के चालान

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में बीती देर रात्रि यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा मानीमऊ क्षेत्र में रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों को चेकिंग दौरान एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर हूटर बजाते हुये निकला जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर नशे की हालत में हिरासत में लेकर कार्यवही की गई है। बीतीशाम मानीमऊ क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर में पुलिस सायरन बजाता हुआ बहुत तेज रफ्तार से अरौल की तरफ जाता हुआ दिखा। जिसको यातायात प्रभारी द्वारा रोकने का प्रयास किया गया परंतु ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को नहीं रोका। तब यातायात प्रभारी ने ट्रैक्टर का पीछा किया और ग्राम पंचम पुरवा के पास रोक लिया। जब चालक को चेक किया गया तो ट्रैक्टर चालक भयंकर नशे में पाया गया। ट्रैक्टर में कई छोटे बच्चों को भी बैठा रखा था। प्रभारी द्वारा ट्रैक्टर को मानीमऊ पुलिस चौकी में सीज कर दिया गया। वहीं कई कार एवं दो पहिया वाहन चालक रॉन्ग साइड वाहन चलाते हुए पाए गए। जिनका चालान किया गया। चेकिंग के दौरान कुल 22 वाहनों के चालान किए गए।

## चोरी के सामान के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना माखी पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गत 31 मई को वादिनी की लिखित तहरीर पर थाना माखी पर मु0अ0सं0 204/25 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। आज उ0नि0 शिवाकांत मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्त अनिल पुत्र गोकुल, नन्हा पुत्र श्रीपाल निवासीगण ग्राम हंसखेडा मजरा नरुल्लानगर थाना आसीवन को मय चोरी किये गये माल पीली धातु की एक जोडी झुमकी, पीली धातु की एक हाय, पीली धातु का लाकेट, एक जोडी सफेद धातु की पायल व 2250 रु0 के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# वंचित समाज लोक कल्याण जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वंचित समाज लोक कल्याण महा समिति राष्ट्रीय संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर हवेलकर ने समाज के सशक्तिकरण और विकास हेतु एक अहम कदम उठाते हुए क्षेत्र के ग्राम इस्मालपुर निवासी मुस्लिम खान चिश्ती को महासमिति का कन्नौज जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। सोमवार को वंचित समाज लोक कल्याण महा समिति राष्ट्रीय संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर हवेलकर ने क्षेत्र के ग्राम इस्मालपुर निवासी मुस्लिम खान चिश्ती को महासमिति का कन्नौज जिलाध्यक्ष नियुक्ति पत्र सौंपनें के उपरान्त कहा कि मुस्लिम खान चिश्ती एक जुझारू और संवेदनशील नेता हैं। जो वंचित वर्गों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझते हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर मुस्लिम खान चिश्ती ने कहा कि मैं वंचित समाज की आवाज को बुलंद करूंगा और उनके अधिकारों के लिए हर मंच पर संघर्ष करूंगा। उधर नगर आगमन पर नव मनोनीत जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान अजहरूददीन हाफिज़, ताहिर, रईश भाई, सभासद बबलू आदि ने मुस्लिम खान चिश्ती की समाजसेवा, निष्कलंक छवि और संघर्षशीलता की प्रशंसा की।

# गुकेश से हार के बाद दिग्गज कार्लसन ने आपा खोया

**स्टावेंजर** कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इस जीत से जहां गुकेश बेहद खुश नजर आए, वहीं कार्लसन आपा खो बैठे। अपने देश में गुकेश से हार को वह बर्दाश्त नहीं कर पाए। कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया।

इसके बाद कार्लसन अपनी कुर्सी से उठकर अपनी भड़ास निकाली और फिर गुकेश से माफी मांगते हुए चेस बोर्ड के पास आए। फिर उन्होंने मुहरों को सजाने की कोशिश की, लेकिन झल्लाहट में उसे भी पटक दिया। वहीं, दूसरी तरफ गुकेश ने जीत हासिल करने के बाद चुपचाप जश्न मनाया। उन्हें यकीन नहीं हुआ कि उनकी मेहनत काम कर गई। फिर कार्लसन तेजी से चलते हुए हॉल से निकल गए। उन्होंने गुकेश की पीठ भी थपथपाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहां बैठे सभी लोगों ने गुकेश के लिए ताली बजाई। गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में कार्लसन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया। गुकेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने सारी स्किल को मैच में झोंक दिया और जीत दर्ज की। मैच के बाद गुकेश ने कहा- मैं बहुत कुछ नहीं कर सकता था। मुझे बस इसका अधिकतम लाभ उठाना था। मैं ऐसे कदम उठा रहा था जो कार्लसन के लिए मुश्किल थे और सौभाग्य से चालें सही साबित हुईं। इस टूर्नामेंट से मैंने एक बात सीखी है कि समय से चाल चलने का दबाव आपको गलती करने पर मजबूर कर सकता है।

**बोर्ड**

**कार्लसन ने हार के बाद जोर से हाथ को उस मेज पर पटका, जहां चेस बोर्ड रखा हुआ था। उनके हाथ पटकने से पूरा चेस बोर्ड हिल गया।**



दोनों के बीच टूर्नामेंट के पहले दौर में भिड़ंत हुई थी, जहां कार्लसन ने अपने ट्रेडमार्क चालों से जीत हासिल की थी।

इस बार, हालांकि, गुकेश ने बाजी मारी और पिछली हार का बदला ले लिया। नॉर्वे शतरंज को व्यापक रूप से शतरंज कैलेंडर पर प्रमुख टूर्नामेंट में से एक माना जाता है।

छह खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक दूसरे से भिड़ते हैं। पुरुष और महिला दोनों ही श्रेणी में मैच होते हैं। 2025 संस्करण स्टावेंजर में 26 मई से छह जून तक चलेगा।

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से गदगद हुए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, दक्षिण कोरिया में हाल ही में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर भारत को गर्व है।



एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारतीय दल और एथलीट्स की तारीफ की है। भारत इस टह्यह्यह्यूर्नामेंट में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने इस टूर्नामेंट में जापान, चीनी ताइपे, सऊदी अरब, ईरान, कतर और मेजबान दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य समेत 24 पदक हासिल किए। पहले स्थान पर रहे चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य समेत 32 पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, दक्षिण कोरिया में हाल ही में आयोजित 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने दल के शानदार प्रदर्शन पर भारत को गर्व है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रत्येक एथलीट की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एथलीटों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। भारत का प्रदर्शन एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार रहा। ज्योति याराजी, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, सचिन यादव, तेजस्विन शंकर, पूजा, रूपल चौधरी और 4 गुणा 400 रिले टीम ने जलवा बिखेरा था। इन सभी के पदक आए और भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

# पहला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट 5 जून से, एचपीसीए ने जारी किया शेड्यूल



**धर्मशाला।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पहली बार अंतर जिला महिला अंडर-19 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का 5 जून से आयोजन करने जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पहली बार अंतर जिला महिला अंडर-19 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का 5 जून से आयोजन करने जा रहा है। खास बात यह है कि इसका आयोजन प्रदेश से बाहर चंडीगढ़ में होगा। इसके लिए एचपीसीए की ओर से तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रतियोगिता में पूल-ए की टीमों के लीग मुकाबले 5 से 15 जून के बीच खेले जाएंगे। पूल-बी के मुकाबले 15 से 26 जून के बीच होंगे। यह मैच चंडीगढ़ के सीआईओसी और महाजन ग्राउंड में होंगे। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 27 जून को खेला जाएगा। पहली बार हो रहे अंडर-19 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सूबे की सभी जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। इसके लिए एचपीसीए की ओर पहले प्लान तैयार कर लिया था। जिस जिला टीम में खिलाड़ियों की कमी होगी उसके लिए, दूसरे जिले की सरप्लस खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा।

टूर्नामेंट में एचपीसीए की ओर 12 जिलों की टीमों के दो पूल बनाए गए हैं। पूल-ए में शिमला कुल्लू, मंडी, चंबा, सिरमौर ओर लाहौल-स्पीति को रखा है। पूल-थी में कांगड़ा, सोलन, बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और किन्नौर के बीच टूर्नामेंट के लीग मुकाबले खेले जाएंगे। हर पूल में टॉप दो स्थानों पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

टूर्नामेंट के फाइनल की तिथि जल्द जारी की जाएगी। अंडर-19 टूर्नामेंट के शुरू होने से प्रदेश की उभरती महिला खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। -अवनीश परमार, सचिव, एचपीसीए।

# सिरमौर के अनिल जस्टा पर यू मुंबा का 78 लाख का दांव, प्रो कबड्डी लीग की नीलामी में हुई धनवर्षा

**रोनहाट।** नीलामी में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के उभरते कबड्डी स्टार अनिल जस्टा को यू मुंबा ने 78 लाख रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 12 की नीलामी में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के उभरते कबड्डी स्टार अनिल जस्टा को यू मुंबा ने 78 लाख रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अनिल जस्टा सिरमौर जिले के गिरिपार के रोनहाट उपतहसील के जासवी गांव के निवासी हैं। उन्हें बचपन से ही कबड्डी में रुचि थी। गांव की गलियों में शुरू हुआ उनका सफर अब प्रोफेशनल कबड्डी के सबसे बड़े मंच तक पहुंच गया है। उनके परिवार की पृष्ठभूमि साधारण रही है, लेकिन अनिल ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर खेल को निखारा। उनके कोचों और साथियों का कहना है कि अनिल हमेशा से ही प्रतिबद्ध खिलाड़ी रहे हैं। वे हर मैच में अपना शत-प्रतिशत देने की कोशिश करते हैं। हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय मुकाबले में अनिल ने सुपर रेड के जरिए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलाई थी, बल्कि दर्शकों का दिल भी जीत लिया था। उनका यह प्रदर्शन कई प्रो टीमों की नजर में आया। यू मुंबा ने उन पर बड़ा दांव खेलते हुए उन्हें 78 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बना लिया।

**छलक**

**अनिल के यू मुंबा की टीम में शामिल होने की खबर सुनकर दादा बंसी राम के आंसू छलक पड़े। अनिल के दो भाई सेना में भर्ती है।**



अनिल की रेडिंग तकनीक, गति और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता उन्हें एक बेहतरीन रेडर बनाती है। अनिल की फिटनेस और मैच के अंतिम क्षणों में निर्णायक बनने की आदत ने उन्हें औरों से अलग करती है। अनिल जस्टा ने कहा कि यह मेरे लिए सपने जैसा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक छोटे से गांव से शुरू हुआ मेरा सफर मुझे इस मुकाम तक ले आएगा। मैं यू मुंबा का आभार प्रकट करता हूं और वादा करता हूं कि मैं इस मौके को पूरी तरह से सार्थक करूंगा। दादा बंसी राम के छलके आंसू... पिता मोहन सिंह ने बताया कि अनिल की इस उपलब्धि पर नाज हैं। अनिल के यू मुंबा की टीम में शामिल होने की खबर सुनकर दादा बंसी राम के आंसू छलक पड़े। अनिल के दो भाई सेना में भर्ती है। अनिल ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला शिमला के कोच सुरेंद्र को दिया है। अनिल ने गत माह हरिद्वार में हुई युवा सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।

सोशल मीडिया पर लोगों की बधाइयों का तांता

अनिल की इस उपलब्धि को लेकर स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## नमक इश्क का' गाने से पहले काम को तरस रही थीं सिंगर रेखा

**मुंबई।** हाल ही में गायिका रेखा भारद्वाज ने अपने मशहूर गाने 'नमक इश्क का' के प्रसिद्ध होने के पहले के संघर्षों को याद किया।

भारतीय सिंगर रेखा भारद्वाज को साल 2006 में आई फिल्म ओमकारा के नमक गाने से खास उपलब्धि प्राप्त हुई। इस गाने ने उनकी जिंदगी को वापस पटरी पर लाने का काम किया था। अब गायिका ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया, जब उन्हें काम नहीं मिल रहे थे। आइए जानते हैं सिंगर ने क्या कहा।

गायिका रेखा भारद्वाज ने ओमकारा फिल्म के 'नमक' गाने से मिली प्रसिद्धि के दिनों को याद करते हुए न्यूज 18 से बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे गाने के जरिए अपने उस शरारती, नटखट पक्ष को फिर से खोजने में बहुत समय लगा। जब मुझे पहली बार इसे गाने के लिए कहा गया तो मैंने अपना सारा आत्मविश्वास खो दिया था। परंतु, विशाल भारद्वाज ने मुझ पर विश्वास किया और उन्होंने एक रात मुझे इसे गाते हुए एक रिकॉर्डिंग सुनाई और कहा, केवल तुम ही इसे गा सकती हो।

# पैपराजी के इस सवाल को सुन चौंक गईं बिग बॉस फेम एक्ट्रेस माहिरा शर्मा

**मुंबई।** हाल ही में बिग बॉस 13 फेम अभिनेत्री माहिरा शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जानिए आखिर किस बात से चौंकी एक्ट्रेस। अभिनेत्री माहिरा शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पैपराजी उनसे कुछ पूछ रहे हैं, उनके सवालों को सुन चौंकती दिख रही हैं अभिनेत्री। वहीं, इस पोस्ट पर नेटिजंस की भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं और लोग उन्हें सीख दे रहे हैं। आइए जानते हैं क्या हुआ ऐसा।



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अभिनेत्री माहिरा शर्मा को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ब्लैक जींस के साथ ग्रे कलर की टॉप में बेहद सादे और खूबसूरत अंदाज में दिख रही हैं। वायरल वीडियो में पैपराजी एक्ट्रेस से मराठी भाषा में सामने देखने के लिए कहते हैं, जिसे ना समझ पाने के कारण अभिनेत्री चौंक जाती हैं और उन्हें शर्माते हुए भी देखा जाता है। ये रिएक्शन देख पैपराजी पूछते हैं कि आपको मराठी नहीं आती, तो इसके जवाब में माहिरा शर्मा कहती हैं कि आती है। अभिनेत्री के इस वीडियो के वायरल होने पर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि अरे यार। दूसरे यूजर ने लिखा, सीख लो मराठी। वहीं, अन्य यूजर ये वीडियो देख हंस रहे हैं। इसके अलावा कुछ यूजर्स उनके लुक की तारीफ भी कर रहे हैं। माहिरा शर्मा को 'बिग बॉस 13' में बतौर प्रतियोगी के रूप में खास पहचान मिली। हालांकि, इससे पहले वह कई टीवी शो का हिस्सा रह चुकी हैं। अभिनेत्री %तारक मेहता का उल्टा चश्मा, नागिन 3, कुंडली भाग्य, बेपनाह प्यार%, जैसे चर्चित धारावाहिकों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। इतना ही नहीं अभिनेत्री का नाम भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज के साथ भी जोड़ा गया था। हालांकि, इन्हें अफवाह कहा गया था।

# कैंसर से जंग हारे हॉलीवुड अभिनेता डेविन हरजेस, 41 की उम्र में हुआ निधन

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर डेविन हरजेस कैंसर से जंग हार गए हैं। उनका निधन 41 साल की उम्र में हो गया। मैनिफेस्ट और डेयरडेविल जैसी पॉपुलर सीरीज में एक्टर नजर आ चुके हैं।

हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। बोर्डवॉक एम्पायर, गॉथम, मैनिफेस्ट और डेयरडेविल जैसी मशहूर सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले अमेरिकी एक्टर डेविन हरजेस का 41 साल की उम्र में निधन हो गया। कैंसर की बीमारी से जूझते हुए उन्होंने 27 मई को न्यूयॉर्क सिटी के माउंट सिनाई वेस्ट अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की पुष्टि उनके ऑफिशियल वेबसाइट पर पब्लिश हुए शोक संदेश में की गई है।टेक्सास के लब्बॉक में जन्मे डेविन हरजेस का फिल्मी सफर काफी इंस्पायरिंग रहा। शुरूआत में वो जानवरों के लिए ही अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करना चाहते थे लेकिन उन्होंने अपने इस प्यार को पीछे छोड़ अभिनय की राह पकड़ ली। डलास-फोर्ट वर्थ थिएटर से शुरुआत करते हुए वो न्यूयॉर्क पहुंचे, जहां स्टूडेंट फिल्म्स और ऑफ-ब्रॉडवे नाटकों में अभिनय करते हुए उन्होंने खुद को तराशा। डेविन हरजेस ने बोर्डवॉक एम्पायर में मशहूर बॉक्सिंग लीजेंड जैक डेम्पसी की भूमिका निभाकर खूब सुर्खियां बटोरीं। इसके अलावा नेटफ्लिक्स की साइंस फिक्शन ड्रामा मैनिफेस्ट में उन्होंने पीट बेलर नामक किरदार निभाया था, जो एक ड्रग गैंग का हिस्सा था। डेयरडेविल में वो राइकर्स जेल के एक नर्स के रोल में नजर आए, जबकि गॉथम में एक बैंक गार्ड क्लाइड का किरदार निभाया। उनके दूसरे चर्चित टीवी शोज में ब्लू ब्लड्स, ऑरेंज इज द न्यू ब्लैक, एलीमेंटरी और एफबीआई शामिल हैं। छोटे पर्दे के अलावा इंडी सिनेमा में भी उन्होंने अपनी मजबूत पकड़ बनाई। द फॉरेस्ट इज रेड फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें इटली के टोलेन्टिनो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब मिला। डेविन न सिर्फ अछे अभिनेता थे, बल्कि मार्शल आर्ट्स में भी उनकी गहरी रुचि थी। वो नियमित रूप से जिम जाते थे। वो अपनी फिटनेस का काफी ध्यान रखते थे।

**नियमित**

**डेविन न सिर्फ अछे अभिनेता थे, बल्कि मार्शल आर्ट्स में भी उनकी गहरी रुचि थी। वो नियमित रूप से जिम जाते थे।**



डेविन हरजेस अपने पीछे माता-पिता रैंडी और रोजेन हरजेस और बहन ट्रिच हरजेस को छोड़ गए हैं। उनके अचानक निधन से हॉलीवुड और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। सोशल मीडिया पर भी फैंस उनके यादगार किरदारों और विनम्र स्वभाव को याद कर रहे हैं। डेविन भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका काम और उनके निभाए गए किरदार हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे।

# नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद, मिस वर्ल्ड में अवॉर्ड जीतने के बाद मंदिर पहुंचे अभिनेता

**मुंबई।**अभिनेता सोनू सूद हाल ही में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पहुंचे हैं। यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बताया है। इससे पहले सोनू सूद को मिस वर्ल्ड के इवेंट में सम्मानित किया गया था।



बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोमवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद एएनआई से बात करते हुए %फतेह% अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी दी। सोनू सूद ने मीडिया से कहा आज से 25 साल पहले मैं यहां आया था। आज, मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। मैं दुनिया में सभी के लिए खुशी, शांति और तरक्की की प्रार्थना करता हूं। हम एक नई फिल्म नंदी शुरू कर रहे हैं। इसमें मैं अभिनय और निर्देशन दोनों कर रहा हूं। यह जल्द ही शुरू होगी। सोनू सूद को हाल ही में तेलंगाना में 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल के ग्रैंड फिनाले में मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोनू सूद को यह पुरस्कार कोविड-19 के दौरान उनके बेहतरीन काम के लिए दिया गया। कोरोना काल के दौरान सोनू सूद लोगों के हीरो बनकर उभरे। मुश्किल वक्त में सोनू सूद ने कम से कम चार लाख लोगों की मदद की। इन लोगों में प्रवासी, छात्र और वंचित परिवार शामिल थे। सोनू सूद ने इन लोगों की मदद करने के लिए दिन रात मेहनत की। यह लोग अचानक अपनी आय खोने से मुश्किल में फंस गए थे। सोनू सूद की लोगों के प्रति उदारता को पूरी दुनिया में पहचाना गया।

यह सम्मान मानवता के प्रति उनकी असाधारण सेवा और उनके फाउंडेशन के जरिए सामाजिक उत्थान के लिए किए गए काम के लिए दिया गया। अभिनेता को हैदराबाद के हाईटेक्स एरिना में मिस वर्ल्ड के ग्रैंड फिनाले में सम्मानित किया गया। इस वैश्विक सम्मान को प्राप्त करने के अलावा, सोनू सूद ने मिस वर्ल्ड ग्रैंड फिनाले के आधिकारिक जजों में से एक के रूप में भी काम किया।

## भारत की बेटी ने 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट में लहराया परचम, बनीं सेकंड रनर अप

**ब्रिटेन्स।** ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025 में अपनी एक से बढ़कर एक परफॉर्मेंसेस से भारत को गर्व महसूस कराने वालीं बिनीता छेत्री ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया है, जिसके बाद उन्हें असम के मुख्यमंत्री ने भी बधाई दी है। ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025 के ग्रैंड फिनाले में भारत की नौ साल की बिनीता छेत्री ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर परचम लहरा दिया। बिनीता ने न सिर्फ मंच पर अपने डांस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया। अपनी परफॉर्मेंस के बाद वो तीसरे नंबर पर रहीं और अब देशभर से बधाइयों का तांता लग गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी असम की इस नन्ही कलाकार की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक खास मैसेज शेयर किया।

## परेश रावल के हेरा फेरी 3 से अलग होने पर हिमेश ने दी प्रतिक्रिया

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल की फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले परेश रावल ने एलान किया कि वह फिल्म हेरा फेरी 3 का हिस्सा नहीं होंगे। इसके बाद इस फिल्म के निर्माता अक्षय कुमार ने उन पर केस कर दिया। इस मामले पर अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी थी। अब इस मामले पर अभिनेता और गायक हिमेश रेशमिया की प्रतिक्रिया आई है। हाल ही में हिमेश रेशमिया का मुंबई में एक कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में सिंगर ने बिना परेश रावल का नाम लिए कहा पहली वाली हेरा फेरी में वह कमाल के थे, हेरा फेरी 2 में भी वो कमाल के थे और अब वो एक बार फिर से ग्रेट होंगे। आपको बता दें कि हिमेश रेशमिया ने पहली वाली हेरा फेरी में एक गाना गाया था। इसके बाद फिल्म फिर हेरा फेरी में म्यूजिक दिया था। इस फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। कयास लगाए जा रहे हैं कि हेरा फेरी 3 में भी वह म्यूजिक देंगे। हालांकि इस बात की अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



इससे एक दिन पहले अभिनेता सुनील शेट्टी ने परेश रावल को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा था उस आदमी के लिए... जो बुद्धि और ज्ञान दोनों का पावरहाउस है और उससे भी बेहतरीन इंसान है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं परेश जी। हमेशा ढेर सारा प्यार और सम्मान सर परेश रावल।

सुनील शेट्टी की इस पोस्ट पर फैंस ने कमेंट करते हुए सुनील शेट्टी से गुजारिश की कि परेश रावल को हेरा फेरी 3 के लिए मनाएं और उन्हें फिल्म में वापस लेकर आएं।

आपको बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 से अलग होने का फैसला किया है। अब मामला कोर्ट में है। बताया जाता है कि कथित तौर पर परेश रावल ने फिल्म छोड़ने का फैसला इसलिए किया क्योंकि उन्हें सही स्क्रिप्ट नहीं दी गई थी।

# पत्नी ने बेटे की मदद से पेट्रोल डालकर पति को फूंका




**भुवनेश्वर।** ओडिशा में दिल दहला देने वाली वारदात का खुलासा हुआ है। यहां एक महिला ने अपने बेटे की मदद से पति को मौत के घाट उतार दिया। उसने अपने पति को जिंदा ही आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों पूछताछ के लिए हिरासत में लिया, जहां दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ओडिशा के नयागढ़ जिले में अपने पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के सारनकुल पंचरिदा रेंज के वनपाल शिशिर साहू के रूप में हुई है। शिशिर का आधा जला हुआ शव बरामद करने के एक दिन बाद पुलिस ने अपराध स्थल पर सीन रीक्रिएट किया। इसके बाद मृतक की पत्नी और बेटे को गिरफ्तार कर लिया। नयागढ़ के उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) ज्योति रंजन सामंतराय ने बताया कि मृतक की पत्नी नमिता को भी मामूली चोटें आईं, जबकि उनका बेटा अभिषेक जिले के बारामासीदंडा इलाके में शुक्रवार रात उनके घर में हुई घटना में सुरक्षित है। सामंतराय ने कहा कि बहस के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से अपने पति पर पेट्रोल डाला और उसे आग लगा दी। पुलिस ने घर के अंदर फंसे साहू का आधा जला हुआ शव बरामद किया और उसकी पत्नी और बेटे को हिरासत में लेकर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान साहू की पत्नी और बेटे ने अपराध कबूल कर लिया।

# राज्यसभा सीट को लेकर तकरार, एआईएडीएमके और डीएमडीके संभावित गठबंधन में आई खटास

**आवंटन**

> राज्यसभा सीट आवंटन को लेकर एआईएडीएमके और डीएमडीके के बीच गठबंधन खटाई में पड़ता दिख रहा है।




**चेन्नई।** डीएमडीके के सख्त रुख को देखते हुए एआईएडीएमके ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी और डीएमडीके के बीच गठबंधन तोड़ने की साजिश रची जा रही है, लेकिन ये सफल नहीं होगी।

राज्यसभा सीट आवंटन को लेकर एआईएडीएमके और डीएमडीके के बीच गठबंधन खटाई में पड़ता दिख रहा है। दरअसल एआईएडीएमके ने डीएमडीके को राज्यसभा सीट आवंटन टाल दिया है, जिससे नाराज होकर डीएमडीके पार्टी ने एलान कर दिया है कि वे एआईएडीएमके के साथ गठबंधन पर फैसला जनवरी 2026 में ही करेंगे। गौरतलब है कि रविवार को ही एआईएडीएमके के उप-महासचिव के पी मनुसामी ने एलान किया था कि डीएमडीके, एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा होगी।

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। डीएमडीके ने एआईएडीएमके पर 2024 लोकसभा चुनाव से पहले हुए समझौते का सम्मान न करने का आरोप लगाया। डीएमडीके की महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने कहा कि एआईएडीएमके, पीएमके के अंबुमणि रामदास और टीएमसी के जीके वासन को एक-एक राज्यसभा की सीट आवंटित कर चुकी है, अब उनकी पार्टी का नंबर है राज्यसभा सीट पाने का। डीएमडीके के सख्त रुख को देखते हुए एआईएडीएमके ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी और डीएमडीके के बीच गठबंधन तोड़ने की साजिश रची जा रही है, लेकिन ये सफल नहीं होगी। डीएमडीके की नेता प्रेमलता ने बताया कि उनकी पार्टी और एआईएडीएमके के बीच समझौता हुआ था कि उन्हें 2024 लोकसभा चुनाव में लोकसभा की पांच और राज्यसभा की एक सीट मिलेगी। ये आश्वासन लिखित में दिया गया था, लेकिन तारीख नहीं बताई गई थी। अब एआईएडीएमके अपने शर्त को पूरा नहीं कर रही है तो अब हम 9 जनवरी 2026 को कुडलोर में होने वाली पार्टी की बैठक में गठबंधन पर फैसला करेंगे। डीएमडीके की महासचिव ने मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन को भी पार्टी की आम सभा में पारित प्रस्ताव को अपनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# कांग्रेस ने कादी और विसावदर सीटों के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा




**अहमदाबाद।** इससे पहले निर्वाचन आयोग ने पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखें घोषित कर दी थीं। चुनाव आयोग की अधिसूचना के मुताबिक, गुजरात की दो, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर उपचुनाव होने हैं।

विपक्षी कांग्रेस ने गुजरात में आगामी दो सीटों के उपचुनाव के लिए कादी और विसावदर विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। कादी से रमेश चावड़ा और विसावदर से नितिन रणपरिया को उम्मीदवार बनाया गया है। चावड़ा मेहसाणा जिले की कादी विधानसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक हैं। जूनागढ़ जिला पंचायत के सदस्य रह चुके रणपरिया पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने 19 जून को होने वाले उपचुनाव के लिए कादी से राजेंद्र चावड़ा और विसावदर से किरीटभाई पटेल को मैदान में उतारा है। वोटों की गिनती 23 जून को होगी।इन सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने पहले ही कादी से जगदीश चावड़ा और विसावदर से गोपाल इटालिया को मैदान में उतारा है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कादी सीट 4 फरवरी को भाजपा विधायक करसनभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली हो गई थी। विसावदर सीट दिसंबर 2023 में आप विधायक भूपेंद्र भयानी के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। बाद में वे सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। चिुनाव आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना 26 मई को जारी की गई। नामांकन का आखिरी तारीख आज यानी 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

# मद्रासी कैंप ध्वस्त होने से बेघर हुए लोगों के समर्थन में तमिलनाडु सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप से रविवार को अतिक्रमण हटाया गया था। यहां रहने वाले अधिकतर परिवार तमिलनाडु मूल के हैं। ध्वस्तीकरण अभियान के बाद बेघर और विस्थापित हुए परिवारों की मदद के लिए तमिलनाडु सरकार आगे आई है।

दिल्ली के जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बेघर हुए तमिल लोगों की मदद के लिए तमिलनाडु सरकार आगे आई है। सरकार ने कहा है कि वह मद्रासी कैंप में रहने वाले उन तमिल लोगों की मदद करेगी, जो घर वापस आना चाहते हैं। राज्य सरकार ने इन लोगों को सहायता देने के लिए कहा। साथ ही ऐसे मामलों में दिल्ली के तमिलनाडु हाउस और जिला कलेक्टर को समन्वय बनाकर काम करने के लिए कहा गया है। दिल्ली के जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप में रविवार को अतिक्रमण हटाया गया। यह अभियान बारापुला नाले के आसपास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए अदालत के आदेशों के तहत चलाया गया। यहां से कुल 370 अतिक्रमण हटाए गए। मद्रासी कैंप में बड़ी संख्या में तमिलनाडु मूल के लोग रहते थे। अभियान के बाद उनको विस्थापित होना पड़ा। इस बीच एक तमिलनाडु के निवासी मणि ने बताया कि तमिलनाडु सरकार पहले से ही मद्रास में मौजूद लोगों को नौकरी दे। फिर हमें बुलाए। लोग वहां क्यों घूम रहे हैं? पहले उनको तमिलनाडु को संभालना चाहिए। फिर दिल्ली की ओर देखना चाहिए। अगर हमें वहां पहले नौकरी मिल गई होती तो हम तमिलनाडु से दिल्ली क्यों आते? बारापुला नाला काफी संकरा हो गया था, जिससे उसकी सफाई संभव नहीं हो रही थी और भारी बारिश के दौरान जलभराव होता था। अतिक्रमण हटने के बाद नई दिल्ली व दक्षिण दिल्ली को जलभराव से निजात मिल सकेगी। यहां झुग्गी बसी होने के कारण नाले की सफाई नहीं हो रही थी और नई दिल्ली व दक्षिण दिल्ली के कई इलाकों में हर मानसून में भारी जलभराव की समस्या उत्पन्न होती थी।

# दोषी ज्ञानसेकरन को आजीवन कारावास, कोर्ट ने 90000 रु. का जुर्माना भी लगाया

**चेन्नई।** चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में पिछले साल 23 दिसंबर को इंजीनियरिंग की एक छात्रा के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। आरोपी यूनिवर्सिटी परिसर के पास में बिरयानी बेचता था। आरोपी विवि की एक अस्थायी कर्मचारी का पति है और वह कैंपस में अक्सर आता जाता था। तमिलनाडु की चेन्नई महिला अदालत ने अन्ना विश्वविद्यालय दुष्कर्म मामले में आरोपी ए. ज्ञानसेकरन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 90 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने कहा कि आजीवन कारावास के दौरान दोषी को कम से कम 30 साल की कैद जेल की काल कोठरी में काटने होंगे।

# असम में बाढ़ ने बिगाड़े हालात, 764 गांवों में भरा पानी; बचाव कार्य तेज

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत में बाढ़ से भारी तबाही हुई है। असम सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यहां पर 15 जिलों के चार लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। राज्य में अब तक बाढ़, बारिश और भूस्खलन से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। पूर्वोत्तर में मानसून की पहली बारिश में ही हाहाकार मच गया। बारिश के चलते हो रहे भूस्खलन और बाढ़ ने परेशानी बढ़ा दी है। बाढ़ से सबसे ज्यादा हालात असम में बिगड़े हैं। यहां 20 जिलों के 764 गांवों में पानी भर गया और करीब चार लाख लोग प्रभावित हैं। दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने मूसलाधार बारिश की संभावना जताई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के मुताबिक कछार और श्रीभूमि जिलों में दो लोगों की जान चली गई। यहां पर इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 10 हो गई है। प्राधिकरण ने कहा कि कि कछार सबसे अधिक प्रभावित है, जहां एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। इसके बाद श्रीभूमि में 85,000 और नागांव में 62,000 लोग प्रभावित हैं। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में 764 गांव जलमग्न हैं और असम में 3,524.38 हेक्टेयर फसल क्षेत्र नष्ट हो गया है। बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए राहत व बचाव कार्य में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां लगी हैं। प्रशासन वर्तमान में 12 जिलों में 155 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है। 10,272 विस्थापित लोगों की देखभाल कर रहा है। अफसरों ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के बाढ़ पीड़ितों के बीच 1,090.08 क्विंटल चावल, 284.63 क्विंटल दाल, 952.76 क्विंटल नमक और 4,726.26 लीटर सरसों का तेल वितरित किया है। बारिश के चलते राज्य की नदियां उफान पर हैं। ब्रह्मपुत्र नदी डिब्रूगढ़ और निमातीघाट में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी सहायक नदियां नुमालीगढ़ में धनसिरी और कामपुर में कोपिली खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बराक नदी बदरपुर घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि इसकी सहायक नदी कुशियारा श्रीभूमि में और मतिजुरी में कटाखल भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

**जलमग्न**

> एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में 764 गांव जलमग्न हैं और असम में 3,524.38 हेक्टेयर फसल क्षेत्र नष्ट हो गया है।



वहीं राज्य भर के कई जिलों में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ और भूस्खलन से सड़क परिवहन, रेल यातायात और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुईं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार शाम को आगाह किया कि राज्य और पड़ोसी क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश के कारण निचले इलाकों और नदी तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्थिति और खराब होने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का जायजा लेने के लिए सरमा को फोन किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा से भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने चौदह फंसे हुए लोगों को निकाला गया।

# भारतीय अमेरिकी छात्रा ने फलस्तीनियों के समर्थन में दिया भाषण, दीक्षांत समारोह में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध

**मेघा**

> अब उसे डिप्लोमा डाक से प्राप्त होगा। छात्रा मेघा वेमुरी ने कहा कि वह अपने परिवार के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने उसका साथ दिया।



**न्यूयॉर्क।** मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की छात्रा ने दीक्षांत समारोह में गाजा में युद्ध की निंदा करने वाला और फलस्तीनियों के समर्थन में भाषण दिया था। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने छात्रा के खिलाफ कार्रवाई की। अमेरिका में एक भारतीय अमेरिकी छात्रा को फलस्तीनियों के समर्थन में भाषण देने पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने गाजा में युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद छात्रा मेघा वेमुरी को दीक्षांत समारोह (ग्रेजुएशन सेरेमनी) में शामिल होने से रोक दिया। एमआईटी की 2025 की कक्षा अध्यक्ष मेघा वेमुरी ने कहा कि भाषण के बाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नेतृत्व ने उन्हें बताया कि उन्हें शुक्रवार के दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई है। कार्यक्रम समाप्त होने तक उन्हें परिसर में आने से रोक दिया गया है। स्कूल के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की। स्कूल के प्रवक्ता ने कहा कि एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है, लेकिन अपने निर्णय पर कायम है, जो उस व्यक्ति के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया था। छात्रा को उसकी डिग्री मिल जाएगी। वेमुरी ने जो भाषण दिया उसमें वह अंश नहीं थे जो उसने समारोह से पहले कॉलेज को दिए थे। जॉर्जिया में पली-बढ़ी वेमुरी ने गुरुवार को कैम्ब्रिज विवि के मैसाचुसेट्स में वनएमआईटी के दीक्षांत समारोह में वक्ता के तौर पर भाषण दिया था। उन्होंने समारोह के गाउन के ऊपर फलस्तीन समर्थक चिह्न केफियेह लगाकर मंच पर प्रस्तुति दी थी। उन्होंने गाजा में युद्ध का विरोध करने के लिए अपने साथियों की प्रशंसा की तथा विश्वविद्यालय के इस्राइल के साथ संबंधों की आलोचना की थी। वेमुरी के पिता सरत ने बताया कि वह कम्प्यूटेशन एवं कॉग्निशन, भाषा विज्ञान में दोहरी डिग्री प्राप्त कर रही थी। अब उसे डिप्लोमा डाक से प्राप्त होगा। छात्रा मेघा वेमुरी ने कहा कि वह अपने परिवार के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने उसका साथ दिया। वह मंच पर न चल पाने से निराश नहीं हैं। मैं ऐसी संस्था के मंच पर जाने की कोई आवश्यकता नहीं समझती जो इस नरसंहार में शामिल है। मैं इस बात से निराश हूं कि एमआईटी के अधिकारियों ने बिना किसी योग्यता या उचित प्रक्रिया के मुझे दंडित करने के लिए अपनी भूमिका का उल्लंघन किया।

# ट्रंप के फैसलों पर चीन ने जताई नाराजगी

**ताइपे।** चीन अमेरिका के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की कि वह अमेरिका में पढ़ने वाले चीनी छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू कर देगा। अमेरिका ने चिप निर्यात पर नियंत्रण किया है। इसे लेकर चीन ने अमेरिका पर व्यापार चर्चाओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

चीन और अमेरिका के बीच चल रहे टैरिफ वार के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चीनी छात्रों के वीजा रद्द करने और कंप्यूटर चिप निर्यात नियंत्रण निर्देश जारी करने के फैसले पर चीन ने नाराजगी जाहिर की है। चीन ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने उसके हितों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठाए हैं। साथ ही अमेरिका नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़का रहा है।

चीन ने वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि ट्रंप के फैसले पिछले महीने जेनेवा में व्यापार चर्चाओं के दौरान बनी आम सहमति का उल्लंघन हैं। चीन-अमेरिका के संयुक्त बयान का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि चीन ने समझौते के बाद अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ के विरुद्ध टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों को रद्द या निलंबित करते हुए समझौते पर अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखी है। जबकि अमेरिका ने एकतरफा ढंग से नए आर्थिक और व्यापारिक तनाव को भड़काया है। इससे द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों में अनिश्चितता और अस्थिरता बढ़ गई है। जबकि चीन अपनी प्रतिबद्धताओं पर कायम है।

**विचार**

> बयान में कहा गया कि खुद पर विचार करने के बजाय अमेरिका ने स्थिति को पलट दिया है।



चीन ने बदला लेने की धमकी देते हुए कहा कि चीन अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ और सशक्त कदम उठाना जारी रखेगा। बयान में कहा गया कि खुद पर विचार करने के बजाय अमेरिका ने स्थिति को पलट दिया है। अनुचित रूप से चीन पर आम सहमति का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जो सरासर गलत है। चीन और अमेरिका के बीच विवाद ट्रंप के बयान के बाद बढ़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि बुरी खबर यह है कि चीन ने हमारे साथ अपने समझौते का पूरी तरह से उल्लंघन किया है, जो कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली बात नहीं है। अब %मिस्टर नाइस गाइ% बनने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करेंगे और कोशिश करेंगे कि कोई समाधान निकले।

चीन अमेरिका के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की कि वह अमेरिका में पढ़ने वाले चीनी छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू कर देगा। इसके अलावा अमेरिका चीन की कंप्यूटर चिप्स तक पहुंच को रोकना चाहता है।

# लकड़ी के डिब्बों में रखकर रूस भेजे गए ड्रोन



**कीव।** यूक्रेन ने भीषण ड्रोन हमले में रूस के 40 से ज्यादा सैन्य विमानों को तबाह कर दिया। यूक्रेन की ओर से पहली बार रूस पर अब तक का सबसे लंबी दूरी का हमला किया। यूक्रेन ने अपने इस अभियान को ऑपरेशन स्पाइडर वेब नाम दिया है। आइए जानते हैं कैसे दिया गया रूस में हमले को अंजाम...। यूक्रेन ने रविवार को रूस में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के ड्रोन ने रूस के अंदर घुसकर बड़ी तबाही मचाई और उसके पांच एयरबेस को निशाना बनाया। यूक्रेन ने अपने इस गुप्त अभियान को ऑपरेशन स्पाइडर वेब नाम दिया है। करीब डेढ़ साल की लंबी योजना के बाद यूक्रेन के हमले में रूस के 41 विमानों को निशाना बनाया गया। इसमें टीयू-95 और टीयू-22 रणनीतिक बमवर्षक और ए-50 रडार डिटेक्शन और कमांड विमान शामिल थे। अपने ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए यूक्रेन ने लकड़ी के डिब्बों में रखकर रूस तक ड्रोन भेजे थे। आइए जानते हैं यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब ने कैसे रूस को नुकसान पहुंचाया? यूक्रेन डेढ़ साल से ऑपरेशन स्पाइडर वेब की तैयारी कर रहा था। ड्रोन को कैसे और कब लॉन्च करना है, बाकायदा इसकी पूरी योजना बनाई गई। यूक्रेन के ड्रोन रूस की सीमा के अंदर चार हजार किमी तक कैसे पहुंचें, इसका भी पूरा खाका तैयार किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि डेढ़ साल से ज्यादा की योजना के बाद ऑपरेशन स्पाइडर वेब शुरू किया गया। हमने बड़े पैमाने पर किए इस हमले में 117 ड्रोन तैनात किए। इन ड्रोन ने लक्षित हवाई क्षेत्रों में क्रूज मिसाइल वाहकों के 34 प्रतिशत हिस्से को निशाना बनाया। रूस के हमलों का यूक्रेन ने पहले भी ड्रोन से जवाब दिया है। इस बार भी यूक्रेन ने ड्रोन का इस्तेमाल करके रूस को नुकसान पहुंचाया। यूक्रेन सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने बताया कि ऑपरेशन स्पाइडर वेब के लिए ड्रोन को पहले तस्करी के जरिये ट्रक में छिपाकर रूस की सीमा के अंदर पहुंचाया गया। इन ड्रोन को ट्रकों में लकड़ी के डिब्बे में छिपाया गया था। हमले के वक्त ट्रक की छत को खोला गया और ड्रोन ने हमले शुरू कर दिए। एसयूबी की ओर से जारी की गई तस्वीरों में परिवहन कंटेनरो में काले छोटे ड्रोन छिपे नजर आ रहे हैं।

# राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव करोल नावरॉकी की जीत

**वारसॉ।** पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव के रनऑफ में लिबरल रफाल ट्र्जासकोव्स्की और राइट-विंग करोल नावरॉकी के बीच कांटे की टक्कर रही। एग्जिट पोल में दोनों नेता लगभग बराबरी पर थे। चुनाव में कंजर्वेटिव नेता करोल नावरॉकी की जीत हो गई। उनको 50.89 फीसदी वोट मिले।

पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। यहां राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव नेता करोल नावरॉकी की जीत हो गई है। उन्होंने 50.89 फीसदी मत पाकर प्रतिद्वंदी लिबरल उम्मीदवार और वारसा के मेयर रफाल ट्र्जासकोव्स्की को हराया। ट्र्जासकोव्स्की को 49.11 फीसदी वोट मिले। जीत के बाद नावरॉकी ने कहा कि हम पोलैंड को बचाएंगे।

राष्ट्रपति चुनाव में लिबरल उम्मीदवार और वारसा के मेयर रफाल ट्र्जासकोव्स्की और राइट-विंग इतिहासकार करोल नावरॉकी के बीच बेहद कड़ा मुकाबला देखने को मिला। एग्जिट पोल के मुताबिक ट्र्जासकोव्स्की को 49.3त्न और नावरॉकी को 50.7त्न वोट मिले थे। लेकिन 2त्न की त्रुटि सीमा को देखते हुए यह मुकाबला बराबरी पर माना जा रहा था। इससे पहले एग्जिट पोल में ट्रजास्कोवस्की को नावरॉकी पर मामूली बढ़त दिखाई गई थी।

रविवार रात वोटिंग खत्म होने के बाद दोनों उम्मीदवारों ने वारसा में अपने-अपने समर्थकों के बीच जीत का दावा किया था। एक तरफ जहां ट्र्जासकोव्स्की ने कहा कि हम चुनाव जीत गए हैं और अब हम भविष्य पर ध्यान देंगे। यह पोलैंड के इतिहास में वाकई एक खास पल है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह हमें आगे बढ़ने और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। मैं आपका राष्ट्रपति बनूंगा। वहीं दूसरी ओर नावरॉकी ने कहा कि हम जीतेंगे और पोलैंड को बचाएंगे। हम डोनाल्ड टस्क को सत्ता पर अपनी पकड़ पूरी तरह से कायम नहीं करने देंगे।

अंतिम परिणाम सोमवार को आने की उम्मीद है। बता दें कि पोलैंड में जारी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर घमासान इसलिए भी खास है, क्योंकि यह चुनाव सिर्फ राष्ट्रपति चुनने का नहीं, बल्कि यह तय करेगा कि पोलैंड एक राष्ट्रवादी रास्ता अपनाएगा या यूरोपियन यूनियन (ईयू) के साथ लिबरल सहयोग बढ़ाएगा। देखा जाए तो नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मौजूदा प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क की सरकार की नीतियों को वीटो करने या समर्थन देने की भूमिका में होगा, जिससे सरकार का कामकाज प्रभावित हो सकता है।

अब बात अगर दोनों नेताओं के विचार की करें तो जहां एक तरफ रफाल ट्र्जासकोव्स्की (53), जो वारसा के मेयर भी हैं, एक प्रगतिशील नेता माने जाते हैं। वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता बहाल करने, महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाने और यूरोपीय संघ के साथ मजबूत रिश्तों के पक्षधर हैं। ट्र्जासकोव्स्की रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन की नाटो सदस्यता का भी समर्थन करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सामाजिक संवाद और विभाजन खत्म करने की बात कही है।



वहीं दूसरी ओर, करोल नावरॉकी एक रूढ़िवादी विचारधारा के नेता हैं। वे पारंपरिक कैथोलिक मूल्यों और धार्मिक पहचान को प्राथमिकता देते हैं। वे यूरोपीय संघ की नीतियों को लेकर संदेह रखते हैं और गैरकानूनी प्रवासियों का कड़ा विरोध करते हैं। नावरॉकी यूक्रेन की नाटो सदस्यता के खिलाफ हैं, और उनका अभियान अमेरिकी दक्षिणपंथी एजेंडे से मेल खाता दिखा। हालांकि उनके अतीत में हिंसक झगड़ों और आपराधिक तत्वों से कथित संबंध रहे हैं, फिर भी उनके समर्थकों पर इसका खास असर नहीं पड़ा।

# राम नाम अति मीठा है कोई गा के देख ले

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** गंगा अवतरण दिवस एवं गंगा दशहरा के पावन पर्व पर हरिहर आरती समिति द्वारा रामघाट पर चल रहे दस दिवसीय 25वें गंगा महोत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के छठवें दिन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रख्यात भजन गायक मनोज गुप्ता के भजनों पर गंगा भक्त आह्लादित हो उठे।

उन्होंने गंगा तेरा पानी अमृत, राम नाम अति मीठा है कोई गा के देख ले, रामायण की चौपाइयां, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, गंगा हमारी कहे बात यह रोते-रोते, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, मेरे रघुवर प्यारे का दरबार बड़ा न्यारा है, अपने मन में सीताराम को बसा लो भक्तों आदि भजनों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर डाला। उनके साथ सह गायिका के रूप में लक्ष्मी गुप्ता ने भी कई भजनों से श्रोताओं को आह्लादित किया। सिंथेसाइजर पर अंबर गुप्ता, ढोलक पर राजा भट्ट, तबले पर आशुतोष गुप्ता तथा ऑक्टोपैड पर पवन भट्ट ने शानदार संगत से कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया।



हरिहर आरती समिति द्वारा आयोजित गंगा महोत्सव में मनोज गुप्ता के भजनों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**गंगा महोत्सव के छठवें दिन-** हरिहर गंगा आरती समिति के महासचिव अवधेश चंद्र गुप्ता ने उपस्थित गंगा भक्तों को स्वच्छता संकल्प अभियान के अंतर्गत सभी को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र बड़े बाबू द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुशलता से डॉ. आभा मधुर श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय एवं लाल जी यादव, नीरज, गोलू चाचा,पंकज बिंद, आशीष, विनोद पांडे, विशाल ढोलकिया, मनोज पांडे, पंडित रेनू मिश्रा, शैलेंद्र शुक्ला ,अजय अज्जू, कोषाध्यक्ष संजय कुमार एवं दिव्यांश श्रीवास्तव, प्रबंधन मिठाई लाल अज्जू एवं संजय मेहरोत्रा, मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार मौर्य 'चुन्नू बाबा', सह-मीडिया प्रभारी विपुल मित्तल तथा अन्य सदस्यगण सम्मिलित रहे।

## टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित

**मैनपुरी।** उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगर यथा बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई आदि ट्रेडों में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है, उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी उद्योग निदेशालय की बेवसाइट पर दि. 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र यथा जाति प्रमाण पत्र, आधार नम्बर, बैंक खाता पासबुक, सम्बन्धित ट्रेड में कार्य करने सम्बभ्धी ग्राम प्रधान, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के सभासद द्वारा जारी प्रमाण पत्र, फोटो, स्कैन किये गये हस्ताक्षर एवं मोबाइल नम्बर अपलोड किये जायेंगे, आवेदन करते समय अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर एवं खाता संख्या सही अंकित करवायें, योजनान्तर्गत अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार की सूचना उनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित किये गये मोबाइल नम्बर पर दी जायेगी।

# नगर निगम में लहराया भाजपा का जीत का परचम

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज के कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विजेता प्रत्याशियों में राजू शुक्ला रुद्रसेन जायसवाल, संजय कुमार पासी रिया केसरवानी, शिव नारायण यादव रहे। विजयी होने के बाद सभी प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में किया गया।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को मिठाई खिलाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम के इतिहास में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय हुई है। यह जीत भाजपा की विचारधारा, एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं भाजपा के सभी पार्षदों की एकता एवं सूझबूझ की जीत है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि चुनाव के पर्यवेक्षक कुंज बिहारी मिश्रा, रवि केसरवानी एवं सहायक आनंद सोनकर रहे।



नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी निर्विरोध हुए विजयी

इस अवसर पर सभी निर्विरोध नव निर्वाचित प्रत्याशियों को पार्षद किरन जायसवाल, सुनीता चोपड़ा, शैलेंद्र मौर्य, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी रवि, देवेश सिंह, डॉ शैलेश पांडे, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, गिरिजेश मिश्रा , राम लोचन साहू,आशीष गुप्ता,,राजू पाठक, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य,राजन शुक्ला, अनुपमा पांडे, उमेश मिश्रा,एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं पार्षदों ने बधाई दी।

## ईंट के प्रहार से घायल भाई उपचार के दौरान तोड़ा दम,घर पर मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोईनाबाद निवासी पवन आत्मा सोमवार को भोर तीन बजे उपचार के दौरान ही अस्पताल में दम तोड दिया। मौत से घर पर कोहराम मच गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु जिला अस्पताल में भेज दिया। मुबारकपुर के ग्राम मोईनाबाद निवासी पवन आत्मा 30वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिव चन्द राम का अपने बड़े भाई से विवाद हो गया था। दोनों आपस झगड़ रहे थे कि बड़ा भाई ईंट से सर पर हमला कर दिया। हमला से घायल भाई को विगत दिवस बृहस्पतिवार को जिला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तभी से वहां उपचार चल रहा था कि।आज पांचवें दिन अस्पताल में ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना से घर कोहराम मच गया है। मृतक मजदूरी कर अपना और परिजनों का भरण-पोषण करता था। मृतक का एक पुत्र व एक पुत्री का पिता बताया जाता है। पुलिस ने मामला को दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोर्चरी हाउस जिला अस्पताल भेज दिया है।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** ग्रामीण चिकित्सक सामाजिक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वधान में जनपद के शाहगढ़ स्थित एक होटल के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिले से लगाए अंबेडकर नगर और मऊ जिले तक के ग्रामीण चिकित्सकों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे सरोज हॉस्पिटल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए.के यादव ने चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। ताकि ग्रामीण चिकित्सक मरीजों को ठीक ढंग से प्राथमिक उपचार दे सके। प्रशिक्षक द्वारा हड्डी से संबंधित तमात बीमारियों व उसके इलाज के लिए दवाओं के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा करके ग्रामीण चिकित्सकों के स्तर को ऊपर उठाने का समुचित प्रयास किया गया। संगठन का उद्देश्य है कि समाज में दबे कुचले और गरीब तबके के लोगों को कम पैसे में सही इलाज देकर पूरे प्रदेश में जागरूकता की एक अलख जगाने का कार्य करे। कार्यक्रम के दौरान कुछ चिकित्सकों को संगठन में नई जिम्मेदारी सौंपते हुए लालगंज में डॉ कैलाश सरोज को जिलाध्यक्ष, डॉ संतोष सरोज को जिला उपाध्यक्ष और डॉ जितेंद्र यादव को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान डॉ संतोष शर्मा, डॉ अनिल सरोज, डॉ एके जैसवारा, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ ओपी सरोज, डॉ यूसुफ खान, डॉ सीवी सरोज, विनोद शर्मा, अनुराग गुप्ता, करुणाकर मिश्रा, संजय तिवारी, पप्पू गौंड, राजवीर सिंह सहित आदि ग्रामीण चिकित्सक मौजूद रहे।

# पुलिस से पशु तस्कर की मुठभेड़, पैर में लगी गोली

- बदमाश की फायरिंग में बाल बाल बचे रामाश्रय राय
- तस्कर के खिलाफ दर्ज है आधा दर्जन मुकदमें

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पशु तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने बीती रात आजमगढ़ जौनपुर के सोंगर गांव के बॉर्डर पर मुठभेड़ के दौरान जबरदस्त घेराबंदी के बाद एक कुख्यात पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान इस बदमाश के पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, दो खोखे कारतूस, एक मिस कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

इस बदमाश की पहचान मनीष यादव के रूप में हुई है। इसके ऊपर चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट शामिल है। इस संबंध में खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने मीडिया को बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव और शाहगंज की डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान के निर्देशन में बीती रात आजमगढ़ जौनपुर बॉर्डर पर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति बहुत तेजी के साथ आ रहा था । मानीकला पुलिस चौकी प्रभारी शैलेंद्र राय ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह उनके ऊपर बाइक चढ़ाते हुए मानीकला की तरफ भागने लगा। चौकी प्रभारी ने थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय को सूचना देते हुए उसका निरंतर पीछा जारी रखा।

### मुठभेड़ में ये रहे शामिल

खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार पशु तस्कर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना जलालपुर, कोतवाली केराकत में उसके खिलाफ गो वध नियम और आर्म्स एक्ट की कार्रवाई हो चुकी है। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक शैलेंद्र राय, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार यादव, शुभम त्यागी, दिनेश यादव, अमरजीत अन्य शामिल रहे। बरामद हीरो सुपर बाइक पर यूपी 45 के 5933 का नम्बर प्लेट लगा हुआ था।

आखिरकार नियाज स्कूल की तरफ चारों ओर से घिरता देख खाली प्लाट की तरफ वह अपनी बाइक मोड़ दिया।

इस दौरान उसने पुलिस के ऊपर फायर किया। संयोग ही रहा कि खेतासराय थाना प्रभारी को छूते हुए गोली निकल गई। बदमाश ने दूसरी बार फिर फायर किया तो पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। पूछताछ के दौरान पशु तस्कर की पहचान मनीष यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम बहरीपुर, थाना जलालपुर के रूप में हुई।

गोली लगने से घायल पशु तस्कर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी में भर्ती कराया गया है। मनीष के पास से .315 बोर का तमंचा, दो खोखे कारतूस, एक मिस कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मनीष पर चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### 07 जून को मनाया जायेगी बकरीद : अपर जिला मजिस्ट्रेट

**मैनपुरी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्याम लता आनन्द ने बताया कि जनपद में माह जून में दि. 07 जून को बकरीद का त्यौहार मनाया जायेगा, उक्त त्यौहार के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय संगठन अपने निहित स्वार्थो की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गो एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-163 भा.ना.सु.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 30 जून 2025 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये, इस आदेश की किसी भी धारा या अनुच्छेद का उल्लघंन भा.ना.सु.सं-2023 की संगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

### संविधान को कमजोर कर रही है बीजेपी सरकार



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मडियाहूँ विधानसभा के पाली बाजार स्थित रामपुर नदी के पास संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर मनीन्द्र मिश्रा ने केंद्र और राज्य सरकार पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. प्रमोद सिंह ने की और कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत कर अत्याचारों का विरोध करेगी। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर डॉ. आरसी पांडेय ने किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ कांग्रेस की भूमिका को रेखांकित किया। सम्मेलन में कई अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। संचालन मनीष दुबे और धन्यवाद रमजान अली ने दिया।

### ऑटो चालको ने भ्रष्टाचार में लिप्त है जिला सरकारी अस्पताल के विरोध डीएम को सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** प्रदेश सरकार मरीजों के इलाज में सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरस्त रखने का दावा कर रही है। बावजूद अस्पतालों में बैठे सरकार के मातहत ही सरकार को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वहीं कुछ दिन पहले सरकारी डॉक्टर द्वारा सीएमओ को पैसा देने का वीडियो वायरल हुआ था। वही कोई परिजन गलत घटना को लेकर विरोध करता है तो सुरक्षा में लगे गार्ड द्वारा मारपीट की कई घटनाएं पुर्व में हो चुकी है ऐसे में सरकारी तंत्र सुरक्षा गार्ड से लेकर भगवान का रूप कहे जाने वाले डॉक्टर पुरा तंत्र ही भ्रष्टाचार आकंठ में डूबा हुआ है आए दिन इन अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों के साथ छलावा हो रहा है। ऐसे भ्रष्टाचार के मामले में ऑटो रिक्शा चालक समिति में कार्यवाही की मांग की है। बता दे कि सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे ऑटो रिक्शा चालक समिति उत्तर प्रदेश व जन किसान कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वधान में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# योग भारत की प्राचीनतम धरोहर: प्रो. वंदना



अवधनामा संवाददाता

- पीयू में योग दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सोमवार को मुक्तांगन परिसर में ÷सूर्य नमस्कार÷ पर आधारित विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार और विविध योगासन का अभ्यास किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम धरोहर है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार को योग की एक अत्यंत प्रभावशाली श्रृंखला बताते हुए कहा कि यह अभ्यास सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए शरीर, मन और आत्मा का समन्वय स्थापित करता है। कुलपति प्रो सिंह ने प्रतिभागियों को योग को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन है, जो भारतीय संस्कृति की आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और योग प्रशिक्षक जय सिंह द्वारा प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार की बारह शारीरिक क्रियाओं के साथ-साथ विभिन्न योगासन व प्राणायाम की विधियां अभ्यास पूर्वक कराई गई। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योग सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, कार्यक्रम संयोजक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. विक्रम देव शर्मा, प्रो. राजकुमार, प्रो. गिरिधर मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव, उपकुलसचिव अमृत लाल, डॉ रसिकेश, डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न संकायों के शिक्षकगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बालक के सर्वांगी विकास ही लक्ष्य: डॉ. रोहित मिश्र

**प्रयागराज।** सरस्वती शिशु व विद्या निकेतन कटघर प्रयाग में भईया बहनों का ग्रीष्म कालीन शिविर के प्रथम दिन विद्या भारती के मंत्री शरद गुप्त और रोहित मिश्र ने सरस्वती मा के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके पुष्प अर्पित कर के श्री गणेश किया। इस अवसर पर आये हुए अतिथियों को अंग वस्त्र से स्वागत किया। समर कैंप के मुख्य अतिथि रोहित मिश्र ने सरल और यथार्थ ज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि देश नयी पीढ़ी का इन्तज़ार कर रहा है। शिशु मंदिरों के मद्यध्यम से किये जा रहे गति विधि से देश भक्त पीढ़ी, और ईमान दार युवा निर्मित किया जा रहा है। आज देश को ऐसे नव युवा पीढ़ी की आवश्यकता है जो देश और समाज दोनों को आत्म निर्भर बना सके। विद्या भारती के मंत्री शरद गुप्त ने बताया कि हमारे आदर्श ध्रुव, प्रहलाद हैं जो हमेशा दृढ़ और अविचल हैं। हम इनके आदर्शो पर चले ताकि देश एकबार फिर जगत् गुरु बनकर विश्व का मार्ग दर्शन करें.समर कैंप मे प्रातः स्मरण, योग, आसन, नियुध और कला, मृदा आधारित कला, क्राफ्ट और अंग्रेजी सम्भाषण पर फोकस किया गया है।

# करेली की झुग्गियों में रात भर तलाशी गए बांग्लादेशी

- सैकड़ों लोग भागे, कोई दस्तावेज नहीं मिला



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार की रात जीटीबी नगर की झुग्गियों में बड़ा सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में कई बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं।

जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, झुग्गियों से सैकड़ों लोग भाग निकले। थाना प्रभारी राजेश मौर्य ने बताया कि सत्यापन के दौरान कोई भी व्यक्ति वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार जीटीबी नगर की झुग्गियों में झारखंड और पश्चिम बंगाल से हजारों लोगों ने अस्थायी निवास बना रखा है। इन लोगों ने स्थानीय पते पर आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनवा लिए हैं। ये सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ भी ले रहे हैं।

पुलिस को आशंका है कि इन लोगों के बीच कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी छिपे हुए हैं। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। फरार लोगों की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मामले में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# अर्धकुंभ 2031 से पहले बदलेगी शहर की सूरत: केशव मौर्या

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अर्धकुंभ 2031 की तैयारियों को लेकर की नगर निगम की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में अर्धकुंभ 2031 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।उप मुख्यमंत्री ने अर्धकुंभ से पहले शहर के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने सड़क निर्माण, सीवर लाइन और विद्युत आपूर्ति की योजनाओं को समयबद्ध और त्रुटिरहित पूरा करने के निर्देश दिए। गंगा नदी के किनारे गंगा पथ का विकास प्रस्तावित किया गया है। यह रिवर फ्रंट अर्धकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही यह सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को रोकने में मदद करेगा। प्रयागराज में 75 किलोमीटर लंबी रिंग



रोड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसके 1 किलोमीटर के दायरे में आधुनिक विकास की योजना बनाई जाएगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद इस योजना को तैयार करेंगे। श्री मौर्य ने सभी विभागों को जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अर्धकुंभ 2031 प्रयागराज के कायाकल्प का अवसर है। सरकार का लक्ष्य है कि इस धार्मिक आयोजन से पहले शहर को आधुनिक और नागरिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाए।

## डॉ. रवि भूषण महाराजा कृष्ण जैन स्मृति सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी के प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण को शिलांग में महाराज कृष्ण जैन स्मृति सम्मान मिला। पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी शिलांग द्वारा यह कार्यक्रम मेघालय की राजधानी शिलांग में 19 वें लेखक मिलन शिविर 30 मई से 01जून 2025 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन आईएएस डॉ वी0 डी0 तिवारी सचिव राज्यपाल मेघालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देश भर के 18 राज्यों के लेखक, रचनाकार, कवि, कहानी कार सम्मिलित हुए। तीन दिन चले कार्यक्रम में 120 लेखकों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरी प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ रवि भूषण ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रस्तुति दी, रचना धर्मिता व हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए डॉ रवि भूषण को अकादमी की ओर से ÷महाराजा कृष्ण जैन स्मृति सम्मान÷ से सम्मानित किया गया।

# आगामी त्योहारों को लेकर की पीस कमेटी की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** आगामी पड़ने वाले त्योहार बकरीद सात जुन को ध्यान में रखकर रविवार को थानाध्यक्ष निहार नंदन कुमार कि देखरेख में एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी आस्था जायसवाल कि अध्यक्षता में 24 इदगाह 41 मस्जिदों में नमाज अदा करने को लेकर एक पीस कमेटी की बैठक आहुति किया गया। एसपी सिटी श्री सिंह ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनायेंगे प्रतिबंध पशुओं कि कुर्बानी नहीं होगी आप लोग यह विशेष रूप से ध्यान दें कि अवशेष को इधर से उधर करने में कहीं त्रुटी न हो जबकि आप का किसी के भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं लेकिन कहीं किसी के गलती हो जायें तो आप पुलिस से सहयोग ले। श्रीमती जयसवाल ने कहा कि कोई भी नई परम्परा को जन्म नहीं होने दिया जाएगा नपा और सभी गांव के प्रधान अपने कर्तव्यों का निर्वहन कराना सुनिश्चित करें प्रशासन को कहीं भी किसी तरह का व्यवधान होतो थानाध्यक्ष, पुलिस चौकी या मुझे जानकारी साझा करें। थानाध्यक्ष निहार नंदन कुमार ने कहा कि जोभी अवशेष हो निश्चित स्थान पर पर गड्ढे में ही फेंके इसके साथ ही शाह के पंजा में नगरपालिका के द्वारा सफाई को लेकर कारी मोहम्मद अशरफ इमाम,नेवादा वार्ड नंबर 17 के सभासद शम्सुजमा ने अवसेश को समुचित व्यवस्थाओं को लेकर बात उठाई जिसपर वरिष्ठ लिपिक राजन चौधरी ने मौका मुआयना करने के बाद समय से पहले निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा, सुरेश यादव,राघव राम यादव, जमाल प्रधान इब्राहिमपुर, जमीर अहमद आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता

### जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 9 nag at Ward Husainabad | रु 209829.00 | रु 4200.00 | रु 250 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

पृ0सं0-22/EE-6/L.J.S./2025-26
दि0- 02-06-2025

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

# महिंद्रा थार ROXX में डॉल्बी एटमॉस प्रदान करेगा मनोरंजन का बेहतर अनुभव

## दुनिया में पहली बार महिंद्रा थार ROXX में डॉल्बी एटमॉस के साथ मिलेगा 4-चैनल इमर्सिव ऑडियो

**नई दिल्ली।** इमर्सिव एंटरटेनमेंट अनुभवों में ग्लोबल लीडर, डॉल्बी लैबोरेटरीज़ और भारत के प्रमुख एसयूवी निर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मिलकर आज महिंद्रा थार ROXX AX7L वैरिएंट में डॉल्बी एटमॉस पेश किया। एसयूवी में 4 चैनल के साथ डॉल्बी एटमॉस इमर्सिव ऑडियो देने वाला यह ग्लोबल एसयूवी बाजार में पहला इनोवेशन है।

थार ROXX एसयूवी में एंटरटेनमेंट के अनुभव को बदल रही है। शहरों की गलियों में हो या फिर दूरदराज के इलाकों में, डॉल्बी एटमॉस आपके हर सफर को बेहतर बनाकर अतुलनीय डेप्थ और रियलिज़्म के साथ साउंड का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है।

इन्फोटेनमेंट सिस्टम में गाना की स्ट्रीमिंग के साथ थार ROXX में कभी भी संगीत का अनुभव डॉल्बी एटमॉस के साथ लिया जा सकता है, जिससे हर सफर यादगार बन जाता है।



इस सहयोग के बारे में करन ग्रोवर, सीनियर डायरेक्टर, कमर्शियल पार्टनरशिप्सआईएमआईए, डॉल्बी लैबोरेटरीज़ ने कहा, ''हम महिंद्रा के साथ इस सहयोग द्वारा खासकर भारत में अपने ग्राहकों को पेश की जा रही संभावनाओं के लिए उत्साहित हैं। थार ROXX AX7L में डॉल्बी एटमॉस के साथ हम कार के सफर को एक नए क्षितिज पर ले जा रहे हैं और इंटीरियर केबिन को एक पर्सनालाईज़्ड कॉन्सर्ट में तब्दील कर रहे हैं। डॉल्बी एटमॉस थार ROXX AX7L की एडवेंचर की भावना के तालमेल में ऑडियो का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा।''

श्री वेलुसामी आर, प्रेसिडेंट - ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने कहा, ''महिंद्रा में हम लगातार ऑटोमोटिव इनोवेशन के असीमित दायरों की ओर बढ़ते रहते हैं। थार ROXX इसी भावना का प्रमाण है। यह दुनिया का पहला वाहन है, जिसमें डॉल्बी एटमॉस 4 चैनल इमर्सिव ऑडियो के साथ प्रीमियम 9-स्पीकर हर्मन कार्डन ब्रांडेड ऑडियो सिस्टम में इंटीग्रेट किया गया है। इसके साथ हम ड्राईविंग के अनुभव में परिवर्तन ला रहे हैं। चाहे कैसा भी मार्ग या परिस्थितियाँ हों, थार ROXX भारतीय सड़कों पर एक ऐसा बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है, जो कोई और एसयूवी प्रदान नहीं कर सकती है। डॉल्बी एटमॉस अब इस अनुभव के हर क्षण को जीवंत बना देगा।''

महिंद्रा और डॉल्बी के बीच इस सहयोग के साथ इन-केबिन टेक्नोलॉजी के नए मानक स्थापित हुए हैं। यह सहयोग ग्लोबल इंडियन ग्राहकों के लिए है, जो परफॉर्मेंस और डिज़ाईन के साथ इमर्सिव डिजिटल लाईफस्टाईल पसंद करते हैं। महिंद्रा ने डॉल्बी एटमॉस के साथ थार ROXX की जबरदस्त मांग को पूरा करने के लिए इसके उत्पादन को बढ़ाया है। इसलिए ग्राहकों को अब कम वेटिंग टाईम के साथ इस एसयूवी के रोमांच और इनोवेशन का अनुभव मिल सकेगा।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मई 2025 में सकारात्मक बिक्री गति कायम रखी

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बिक्री की अपनी गति को कायम रखते हुए पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 22% की वृद्धि की है। महीने के दौरान कंपनी ने 30,864 गाड़ियां बेचीं, जिसमें 29,280 गाड़ियों की बिक्री देश में ही हुई और 1,584 गाड़ियों का निर्यात हुआ। मई 2024 में, टीकेएम ने 25,273 गाड़ियां बेची थीं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों में 27% की वृद्धि दर्ज की, जिसमें 58,188 गाड़ियां बेची गईं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 45,767 इकाइयों का था।

मई महीने की बिक्री के बारे में बताते हुए कंपनी के बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा, मई में, हमने 22% की वृद्धि हासिल की, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों के स्थायी विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। इसके लिए हम बहुत आभारी हैं। मानसून की शुरुआत और सामान्य से बेहतर मौसम के संकेत देने वाले पूर्वानुमानों के साथ, हम आने वाले महीनों में बेहतर बाजार भावना की उम्मीद रखते हैं, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। हमारे विशाल उत्पाद पोर्टफोलियो और अभिनव अभियानों द्वारा समर्थित, इस विकास प्रक्षेपवक्र को बनाए रखने के लिए हम अच्छी स्थिति में हैं।

समग्र बाजार रुझानों के अनुरूप, हमारे एमपीवी और एसयूवी सेगमेंट प्राथमिक विकास चालक बने हुए हैं जो भरोसेमंद और बहुमुखी गतिशीलता विकल्पों के प्रति ग्राहकों की पसंद में स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। अप्रैल- मई वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान,एमपीवी और एसयूवी की संयुक्त बिक्री में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 34% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जो इन सेगमेंट की मजबूत पकड़ को रेखांकित करती है। इस गति को मजबूत करते हुए, हमने इस महीने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया, जब टोयोटा फॉर्च्यूनर और लीजेंडर ने भारत में कुल तीन लाख यूनिट की बिक्री को पार कर लिया - प्रीमियम एसयूवी श्रेणी में बेंचमार्क के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया।

# मेकमायट्रिप ने ट्रेन यात्रियों के लिए नया 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत में रिज़र्व्ड ट्रेन टिकट यात्रा से 60 दिन पहले बुक किए जा सकते हैं। लेकिन, ज्यादातर लोग अपनी यात्रा की योजना अक्सर बाद में बनाते हैं। मेकमायट्रिप के डेटा से पता चलता है, कि लगभग 40% लोग कई बार और कई दिनों तक कोशिश करके टिकट बुक करते हैं। इनमें से करीब 70% लोगों को वेटिंग लिस्ट वाले टिकट लेना पड़ता है, क्योंकि उनका प्लान पक्का होने तक कन्फर्म सीटें खत्म हो जाती हैं। डिमांड पैटर्न में हर हफ्ते काफी बदलाव आता है, जिससे कन्फर्म बुकिंग की समय-सीमा बदलती रहती है। अप्रैल में, ज्यादातर हाई-स्पीड ट्रेनों के टिकट यात्रा से 13 दिन पहले बिक गए थे। बढ़ती मांग के कारण, मई तक ये आमतौर पर 20 दिन पहले ही बुक हो जाती थी। यात्रियों के लिए इसका मतलब है कि भले ही वे जानते हों कि उन्हें कौन सी ट्रेन चाहिए, लेकिन उन्हें यह भरोसा नहीं होता कि सीटें कब तक उपलब्ध रहेंगी, जिससे समय पर योजना बनाना मुश्किल हो जाता है। रेल यात्रियों को बेहतर योजना बनाने में मदद करने के लिए, मेकमायट्रिप ने 'सीट अवेलेबिलिटी फोरकास्ट' फीचर पेश किया है, जिससे यह पता चल सकता है कि किसी चुनिंदा ट्रेन की सीटें कब तक बिक सकती हैं। यह फीचर वर्षों के ऐतिहासिक बुकिंग डेटा और वास्तविक समय में मांग के संकेतों को मिलाकर बनाए गए आधुनिक मॉडलों पर आधारित हैं।

# वेस्टीज ने सशक्तीकरण के सफर के 21 साल पूरे किए

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में शुमार वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने लोगों के जीवन को सशक्त बनाने के अपने सफर के 21 साल पूरे कर लिए। इस मौके पर त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान न केवल वेस्टीज के उद्यमिता के सफर के दो दशक से अधिक समय का जश्न मनाया गया, बल्कि अपने प्रमुख उद्देश्यों÷ संपूर्ण कल्याण (होलिस्टिक वेलबीइंग) को सक्षम बनाने, आत्म निर्भरता और भारत एवं अन्य देशों में लाखों लोगों की वित्तीय आजादी को लेकर कंपनी की अथक प्रतिबद्धता भी सामने आई। लोगों को अपनी शर्तों पर वित्तीय आजादी के साथ जीवन जीने में मदद करने के लक्ष्य के साथ वेस्टीज ने एक अनूठा इकोसिस्टम तैयार किया है, जिससे महत्वाकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने में मदद मिलती है। वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री गौतम बाली ने कहा, 'वेस्टीज में आज हम केवल वर्षगांठ नहीं मना रहे हैं, बल्कि बदलाव, रेजिलिएंस एवं गर्व की अनगिनत कहानियों का भी जश्न मना रहे हैं। हमारी 21वीं वर्षगांठ अपने डिस्ट्रब्यूटर्स के प्रति हमारा सम्मान है। हमारी सफलता का मुख्य स्तंभ हमारे डिस्ट्रीब्यूटर्स ही हैं।

# जब मिल जाए आपका सच्चा प्यार, तो उसे खास बनाएं प्लैटिनम लव बैंड्स द वेडिंग एडिशन के साथ



**नई दिल्ली।** गर्मियों में वेडिंग सीज़न का उत्साह बढ़ाने के लिए, प्लैटिनम लव बैंड्स पेश करता है ' द वेडिंग एडिशन'। एक खास कलेक्शन जो सच्चे प्यार की कहानी को खास बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस कलेक्शन की सोच यह है कि सच्चा कमिटमेंट तभी आता है, जब दिल और दिमाग दोनों तैयार हों। ये प्लैटिनम बैंड्स सिर्फ एक निशानी नहीं हैं, ये एक वादा हैं, जो जिंदगी भर निभाया जाता है। 95% शुद्ध प्लैटिनम से बने प्लैटिनम लव बैंड उस प्यार की भावना को दिखाते हैं जो लाखों में एक है, बेहद खास और समय से परे। चाहे ये बैंड्स सितारों भरी रात में पहने जाएं या शादी की धूमधाम के बीच पहने जाएं, ये उन कपल्स के लिए बिल्कुल सही हैं जो अपने रिश्ते में गहराई चाहते हैं। ऐसे रिश्ते की निशानी जो आपसी सम्मान, अपनी पहचान और एक अनमोल प्यार पर टिका हो। चाहे आप अपनी शादी को धूमधाम से मनाने की सोच रहे हों या फिर सादगी से, प्लैटिनम लव बैंड- द वेडिंग एडिशन आपको खास अंदाज़ में अपने रिश्ते को हमेशा के लिए जोड़ने का मौका देता है। यह एक ऐसी अनमोल धातु है, जो नायाब है बिल्कुल आपके प्यार की तरह।

**पर्सनल टच** प्लैटिनम की सबसे बड़ी खासियत, इसकी दुर्लभता, कीमती होना और मजबूती है। जो इसे प्यार का एक मजबूत और सच्चा प्रतीक बनाती है, हर कपल के कमिटमेंट के वादे को एक गहरा मतलब देती है।

# सहकारिता भवन सभागार में गूंज उठी 'दिल की आवाज़'



**लखनऊ।** सहकारिता भवन सभागार में शनिवार की शाम संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार शाम बन गई, जब 'राग रंग' संस्था द्वारा प्रस्तुत संगीतमय कार्यक्रम 'दिल की आवाज़' ने दर्शकों के दिलों को छू लिया।

यह कार्यक्रम उन प्रतिभाशाली गायकों की प्रस्तुतियों से सजा, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं और अपने-अपने पेशों के बावजूद संगीत को अपना जुनून मानते हैं। पेशेवर न होते हुए भी इन गायकों ने 'पंचम बैंड' के साथ अपने सुरों से ऐसा जादू बिखेरा कि हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

कार्यक्रम में 1950 के दशक से लेकर वर्तमान समय तक के लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों को प्रस्तुत किया गया। सोलो प्रस्तुतियों के साथ-साथ मनमोहक युगल गीतों ने सभागार में एक मधुर और भावनात्मक वातावरण बना दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

पुरुष गायकों में डी.के. मेंघी, अनूप सिन्हा, सिद्धार्थ शुक्ला, मनोज कपूर, आनंद कृष्णा, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, शिवा, प्रवीण श्रीवास्तव, संजय अबरोल और गौरव श्रीवास्तव शामिल रहे। वहीं महिला गायिकाओं में पूनम, श्वेता दीक्षित, शिखा अबरोल और सीमा वीर्मानी ने अपनी मधुर आवाज़ से समां बांधा।

हर प्रस्तुति में गायक-गायिकाओं का समर्पण, भावना और संगीत के प्रति प्रेम साफ झलक रहा था। 'दिल की आवाज़' सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक भावनात्मक यात्रा थी, जिसने यह साबित कर दिया कि संगीत दिलों को जोड़ता है और हर वर्ग के व्यक्ति को एक मंच पर ला सकता है।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड लखनऊ शाखा के श्रेयस लोहिया ने जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 68 प्राप्त किया

**लखनऊ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल), जो परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी है, गर्व से घोषणा करता है कि इसके लखनऊ केंद्र के 45 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड2025 परीक्षा में टॉप प्रदर्शन किया है। आईआईटी कानपुर द्वारा परिणाम घोषित किए गए। इस शानदार सफलता से छात्रों की कड़ी मेहनत, उनकी समर्पित मेहनत, और एईएसएल की विशेषज्ञ फैकल्टी व व्यापक पाठ्यक्रम द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक सहायता झलकती है। लखनऊ के प्रमुख छात्र श्रेयस लोहिया हैं, जिन्होंने जेईई एडवांस्ड2025 में एआईआर 68 प्राप्त किया। इसके बाद तत्सत मिश्रा (एआईआर 775), दिव्यांश सिंह (एआईआर 832), ऋषभ पटेल (एआईआर 925), और अथर्वा गुप्ता (एआईआर 1152) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा निशित दोहरे, प्रहर्ष चतुर्वेदी, श्रीवात्सा सिंह, शौर्य गुप्ता, आराध्या पुरवार, आदित्य कुमार शर्मा, प्रियांशु राठौर, गुंजन गुप्ता, अभिषेक यादव, अजीतेश श्रीवास्तव, अयोष सिंह यादव, प्रवीर सिंह, सोहम त्रिपाठी, यश पुरवार, आयुष्मान शुक्ला, पार्थ गुप्ता, शिवांग कुमार शुक्ला, ओज गुप्ता, सुफ़ियान खान, मयंक पटेल, देवांश वर्मा, अभय साक्से, निखिल विश्वकर्मा, वाशित्व श्रीवास्तव, मास श्रीवास्तव, वैभवी सिंह, नितांत



त्रिपाठी, प्रांजली सिंह, आर्यन अग्रवाल, अविरल जोशी, मेहुल अग्रवाल, साक्ष्य वंश, अथर्वा, शश्वत मनु राय, शशांक श्रीवास्तव, श्रेयांश तिवारी, उत्कर्ष गौतम, दर्शील सिंह, विदुष राव, और आकाश गौतम ने भी प्रशंसनीय प्रदर्शन किया।

## समय पर सिंचाई और फसल देखभाल से उत्तर प्रदेश में गन्ने की पैदावार में हो सकता है सुधार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरी है अग्रणी कृषि कंपनी सिंजेंटा की नई पहल, जो वर्षों से गन्ने का कैंसर कहे जाने वाले रेड रॉट (लाल सड़न) नामक बीमारी से जूझ रहे किसानों को राहत दे रही है। यह फफूंदजनित बीमारी के कारण होती है और राज्य के मेरठ, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, लखीमपुर, सहारनपुर जैसे गन्ना उत्पादक जि़लों में किसानों की आमदनी पर गहरा असर डाल रही है।प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए, सुषील कुमार, कंट्री हेड और मैनेजिंग डायरेक्टर, सिंजेंटा इंडिया ने कहा, हम ने राज्यभर के किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। अब तक 540 गांवों में 48,000 से अधिक किसानों को जागरूक किया गया है, जिसमें मिट्टी की सेहत, फसल सुरक्षा और रेड रॉट की प्रारंभिक पहचान जैसे विषय शामिल हैं। इस साल रेड रॉट से निपटने के लिए पिलीभीत, बिलासपुर, हरदोई, बागपत, मुरादाबाद, गोंडा, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और अमरोहा जैसे जिलों में विशेष जागरूकता शिविर लगाए गए हैं÷ ।रेड रॉट नमी और जलभराव वाले खेतों में तेजी से फैलती है, खासतौर पर वहां जहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। यह बीमारी गन्ने के अंदरूनी ऊतकों को सड़ा देती है, जिससे पौधों की बढ़त रुक जाती है और कभी-कभी पूरी फसल बर्बाद हो जाती है।

# एमार इंडिया ने लखनऊ में गगनचुंबी आवासीय परियोजना एलीट ओएसिस की घोषणा की

**लखनऊ।** विश्वप्रसिद्ध ब्रांड एमार की भारतीय इकाई, एमार इंडिया ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के प्रमुख क्षेत्रों में से एक गोमती नगर



एक?सटेंशन में अपनी पहली उच्च आवासीय परियोजना 'एलीट ओएसिस' के शुभारंभ की घोषणा की है। लगभग 2.923 एकड़ (11,827 वर्ग मीटर) क्षेत्र में विकसित इस परियोजना में आधुनिक सुविधाओं, सुविधाजनक जीवन और उच्च स्तरीय जीवनशैली के बेहतरीन मिश्रण को डिजाइन सौंदर्य के साथ मिलाया गया है। इस परियोजना को अनूठी डिजाइन पेश करने के लिए सोच-समझकर नियोजित किया गया है 'एलीट ओएसिस' न केवल शहर की आकाशरेखा (स?काईलाइन) को नया रूप देगी, बल्कि शहरी विकास में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। यहाँ से एक ओर गोमती ग्रीन्स की हरियाली और दूसरी ओर गोमती नदी का मनोहारी दृश्य दिखाई देगा।

'एलीट ओएसिस' में 3 बीएचके आवास + उपयोगिता क्षेत्र और 4 बीएचके आवास + उपयोगिता क्षेत्र की दो श्रेणियाँ उपलब्ध होंगी, जो उन लोगों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई हैं, जो भव्य और आरामदायक जीवन जीने की इच्छा रखते हैं। 3 बीएचके की कीमत 2.75 से 2.90 करोड़ रुपये के बीच होगी, जबकि 4 बीएचके की कीमत 3.87 से 4.15 करोड़ रुपये के बीच होगी। इन आवासों में डेक के रूप में खुलने वाली बाल्कनी दी गई है, जो दोनों ओर से खुली हवा और प्राकृतिक रोशनी का अनुभव कराती हैं। इनसे बैठक कक्ष, मुख्य शयनकक्ष और बालकनी से एक विस्तृत और मनमोहक दृश्य दिखता है। अन्य प्रमुख विशेषताओं में बैठक एवं भोजन कक्ष में आयातित संगमरमर का फर्श, बालकनी में बिना जोड़ की काँच की रेलिंग, मुख्य स्नानगृह में अलग स्नान खंड, और सभी स्नानगृहों में सुंदर श्रृंगार काउंटर शामिल हैं।

पर्यावरण की स्थिरता को सहयोग करने के लिए, इस परियोजना में 150 से अधिक देसी पौधों का रोपण किया जाएगा, जो पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। परियोजना की अन्य हरित विशेषताओं में वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल के पुन÷ उपयोग हेतु सीवरेज शोधन संयंत्र और घरों के कचरे से खाद बनाने की सुविधा शामिल है। इन सभी उपायों से निवासियों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण प्राप्त होगा।

# करण जौहर की त्यानी ज्वेलरी के नए कैंपेन में शेफाली शाह बनीं ब्रांड एम्बेसडर



**लखनऊ।** भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ने अपने नए ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण किया है। इस कैंपेन के तहत प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली शाह को इस सीरीज़ की पहली ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया गया है। यह कैंपेन कंपनी के लिए एक नया और आत्मविश्वास से भरा अध्याय शुरू कर रहा है। इस अभियान में 10 से अधिक अलग-अलग और विशिष्ट व्यक्तित्वों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल किया जाएगा। करण जौहर, संस्थापक, त्यानी ज्वेलरी इस कैंपेन को लेकर कहा हम इस नए अध्याय को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 'फोर्सेस ऑफ त्यानी' हमारे ब्रांड फ़िलासोफ़ी के केंद्र में है लक्ज़री को एकरूपता या स्टेटस से नहीं, बल्कि इंडिविजुअलिटी के जश्न से पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए। इस कैंपेन के मूल में शक्ति, प्रामाणिकता और इनोवेशन हैं यही वो स्तंभ हैं, जिन पर त्यानी खड़ा है। शेफाली का त्यानी परिवार में स्वागत करना हमारे लिए गर्व और आनंद का क्षण है। त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ऐसे कलाकारों को एक मंच पर लाने जा रहा है, जिन्होंने सफलता की परिभाषा खुद के तरीके से गढ़ी है। हर हफ्ते एक नया चेहरा पेश किया जाएगा और यह अभियान अगले कुछ महीनों तक विभिन्न प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ेगा।

फोर्सेस ऑफ त्यानी का पहला लुक शेफाली शाह की दमदार और प्रभावशाली उपस्थिति के साथ सामने आया है।

# इमार्टिकस लर्निंग खोलेगी यूपी के कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी व्यावसायिक शिक्षा फर्म, इमार्टिकस लर्निंग, उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल से सशक्त बनाने और शिक्षा और उद्योग के बीच एक मजबूत संबंध को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज परिसरों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगी। कंपनी द्वारा कौशल में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करने और टियर 2 और 3 शहरों में नए युग के करियर के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित एक शिक्षाविद् शिखर सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की गई। इस शिखर सम्मेलन में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और वाराणसी सहित राज्य भर के प्रमुख डिग्री कॉलेजों के प्रिंसिपल और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें नए स्नातकों और कामकाजी पेशेवरों के करियर को आकार देने के लिए नौकरी बाजार की तेजी से विकसित हो रही जरूरतों के साथ तालमेल रखने के तरीकों पर चर्चा की गई।

नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ के प्रिंसिपल देवेंद्र कुमार सिंह, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी थे ने कहा इस तरह के सहयोग उद्योग-अकादमिक अंतर को पाटने के लिए महत्वपूर्ण हैं। रोजगार कौशल को बढ़ाने के लिए इमार्टिकस लर्निंग की प्रतिबद्धता सराहनीय है यह पहल इमार्टिकस लर्निंग के टियर 2 और टियर 3 शहरों में आक्रामक रूप से विस्तार करने के मिशन के अनुरूप है जिसे कॉलेज के छात्रों और शुरुआती पेशेवरों के लिए गैर-तकनीकी करियर पर केंद्रित एडटेक कंपनी मायकैप्टन के हाल ही में अधिग्रहण से बल मिला है।

इमार्टिकस लर्निंग के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रविकिरन पीसपति ने कहा उत्तर प्रदेश भर के कॉलेजों के साथ हमारा जुड़ाव वित्त वर्ष 28 तक 5 मिलियन शिक्षार्थियों को प्रभावित करने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है। हम भारत के टियर 2 और 3 शहरों में भी उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए समर्पित हैं।

इमार्टिकस लर्निंग के राष्ट्रीय प्रमुख अनिल त्रिपाठी ने कहा छात्रों के कौशल विकास और संकाय विकास के लिए कॉलेज अधिकारियों का उत्साह उत्साहजनक है। हम इन साझेदारियों को औपचारिक रूप देने और अपने व्यापक प्रस्तावों को सीधे परिसरों में लाने के लिए उत्साहित हैं।

इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए, इमार्टिकस लर्निंग ने संकाय कौशल को बढ़ाने और उन्हें उद्योग के रुझानों से अवगत रखने के लिए कॉलेज परिसरों में सीधे विशेष संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शिक्षक छात्रों को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने में सक्षम हैं।

इमार्टिकस लर्निंग उत्तर प्रदेश भर के कॉलेज छात्रों के लिए निवेश बैंकिंग और डेटा साइंस जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में मुफ़्त उद्योग-समर्थित इंटर्नशिप भी प्रदान करेगी। कंपनी मुफ़्त उद्योग समर्थित इंटर्नशिप के लिए छात्रों के चयन की प्रक्रिया को भी औपचारिक रूप देगी। वह चयनित संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की पहल भी करेगी, जिससे एकीकृत शिक्षा और कैरियर मार्गों के माध्यम से आपसी विकास और छात्र बेहतरी को बढ़ावा मिलेगा।

# बींग ह्युमन क्लोदिंग ने लॉन्च किया एसएस25 कैंपेन




बींग ह्युमन क्लोदिंग, जिसे दिल से फैशन ब्राण्ड के रूप में जाना जाता है, ने अपने एसएस25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस25 एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।बींग ह्युमन का नया कलेक्शन 100 फीसदी फेयरट्रेड, ओर्गेनिक एवं रीसायकल्ड कॉटन का संयोजन है, इसमें रीसायकल्ड पीईटी बोतलों से बनी डेनिम शामिल हैं। ये मटीरियल पर्यावरण के प्रति सजग फैशन और ज़िम्मेदाराना मैनुफैक्चरिंग के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इसी भावना के साथ बींग ह्युमन अपने फेयरट्रेड कलेक्शन का विस्तार करते हुए कॉटन किसानों को निष्पक्ष कीमतों, काम की अनुकूल परिस्थितियों के साथ सहयोग प्रदान कर रहा है, ब्राण्ड फार्म से लेकर फैशन तक गरिमा एवं स्थायित्व को सुनिश्चित करता है कैंपेन पर बात करते हुए आर्यन अग्निहोत्री, एक्ज़िक्टिव डायरेक्टर, बींग ह्युमन क्लोदिंग ने कहा, ''एसएस 25 फैशन को सजग बनाने के हमारे मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

हम हमेशा से सजग विकल्पों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, फिर चाहे हमारे परिधानों को बनाने का तरीका हो या समाज के प्रति कुछ करने का नज़रिया। एसएस25 के साथ हम चाहते हैं कि हमारे उपभोक्ता जो भी पहनें उसमें गर्व महसूस करें, क्योंकि वे हमारे परिधानों के साथ सजग जीवनशैली जी रहे हैं।'

# देश में गूंजे आयोडीन की धुन नमक हो टाटा का, टाटा नमक

**नई दिल्ली।** पहले कैंपेन 'नमक हो टाटा का÷ टाटा नमक' को उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर, देश में आयोडीन युक्त नमक के नंबर 1 ब्रांड टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा का÷ टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठितजिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है।

नए कैंपेन में दिल को छू लेने वाली 8 शानदार ब्रांड फिल्में हैं, जो पुरानी यादों को ताज़ा करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश देती हैं टाटा नमक, आयोडीन की सही मात्रा से बच्चों के मानसिक विकास में सहायता करता है, जिससे देश का भविष्य और भी सशक्त बनता है। देश का नमक के दर्जे को और भी मजबूत करते हुए, यह अभियान एक मनोरंजक और मधुर अंदाज़ में टाटा नमक की गुणवत्ता और भरोसे को उजागर करता है।

ओगिल्वी द्वारा परिकल्पित, इस कैंपेन में ज़िंदगी के रोज़मर्रा के पल दिखाए गए हैं लोरी सुनाती हुई माँ,




क्लासरूम में पढ़ाती हुई टीचर, या एक हँसता-खिलखिलाता परिवार, हर दृश्य में टाटा नमक एक अहम साथी के रूप में मौजूद है - ऐसा साथी जो सालों से हर भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है।

भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुडी ये फिल्में, हिंदी भाषी क्षेत्रों के घरेलू माहौल, बंगाल के भावनात्मक क्षणों और मराठी घरों की आत्मीय संस्कृति को दर्शाती हैं। हर पीढ़ी से जुड़ने वाली ये कहानियाँ, रोजमर्रा के पलों और भावनाओं को सामने लाती हैं।

एक फिल्म में स्कूल की टीचर बच्चों को आयोडीन का महत्व सिखाती हैं। वहीं दूसरी फिल्म एक चहल-पहल वाले घर की कहानी है, जहाँ हर पकवान और हर प्यार भरी बात में टाटा नमक मौजूद है। अपनी यादगार और सुरीली धुन के साथ, यह अभियान गर्व से टाटा साल्ट को देश का नमक के रूप में प्रस्तुत करता है। आईपीएल के दौरान दिखाया जाने वाला यह अभियान देश के कोने-कोने में गूंजेगा और करोड़ों दिलों तक पहुँचेगा।

इस कैंपेन के बारे में दीपिका भान, प्रेसिडेंट पैकेज्ड फूड्स, टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कहती हैं, यह पिछले साल के हमारे कैंपेन का एक स्वाभाविक और खूबसूरत विस्तार है। देश का नमक सिर्फ एक जिंगल नहीं, बल्कि वह भरोसा है जो पिछले चार दशकों में गुणवत्ता और सच्चाई के साथ जुड़ा है। यह नया संस्करण उपभोक्ताओं से हमारे रिश्ते को और गहरा बनाएगा और उनकी खुशी और भरोसे के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता दोहराएगा।

अनुराग अग्निहोत्री, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर (मुंबई और कोलकाता), ओगिल्वी, ने कहा, टाटा नमक यह बताना चाहता था कि आयोडीन से बच्चों का दिमाग़ तेज़ बनता है। लेकिन इतनी अहम बात लोगों तक कैसे पहुँचे? इसलिए हमने 80 के दशक की यादों को फिर से ज़िंदा किया वह दौर जब हर बात एक जिंगल से यादगार बन जाती थी। हमने अपनी आयोडीन की कहानी को उसी लहज़े में सजाया और उसे जीवन के अलग अलग पहलुओं से दिखाया - चाहे वह एक विदाई हो, क्लासरूम हो या किटी पार्टी।

# जेईई एडवांस्ड 2025 में श्री चैतन्या एकेडमी की अनन्या त्रिपाठी टॉपर बनीं



**वाराणसी।** इन्फिनिटी लर्न की पहल, श्री चैतन्या एकेडमी ने वाराणसी टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई एडवांस्ड 2025 के बेहतरीन नतीजे घोषित किए हैं। इस सेंटर ने शहर की गर्ल टॉपर अनन्या त्रिपाठी को तैयार किया है, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 133 प्राप्त की है। अनन्या श्री चैतन्या एकेडमी की रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं और उन्होंने अपनी तैयारी की शुरुआत ओरिजेंस से की थी, जो अब श्री चैतन्या एकेडमी का हिस्सा है।

इसके साथ ही, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 35 से अधिक छात्र अब प्रतिष्ठित ढ्ढढ्ढञ्जह्य में दाखिला लेकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

चैतन्या ग्रुप की सीईओ और डायरेक्टर व इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर, सुषमा बोप्पना ने कहा अनन्या की सफलता हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत और हमारे शिक्षकों की लगन का परिणाम है। यह उपलब्धि हमारे उस मिशन को मजबूती देती है जिसमें हम हर छात्र को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना चाहते हैं। हम अनन्या और सभी टॉपर्स को उनके आईआईटी के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

चैतन्या द्वारा स्थापित इन्फिनिटी लर्न के फाउंडिंग सीईओ श्री उज्जवल सिंह ने कहा वाराणसी से अनन्या का जेईई एडवांस्ड टॉपर बनना हमारे लिए गर्व की बात है। यह साबित करता है कि टियर 2 और 3 शहरों के छात्र भी बिना मेट्रो सिटी जाएं, टॉप रैंक ला सकते हैं।

# शतरंज खेल से बच्चों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है : विनय

- अन्तर्जनपदीय शतरंज में बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक ने चली चाल

अवधनामा संवाददाता



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक विनय प्रकाश

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज में ब्रिलियंस चेस एकेडमी के तत्वाधान में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें गोरखपुर कुशीनगर देवरिया महाराजगंज वाराणसी आजमगढ़ प्रयागराज सहित अनेक जनपदों से आए हुए विद्यार्थियों और खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें शाश्वत सिंह को प्रथम आदित्य कुमार गुप्ता को द्वितीय एवं रक्षित शेखर द्विवेदी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इनके अतिरिक्त विभिन्न समूहों में पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ियों में प्रमुख रूप से श्रेयांश श्रीवास्तव यादवेंद्र शाही प्राजंल मिश्रा सोहन मित्तल विक्रम राव अयांश सिंह शशि प्रकाश विष्णु देव यादव रवि कुमार गौतम भोला प्रसाद अवंतिका पांडे अद्विका आरुष सिंह यशविका प्रताप तेजस्वी संवि सिंह सहित अनेक प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत हुए इसके पूर्व क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड़ एवं डॉक्टर सूर्यभान कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत और कुल गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय प्रकाश गोंड़ ने कहा कि शतरंज जैसे खेलों का प्रोत्साहन बहुत ही आवश्यक है। ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चे इस तरह की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपना मनोवैज्ञानिक विकास कर सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सूर्यभान कुशवाहा ने कहा कि शतरंज खेल से किसी भी व्यक्ति का मानसिक विकास होता है बच्चों के अंदर शतरंज जैसे खेल उनके बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने सभी के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सी पी सिंह, अखिलेश पासवान, विश्वंभर प्रसाद, राम दरस शर्मा, चंदन कुमार गौड़, जयराज सिंह, मुस्ताक अहमद, सगीर अहमद, केदारनाथ शर्मा, बिंदेश्वरी मल्ल, महताब आलम, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला स्वच्छता समिति संग जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सख्त निर्देश दिए कि रेट्रो फिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिससे पूरे प्रदेश में जनपद की रैंकिंग रिट्रोफिटिंग में दूसरी हो गई है।

बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। ठोस एवं तरंग प्रबंधन किये जा रहे कार्यो की प्रगति जानते हुए प्रबंधन में नवाचार को अपनाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त धन राशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतो को दिया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्यवाही समय से पूरी कराई जाए। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी एडीओ पंचायत के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाए। इनकी मोनिटरिंग भी की जाए। सीएचसी संचालन में ध्यान दिया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि ई-ग्राम स्वराज प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, एसीएमओ डॉ अशोक, पीडी सतीश प्रताप मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य राघवेंद्र सिंह सहित सभी एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

## जून माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जून 2025 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। 06 जून को परियोजना निदेशक, जिग्राविअभि विकास खण्ड छतोह में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकास खण्ड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

# नहीं रहे मुन्ना लाल मास्टर, बसपा में शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** पिछले चार दशक से? बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट और बहुजन समाज पार्टी के संगठन निर्माण में समर्पित रहे बामसेफ के पूर्व मंडल संयोजक मुन्ना लाल मास्टर अब इस दुनिया में नहीं रहे। पिछले एक साल से गंभीर रूप से बीमार मुन्ना लाल मास्टर -76का रविवार की रात निधन हो गया। निधन की खबर से बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच शोक का माहौल है। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार बौद्ध रीति से पैतृक गांव गुंधौर में हुआ। अंतिम संस्कार में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल सहित बसपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक शामिल हुए।

मुन्ना लाल मास्टर का जन्म दो जुलाई 1949को पूरे लाला, गुंधौर में हुआ। शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने राम इंटर कालेज में अध्यापक पद पर नियुक्त हुए।अध्यापन के सथ बामसेफ और बसपा के संगठन निर्माण में सक्रिय योगदान किया। फैजाबाद जिला इकाई के महामंत्री , सामाजिक भाईचारा कमेटियों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, बामसेफ के मंडल संयोजक सहित कई पदों पर काम किया।जून2012में प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने अपना पूरा समय बसपा मूवमेंट को दिया। डायबिटीज़ और रीढ़ की हड्डी में चोट के कारण पिछले एक साल से वे गंभीर रूप से बीमार रहे। बीती रात उनका निधन हो गया।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने कहा कि मुन्ना लाल मास्टर के निधन से बसपा ने मूवमेंट का एक सच्चा और समर्पित सिपाही को दिया है। बसपा के पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर और बामसेफ के संस्थापक सदस्य बाबू राम करन? ने कहा कि मुन्ना लाल मास्टर हमारे बीच नहीं रहे, उनके निधन से बहुजन समाज ने एक कर्मठ कार्यकर्ता और अच्छा संगठक और मिशनरी साथी खो दिया है। दुःख की इस घड़ी में पूरी बहुजन समाज पार्टी परिवार के साथ है। बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, मंडल प्रभारी गया शंकर कश्यप, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती,बी एस पी के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन लाल त्यागी , ओम प्रकाश वर्मा एडवोकेट पूर्व विधायक हुबराज, मंडल प्रभारी दया राम राजभर, जिला प्रभारी जिया लाल त्यागी, अम्बेडकर और बौद्ध मिशन के संस्थापक सदस्य और आखिरी आजादी अखबार के समाचार सम्पादक आर ए कोविद ,रामजग,ओम प्रकाश एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुरेश गौतम, बामसेफ के पूर्व मंडल संयोजक बसंत लाल,मो असद, सेवानिवृत्त शिक्षक पलटूराम, इन्द्र पाल गौतम, अनूप कुमार, राजीव रंजन भारती, प्रमोद कुमार, राहुल एडवोकेट,अनारा देवी, सुनीता भारती, निरंजन कुमार , राजेन्द्र प्रियदर्शन, संजय कुमार ,राम चन्द्र ,राम मिलन भारती, रमेश आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## हाईस्कूल और इंटर की कम्पार्टमेन्ट परीक्षाओं के लिए दस जून तक मांगे गए आनलाइन आवेदन


**अमेठी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा और इंटरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन दस जून तक मांगे गए हैं। हाईस्कूल में अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण विषयों में से केवल एक विषय की परीक्षा दे सकते हैं। इंटरमीडिएट में मानविकी, वैज्ञानिक, वाणिज्य वर्ग , कृषि - भाग1और -भाग-2में अनुत्तीर्ण विषयों में से केवल एक विषय और व्यवसायिक वर्ग के ट्रेंड विषय के एक प्रश्न पत्र की परीक्षा दे सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कार्यालय सहायक राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि दस जून है।

# पत्रकार के बेटे ने लिखाई पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

- उधार दिए गए एक लाख रुपए वापस मांगने पर घर बुलाकर बेरहमी से पिटाई और छत से नीचे गिराकर हत्या का आरोप
- कृष्ण कुमार, शिवम् और तीन अज्ञात के विरुद्ध धारा 191-2 और 103-1 के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप त्रिपाठी की मौत के मामले में लेन-देन को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है ?। दिवंगत पत्रकार के पुत्र ने गांव के ही तीन लोगों को नामजद करते हुए छः व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमित कुमार त्रिपाठी का कहना है कि गांव के ही कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ संतोष गुप्ता ने उसके पिता से एक लाख रुपए उधार लिए थे। 18मई को पैसे लौटाने के लिए उन्होंने उसके पिता प्रदीप कुमार त्रिपाठी को पुलिस लाइन स्थित अपने घर पर बुलाया था। शाम को लगभग साढ़े पांच बजे कृष्ण कुमार और उसके भतीजे शिवम् ने पैसे नहीं लौटाए और उसके पिता को मारा पीटा और उनकी हत्या करने की नीयत से छत से नीचे ढकेल दिया। पिता को गंभीर रूप से घायल करके विपक्षी फरार हो गए। एम्बुलेंस से उसने अपने पिता को सी एच सी अमेठी में भर्ती कराया , यहां से डाक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया। जिला चिकित्सालय में हालात ठीक नहीं हुई। परिवार के लोगों की मदद से उसने अपने पिता को अपोलो अस्पताल दिल्ली में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अमित कुमार का कहना कि मौत के पहले उसके पिता ने 18मई की वारदात और हमलावरों के बारे में जानकारी दी थी।

अमित कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कृष्ण कुमार, शिवम् और तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191-2और103-1के अन्तर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : संजय दूबे



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में सोमवार को बकरीद(ईदुल जुहा)को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणमान्य व्यक्तियों और धर्मगुरुओं से त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि।धर्म स्थल ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी।कोई नई परंपरा लागू नहीं किया जाएगा।कुर्बानी के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहे कि। माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना तुरंत दें।धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित मानकों के अनुसार रखने को कहा गया। सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई। अफवाहों और उत्तेजक पोस्ट से बचने की सलाह दी गई। पुलिस की सोशल मीडिया टीम संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपनिरीक्षक अजित कुमार, गिरजेश कुमार कांस्टेबल अनिल यादव सहित क्षेत्र के नैमुल्लाह, अलीफ अली, नौसाद अली, आजाद आदि मौजूद रहे।

## दो घरों से नगदी समेत लाखों के गहने चोरी, गश्त की खुली पोल

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के असना गांव में बीती रात दो घरों में चोरी का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम असना निवासी कृष्ण मुरारी सिंह व विरेन्द्र सिंह के घर बीते रविवार की देर रात जब घर के सभी लोग सो रहे थे। उस दौरान अज्ञात चोरों ने छत के उपर से चढ़कर घर के अंदर घुस गए। जहां बाक्स में रखे नगदी व गहने की चोरी कर मौके से फरार हो गए।सोमवार की सुबह दोनों घर का सामान बिखरा पड़ा व बाक्स का ताला टूटा देख लोग अवाक रह गए। तभी किसी ने घटना की सूचना 112 नंबर की पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। दोनों गृहस्वामियों ने थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।थानाप्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार संजय दूबे ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 850 पारंपरिक कारीगरों का लक्ष्य प्राप्त

अवधनामा संवाददाता

- 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण व टूलकिट हेतु लाभार्थी करें आवेदन

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग, परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारम्परिक कारीगरों जैसे-हलवाई 200, बढ़ई 75, दर्जी 450, नाई 50, लोहार 25, राजमिस्त्री 50 आदि को उद्यम के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 850 का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें ट्रेड से संबंधित कारीगरों को 10 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण एवं कार्यो को सफल संचालन हेतु आधुनिकतम तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूलकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क है।

उन्होंने जनपद रायबरेली के पारंपरिक कारीगरों को सूचित किया है कि उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक पात्र कारीगर एवं हस्तशिल्प विभागीय वेबसाइट http://diupmsme.upsdc.gov.in एवं http://msme.gov.in पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना की पात्रता की शर्ते के बारे बताया है कि अभ्यर्थी का आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर होना चाहिए। बैंक पास बुक की छाया प्रति तथा आवेदक की पासपोर्ट साइज फोटो आदि। आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जायेगी। आवेदक को हलवाई बढई दर्जी नाई, लोहार, राजमिस्त्री आदि ट्रेडों अथवा दस्तकारी व्यवसाय से जुडा होना चाहिए। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है। परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हो। ऐसे आवेदको को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत, अथवा नगर पालिका/नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस आशय का शपथ-पत्र कि इससे पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट एवं मानदेय का लाभ नहीं लिया गया है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

# वर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए 20 बत्तखों का भेजा गया सैंपल



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा–कप्तानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा मौन नाले में रविवार को हजारों की संख्या में बत्तख देख लोगों में हड़कंप मच गया था। आशंका जताई जा रही थी बगल के जिला गोरखपुर में वर्ड फ्लू बीमारी तेजी से फैल रहा जिसको देखकर पोल्ट्री फर्मो द्वारा छोड़ा गया है। लेकिन सोमवार को हरकत में आई पशु विभाग की टीम ने वहां मौके से पहुंची और 20 बत्तखों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा।

बताया जा रहा है कि चंदौली जिले के रहने वाले राहुल पुत्र रामदुलारे जो बत्तखों का पालन करते है। पूछताछ में इन लोगों द्वारा बताया गया कि गाड़ी से है लोग जगह–जगह इन बत्तखों को चराने ले जाते है। लेकिन प्रदेश के तमाम जनपदों में वर्ड फ्लू का भी बीमारी तेजी से फैल रहा है।

पड़ोसी जिला गोरखपुर में लगभग तीन दर्जन वर्ड फ्लू के मरीज मिल चुके है। जिसके वजह से गोरखपुर में तमाम पोल्ट्री फर्मो को बंद करने के साथ सैंपल जांच किया गया तो पॉजिटिव मिले। इतनी भारी संख्या में बत्तख देख लोग तरह तरह के आशंका जाहिर कर रहे थे कि इसी बीच पशु चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ विनय कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी विवेक कुमार टीम के साथ सुबह हरपुर बरवा मौन नाले के पास पहुंचे और जानकारी लिए। इस दौरान टीम ने बढ़ते वर्ड फ्लू को देखते हुए लगभग 20 बत्तखों का सैंपल जांच के लिए गोरखपुर भेजा साथ इन पालकों को तत्काल अपने ज्ञातव्य की तरफ ले जाने को कहा गया।

# नवसृजित थाना चंदापुर में की गई पीस कमेटी की प्रथम बैठक

अवधनामा संवाददाता





**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी बकरीद के त्यौहार में क्षेत्र के समस्त मुस्लिम भाई आपसी भाईचारा बनाकर मनाएं त्योहार,यदि किसी भी गांव में बिजली पानी या अन्य कोई भी समस्या हो तो थाना चंदापुर के सीयूजी नंबर पर सूचित करें । जिसका निस्तारण त्वरित किया जाएगा यह उद्गार आज थाना चंदापुर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी व्यक्ति कर रहे थे। बताते चले कि रायबरेली जिले के न्यायप्रिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना चंदापुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम भाई व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि पीस कमेटी का मतलब यह होता है कि हम सभी क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव दें अपनी-अपनी बात रखें। यदि किसी भी प्रकार की किसी गांव में कोई समस्या हो तो तुरंत सूचित करें जिसका निस्तारण जल्द से जल्द किया जाएगा।

वहीं थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने यह भी बताया कि शासन के निर्देश है कि आप सभी लोग बकरीद का त्यौहार मिलजुल कर मनाएं और कुर्बानी को खुले स्थान पर ना करें एवं प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी करना सख्त मना है ऐसा करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर विद्युत विभाग से रमेश शर्मा, एस एस आई प्रवीण कुमार सिंह, एस आई रवि पंवार, एस आई अशोक कुमार, मुंशी संतोष कुमार सहित थाने का समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोग व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## टप्पेबाजी के दो शातिरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे में हुई दो टप्पेबाजी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से नकदी समेंत चोरी में प्रयुक्त बाईक को भी बरामद किया है। इस सम्पबन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि कस्बे के बेहटा चौराहा के निकट दुकान से बीती 28 अप्रैल को दो बाईक सवार उचक्को ने कैलाश गुप्ता की दुकान से सरिया दिखाने के बहाने गल्ले से पैसे पार कर दिये थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई थी। पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि इसी बीच 29 मई को धनाभाद निवासी टिंकू गौतम के पैसे भी उचक्को ने बैंक से पार कर दिये। इस दौरान उच्चको ने पैसो के बदले कागजो की गड्डी उसे थमकार फरार हो गये। दोनो मामलो की पुलिस जांच ही कर रही थी कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डलमऊ ओवरब्रिज के पास से दो संदिग्धो को हिरासत में लेकर पूछतांछ शुरू की तो उपरोक्त दोनो घटनाओं को खुलासा हो गया।

# आईआईटी परीक्षा में दिव्यांशु राय ने लहराया अपना परचम

अवधनामा संवाददाता



**तरयासुजान, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील के गांव लतवा मुरलीधर निवासी दिव्यांशु राय ने पहले ही बार में सफलता हासिल कर परिवार सहित गांव और जिले का नाम रोशन किया है।इस सफलता पर आम लोगों के साथ जनप्रतिनिधि बधाई दे रहे है।

लतवा मुरलीधर गांव निवासी दिव्यांशु राय पुत्र स्व विजय राय ने अपने प्रथम प्रयास मे ही आज घोषित हुए एडवांस आई आई टी परिणाम में सफ़लता जेई मेंस में 99.28 अंक पाकर सफ़लता हासिल कर पूरे गांव सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इनके जन्म से पहले ही इनके पिता विजय राय का निधन हो गया था। मां पूनम राय ने संघर्ष कर पहले आशा बहु और उसके बाद आशा संगिनी के रूप मे योगदान देकर अपने बच्चो को पढ़ाया, लेकिन वास्तविक रूप से मेहनत तो इस होनहार ने किया है, जो अभाव में भी मेहनत कर इस बड़ी परीक्षा मे सफ़लता प्राप्त किया है। दिव्यांशु बताते हैं कि यह सफलता मेरी मां का देन है कि आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। परिक्षा परिणाम की सूचना धीरे धीरे सबको जानकारी होता गया और दरवाजे पर उनके शुभचिंतकों के साथ जनप्रतिनिधियों का आना-जाना प्रारम्भ हो गया। दिव्यांशु को इस सफलता पर तमकुही राज विधायक डॉ असीम कुमार राय, पूर्व विधायक पं. नंदकिशोर मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ पीके राय, राजू राय, रजनीश कुमार राय, अनूप राय, अवधनाथ ठकुराई, मृत्युंजय ठुकराई, प्रदीप उपाध्याय, अवधेश कुमार राय, विनोद राय ने बधाईयां दी है।



## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता

### जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 09/06/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धन. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of Sumer Sible Pump 1.5 HP 1 nag at Ward Husainabad Shanno Durga Devi Marg Sheeshmahal | रु 163860.00 | रु 3300 | रु 200 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्तः- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

पृ0सं0-18/EE-6/L.J.S./2025-26

दि0- 02-06-2025

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

# सीएमओ बाँदा की जांच रिपोर्ट मे नया खुलासा

## बाँदा जिला चिकित्सालय में डॉक्टर-दवा प्रतिनिधियों की सांठगांठ पर सिर्फ की चेतावनी वाली कार्यवाही पर उठे सवाल, सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बाँदा जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों और दवा प्रतिनिधियों के बीच चल रही संदिग्ध सांठगांठ की जांच में नया मोड़ आया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाँदा विजेंद्र सिंह ने खुलासा किया है कि अब तक किसी डॉक्टर के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। केवल चेतावनी देकर उन्हें कर्मचारी आचरण नियमावली के पालन और बाहर की दवाइयाँ न लिखने की सलाह दी गई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा, हमने डॉक्टरों को चेतावनी दी है और पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी व अन्य उच्चाधिकारियों को भेज दी है। अब देखना यह है कि चेतावनी के बाद डॉक्टर अपने व्यवहार में बदलाव लाते हैं या नहीं।

हालाँकि, इस पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या मात्र चेतावनी देकर इस गहराई से जड़ जमा चुके गठबंधन को तोड़ा जा सकता है? क्या डॉक्टर अब बाहर की महंगी दवाएं लिखना बंद कर देंगे और मरीजों को सरकारी अस्पताल में समुचित इलाज मिलने लगेगा?

इस पूरे मामले पर सोशल मीडिया पर पहले से ही चर्चा गर्म है। आरोप है कि कार्यवाही के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। कई स्थानीय सामाजिक संगठनों और पत्रकारों ने पहले ही इस मामले को उठाया था, जिसमें दावा किया गया था कि कुछ डॉक्टर बाहर की कंपनियों की महंगी दवाएं लिखकर मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि मरीजों को अस्पताल से मुफ्त में उपलब्ध होने वाली दवाएं नहीं दी जा रहीं।

पूर्व की रिपोर्टों में यह भी सामने आया था कि अस्पताल परिसर में ही दवा प्रतिनिधियों का खुलेआम आना-जाना जारी है। नियमों के तहत सरकारी अस्पताल में प्राइवेट दवा कंपनियों का कोई प्रतिनिधि डॉक्टर से संपर्क नहीं कर सकता, फिर भी इनका हस्तक्षेप बना हुआ है।

अब जब CMO स्वयं इस गठजोड़ की पुष्टि कर रहे हैं और स्वीकार कर रहे हैं कि कार्रवाई सिर्फ चेतावनी तक सीमित है, तो यह स्पष्ट है कि इस मामले में सख्त कदम उठाने की ज़रूरत है।

### क्या कहता है जनमानस

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर केवल चेतावनी से ही सब कुछ ठीक हो सकता तो अब तक अस्पताल की स्थिति सुधर चुकी होती। जब तक दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही नहीं होती, तब तक यह गठजोड़ नहीं टूटेगा। अब सबकी निगाहें इस पर हैं कि जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारी इस रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई करते हैं। क्या जिला अस्पताल की व्यवस्था में सचमुच कोई सुधार होगा या यह सिर्फ एक और 'कागजी कार्यवाही' बनकर रह जाएगी – यह आने वाला समय ही बताएगा।

# सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्यतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है की अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते है। इस लिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि कार्यों में विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु संचालित किया गया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त होती रहे। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार थोड़ी सी प्रभावित हो सकती है किन्तु दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाएगी।

यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (4) प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षों से इसी खेत से वह लगभग 20 हजार रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है।

किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है।

# नाला सफाई और अतिक्रमण के नाम पर पालिका की खानापूर्ति

- तोड़े गए नाले का मलवा नाले में गिरने से नाला हुआ चौक
- एक दिन के बाद नाला सफाई अभियान और अतिक्रमण हुआ फ्लाप



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद। (अब्दुल सत्तार)** नगर पालिका ने प्रशासन की मदद से एक पखवाड़ा पूर्व नाला सफाई अभियान और अतिक्रमण के नाम पर तहसील तिराहे से लेकर नेहा गैस्ट हाउस तक अभियान चलाया था। इस दौरान पालिका ने पालीवाल चौराहा पर स्थित दुकानों के आगे नाले पर डाली गई स्लिप को तोड़ दिया, जिससे उसका मलवा नाले में भर गया। तब से वह मलवा नाले में पड़ा है। पालिका की मशीन और सफाई कर्मचारियों ने मलवा को हटाने का प्रयास नहीं किया। जिससे नाला चौक हो गया है। अगर एसे में बारिश हुई तो शहर में जल भराव से कोई नहीं रोक सकता। स्थानीय लोगों ने नाले की सफाई का कार्य कराये जाने की मांग की है।

नगर में पालिका द्वारा एक पखवाड़ा पूर्व सफाई अभियान और अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्यवाही की थी। लेकिन यह कार्यवाही कुछ जगह हुई। बाद में नाले पर अवैध अतिक्रमण करने वाले भूसा बेंचने वाले, लकड़ी की टाल चलाने वाले और खोखा रख कर नाले को अवरुद्ध करने वालों को कुछ दिन की मौहलत देकर हटाने के लिए कहा था। इस दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा नाले को मिट्टी और इंटरलॉकिंग से नाले को पाट दिया था। जिसे पालिका की जेसीबी ने तोड़ दिया। जिससे इंटर लाकिंग की ईंटें और मलवा नाले में पड़ा है। जिससे नाला पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। अगर एसे में वारिस होती है तो नाले का पानी नहीं निकल पाएगा और नगर में जलभराव से जनता परेशान हो जाएगी। पालिका को चाहिए कि वह बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। अन्यथा मुहल्ला शंभूनगर, यादव कॉलोनी,शंकरपुरी और कटरा बाजार रोड पर जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# आम आदमी पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

- बीजेपी पहले वीफकंपनी से लिया चंदा वापिस ले फिर उपदेश दे: संजय सिंह
- अवैध व गलत गतिविधियां मिलने पर कार्यवाही हों, सभी मदरसों पर नहीं



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए दो दिवसीय प्रसिक्षण शिविर चला रही है। इसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। पार्टी आगामी पंचायत चुनावों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। इन चुनावों में सफलता के बाद विधान सभा में पूरी ताकत के साथ उतरेगी। 2027 के चुनाव में आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना उत्तर प्रदेश में कोई सरकार नहीं बनेगी। उक्त विचार एटा रोड स्थित एक गैस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद एवं प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में एक मजबूत पार्टी बन कर उभरेगी। पार्टी को गांव-गांव तक कैसे पहुंचाना है इस पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। पार्टी पंचायत चुनाव की तैयारियों में पार्टी जुटी हुई है। दिल्ली के दो सांसद उनके साथ है और पार्टी के संगठन से प्रदेश के सह प्रभारी भी हैं। हम सभी लोग कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं कि पार्टी को प्रदेश में कैसे मजबूत किया जाए। इसके बाद पार्टी पंचायत चुनाव में दमखम से लड़ेगी। बाद में 2027 के चुनाव में उतरेगी। पार्टी माह में दो कार्यक्रम करेगी जिसमें पहला सेवा और दूसरा संघर्ष का है। उन्होंने लोनी विधायक द्वारा बकरीद पर बकरे की कुर्बानी ना देने और ईको फ्रेंडली केक काट कर बकरीद मनाने की मुस्लिम समाज से अपील की है। इस सवाल के जबाव में सांसद ने कहा कि लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर और उनकी पार्टी पहले (गाय काटने वाली) वीफ कंपनियों से चंदा लेना बंद करें और फिर उपदेश दें। दूसरे सवाल जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अरशद मदनी ने आरोप लगाया है कि सरकार मदरसों पर जबरन तालाबंदी कर रही है। इस पर उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से किसी संस्था पर तालाबंदी करना गलत है। जांच करें और गलत गतिविधि अथवा अवैध पाये जाने पर कार्रवाई करें। सह प्रभारी पूर्व विधायक ने कहा कि पार्टी का दो दिवसीय कार्यक्रम था। रविवार को कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया था। आज परीक्षण किया गया है। इसमें कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर पार्टी को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर करोल बाग विधायक डा. हृदेश चौधरी, पूर्व विधायक एवं सह प्रभारी उत्तर प्रदेश चौधरी सुरेंद्र सिंह, अनिल झा विधायक किराड़ी और शीलेंद्र वर्मा जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद उदयराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिले में ओ.टी.डी. सेल गठित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** राज्य की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक लाये जाने हेतु प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा निवेश संवर्धन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, पयर्टन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा, विशेष निवेश क्षेत्रों की स्थापना, विनिर्माण, आई.टी., स्टार्टअप और कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं आदि विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा तथा राज्य स्तर अथवा भारत सरकार को प्रेषित किये जाने वाले आकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला ओ.टी.डी. सेल, बहराइच का गठन किया गया है। जिले में गठित जिला ओ.टी.डी. सेल की सदस्य सचिव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी होंगी जबकि इसमें अन्य 45 विभाग के अधिकारी सदस्य नामित किये गये हैं। जिल में गठित ओ.टी.डी. सेल के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि कृषि फसलों/औद्यानिक फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग एवं उद्योगों के लिए भूमि आवंटन और स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा। औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं उनके कार्यशील होने तथा सम्बन्धित इकाईयों का सुसंगत अधिनियमों में पंजीकरण, राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन/टाउनशिप/औद्योगिक क्षेत्र/फ्लेज पार्क आदि अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण की नियमित समीक्षा तथा उनके निर्माण को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना।

औद्योगिक विद्युत उपभोग तथा जनपद से सॉफ्टवेयर निर्यात विशेष कर एस.टी.पी.आई. से निर्यात की नियमित समीक्षा। सौर ऊर्जा की प्रगति, नये स्थापित होटल/रेस्टोरेंट, वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण, पी.पी.पी. मोड पर निर्माणधीन बस अड्डे के निर्माण की समीक्षा।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता को पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाने की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** दहेज़ की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को पेट्रोल डालकर जिन्दा जलाने की कोशिश किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव का है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज किया है। करीब दो साल पहले हुई थी शादी। देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्रा ने की मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि। बोले, दहेज उत्पीड़न की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### शिकायत पर कोटेदार के खिलाफ जांच हुई शुरू

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** शिकायत पर करौंदिया देहात ब्लॉक दूबेपुर के कोटेदार के खिलाफ जांच प्रारंभ हो गई है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर शिकायत के संबंध में राशन कार्ड धारकों से जानकारी ली गई। पूर्ति निरीक्षक दूबेपुर आशुतोष सिंह द्वारा बताया गया कि कोटेदार करौंदिया देहात के खिलाफ नोटिस जारी कर दी गई है। कार्यवाही प्रस्तावित है। विदित हो कि करौंदिया देहात के कोटेदार के खिलाफ कई बिंदुओं पर ग्राम सभा वासी द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई थी। जिस पर विभाग द्वारा उन सभी बिंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दी गई है। कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों से बत्तमीजी से बात की जाती है, कोई जानकारी पूछने पर धमकी भर शब्दों में जवाब दिया जाता है। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य ने बताया कि प्राप्त शिकायत पर जांच करके कोटेदार को नोटिस जारी कर दी गई है। नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, चार पर एफआईआर

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति जगराम,गुमानी देवी, रंजू और कुसुम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।बताया जा रहा है कि पीड़िता की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। देहात कोतवाली के इंस्पेक्टर अखंडदेव मिश्र ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ, आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05 जून

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच ने बताया कि प्रवेश सत्र 2025 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एन.सी.वी.टी. एवं एस.सी.वी.टी. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयन/प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो गयी है। सत्र अगस्त 2025 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन पर 05 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु 01 अगस्त 2025 को 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

## आम सूचना

मैं सुशील पुत्र रामपाल नि0भाट खेड़ी थाना नागल तह.रामपुर मनिहारान ज़ि0 सहारनपुर सूचित करता हूं कि मेरी पत्नी श्रीमति सोनिया मेरे कहने सुनने में नहीं है उसका स्वभाव/आचरण व संगत अत्यंत आपत्तिजनक हो गई है जिस कारण मैंने सोनिया को अपनी कुल चलअचल सम्पत्ति एंव पारिवारिक संबंधो से बे दखल कर दिया है सोनिया के किसी भी गलत कृत्य/लेन देन हेतु मैं या मेरा परिवार ज़िम्मेदार नहीं होगा।

## पांचवें दिन भी जारी रहा डीएलएड अभ्यर्थियों का आंदोलन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के उप्र शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के दफ्तर पर डीएलएड और बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का धरना पांचवा दिन भी जारी रहा। सड़कों पर गूंजते शिक्षार्थियों के स्वर उन लाखों डीएलएड और बीएड प्रशिक्षित युवाओं की हैं, जो बीते सात वर्षों से शिक्षक भर्ती के इंतजार में उम्र गंवा रहे हैं। इससे निराश इन छात्रों ने 26 मई से आयोग के दफ्तर के बाहर अपना धारणा का मंच बना लिया है। दो जून की रोटी के लिए स्टूडेंट्स का आंदोलन सोमवार को महाधरना के रूप में प्रदर्शन किया जा रहा है। सात साल का छलावा पूर्व छात्र नेता संदीप विश्वकर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 2018 से लेकर अब तक बार-बार शिक्षक भर्ती की घोषणाएं कीं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हाल ही में सरकार की ओर से एक ट्वीट में दावा किया गया कि 1.3 लाख पदों पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी और यह प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी लेकिन धरातल पर न तो परीक्षा हुई, न ही कोई प्रक्रिया शुरू हुई।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई गोष्ठी

- कृषि वैज्ञानिको एवं कृषि अधिकारियो द्वारा कृषकों को दी गई उन्नत तकनीक की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विकास खण्ड विशेश्वरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुल्तान माफी विकसित कृषि संकल्प अभियान अन्तर्गत आयोजित वृहद गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिको एवं कृषि अधिकारियो द्वारा मौजूद कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा प्राकृतिक खेती, भूमि एवं जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आनंद पाण्डेय ने कृषकों का आहवान किया कि उन्नत तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय को दोगुना कर देश के विकास में सहयोग प्रदान करें। श्री पाण्डेय ने कहा कि गांव, गरीब व किसान का विकास केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। सरकार द्वारा किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने किसानों का आहवान किया सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें। भाजपा जिला प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ला ने भी किसानों को आहवान किया केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ. सौरभ वर्मा ने कहा कि खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद के 135 ग्राम पंचायतों में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने किसानों का आहवान किया गोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी का लाभ उठायें। उन्होंने कृषकों को विष मुक्त खेती अपनाने तथा मृदा जांच के अनुसार संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ वर्मा ने बताया कि जनपद में 53 खेत तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक कृषक बुकिंग कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। गोष्ठी के दौरान जहां एक ओर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रिन्यंका सिंह ने किसानों को समय से धान की नर्सरी डालने तथा विविधिकरण अपनाकर आय वृद्धि के तरीके बताए।इसी प्रकार दूसरी अन्य 06 ग्राम पंचायतो कंछर, पूरेशिवसहाय, बनघुसरा, फत्तेपुरवा, गुजरा में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रिन्यंका सिंह ने किसानों को समय से धान की नर्सरी डालने तथा विविधिकरण अपनाकर आय वृद्धि के तरीके बताएं वहीं दूसरी ओर डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अनिल राजभर, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए कुलदीप वर्मा, विशेश्वरगंज के प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार इन्द्रसेन तिवारी द्वारा मौजूद कृषकों को उन्नत खेती के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी।

## उमरे ने संगम पर चलाया गंगा स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन 22 मई से 05 जून तक किया जा रहा है । इस दौरान महाप्रबंधक उपेंद्र चन्द्र जोशी के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी के तहत आज प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिमेष कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय की पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग की टीम ने संगम नोज़ पर सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में रेलवे की तरफ से 30 सफाईकर्मी तथा गंगा टास्क फोर्स के 20 जवान शामिल थे। गंगा टास्क फोर्स के कर्नल अरविंद प्रसाद संकरन (कमान अधिकारी) के दिशा निर्देशन तथा लेफ्टिनेंट कर्नल मिलन मिश्रा के अगुवाई में गंगा सफाई अभियान कार्यक्रम को संपन्न कराया गया जिसमें सूबेदार सर्वेश, सूबेदार महेंद्र, हवलदार सत्येंद्र इत्यादि टीम के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी स्नानार्थियों को गंगा सफाई के महत्व के बारे में बताया गया तथा उनसे गंगा को साफ रखने की अपील भी की गयी।

# अवैध असलाह सहित एक असलाधारी पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा बीसएस गैंग का असलाधारी एक और अभियुक्त को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से अवैध असलहा भी बरामद किया गया। इससे पूर्व थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा अवैध असलहों संग वायरल वीडियो के आधार पर बीएस गैंग के 03 सदस्यों/अभियुक्तों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना मटसेना क्षेत्रान्तर्गत अवैध असलहों संग एक वीडियो वायरल हुआ था। उक्त वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना मटसेना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा वीडियो के आधार पर 27-05-2025 को बीएस गैंग के दो अभियुक्तों 1-ऊदर पुत्र जयवीर निवासी सटकई थाना मटसेना एवं 2-अविनाश उर्फ बीटू पुत्र भारत सिंह निवासी सटकई थाना मटसेना को गिरफ्तार किया गया था जिसमें अभियुक्त ऊदल उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर मय दो जिन्दा कारतूस व दूसरे अभियुक्त अविनाश उपरोक्त से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ था। इसी क्रम में 29-05-2025 को थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा बीएस गैंग के एक अन्य सदस्य/अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र जयपाल सिंह निवासी सटकई थाना मटसेना फिरोजाबाद के एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी थी। वीडियो के आधार पर गिरफ्तारी के क्रम में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा बीएस गैंग के एक और सदस्य आरोपी अभिषेक उर्फटिल्ला पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम सटकई थाना मटसैना फिरोजाबाद को ग्राम जलालपुर मार्ग पर बड़ा आम के पेड़ से किशनदासपुरा जाने वाले कच्चे चकरोड से दौराने चैकिंग मय 01 अदद तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की उसके साथियों के साथ विगत कई दिनों से सोशल मीडिया पर अवैध असलाहों के साथ फोटो व वीडियो वायरल हो रहे थे। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर बरामद नाजायज असलाह के सम्बन्ध में धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शिव कुमार चौहान, उ0नि0 श्रीनिवास, उ0नि0 विक्रान्त कुमार, का0 108 सन्दीप कुमार, का0 183 प्रशान्त राणा थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 598/स्वा0वि0/पी0आर0ओ/न0नि0-शाह0/2025-26 दिनांक- 02-06-2025

## ई-निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से वर्कशॉप अनुभाग में हाथ रिक्शा लकड़ी बाडी सर्विस एवं मरम्मत कार्य हेतु नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति के अनुपालन में ई-निविदा दिनांक 25.06.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे (तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग - अलग) आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे तकनीकी बिड़ खोली जायेगी। अपनी दर ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

| क्र.सं. | विवरण | धरोहर राशि | निविदा शुल्क (मय जी.एस.टी.) व वेबसाइट मेन्टीनेन्स चार्ज |
|---|---|---|---|
| 1 | हाथ रिक्शा लकड़ी बाडी सर्विस एवं मरम्मत कार्य | 50,000.00 | 590.00+250.00=840.00 |

ई-निविदा हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड - IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड - HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

नगर आयुक्त

# नारायन कॉलेज में समर कैम्प का समापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आलमपुर हौज में समर कैम्प 2025 का समापन समारोह भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। समर कैम्प के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश यादव, ए. डी. आई. ओ. एस, वरिष्ठ अतिथि राजीव शर्मा, रघुवीर सिंह, श्रीमती रूबी दीक्षित व आलोक दीक्षित एवं डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स ने माँ सरस्वती के प्रतिरूप पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारायन कॉलेज में समर कैम्प के अंतर्गत महत्वपूर्ण गतिविधियों और विभिन्न खेल और कला क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई थी। तैराकी, कराटे, नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, योगा, निशानेवाजी, तीरंदाजी, ऐरो मोडलिंग, रोबोटिक्स, एनीमेशन आदि का प्रशिक्षण संबंधित कुशल विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

17 मई 2025 से 31 मई 2025 तक चलने वाले इस समर कैम्प में अंतिम दिन सभी गतिविधियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विजयी हुए छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के ऑडीटोरियम के मंच पर बच्चों ने विशेष प्रस्तुतियां दीं। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा गीत एवं समूह नृत्य ने अपना रंग जमाया। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारायन कॉलेज प्रतिवर्ष समर कैम्प का सफल आयोजन करता है जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस समर कैम्प में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य विद्यालयों जैसे सेंटमैरी, संत विवेकानंद, सुदिति ग्लोबल एकेडमी आदि से भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समर कैंप में सर्वाधित रूचि तैराकी को लेकर देखी गई। समर कैम्प में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण राष्ट्रीय तथा अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा किया गया जिसमें से प्रमुख रूप से मोहम्मद कफील कुरैशी एवं फैजान कुरैशी(कराटे), चन्द्र मोहन तिवारी(शूटिंग तथा आरचरी), मोहम्मद इफ्तिखार (तैराकी), सन्दीप यादव (नृत्य) ऋतु कनौजिया (आर्ट् एण्ड क्राफ्ट), कृष्णकान्त (संगीत) आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज ऋतु कनौजिया, सुमित कुमार वर्मा, सन्दीप यादव, कृष्णकान्त, शिवराज सिंह, यादवेन्द्र पाल सिंह तथा सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुये कृष्ण गोपाल त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सिजवाही में अम्बेडकर प्रतिमा खंडित



**कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की गिरफ्तारी की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मौदहा ब्लॉक के सिजवाही गांव में आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने की घटना सामने आई है। इस समाज विरोधी कृत्य को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, डॉ. शाहिद अली और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र के नेतृत्व में गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और घटना की निंदा की। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में मौदहा कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो चुका है, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर न्याय सुनिश्चित किया जाए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में हिमांशु सैनी, शफकत उल्ला, डॉ. शाहिद अली, विवेक चंद्र, अहमद हसन, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, शौरभ सैनी, अंकुश गुप्ता, वरुण राज, फरत उल्ला सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ितों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### इटावा पुलिस-यू.पी.-112 : प्रदेश की रैंकिंग में जनपद इटावा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम के मार्गदर्शन में(यू0पी0-112) की सम्पूर्ण प्रदेश की रैंकिंग में जनपद इटावा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यू0पी0-112 पीआरवी पर प्राप्त इवेन्ट के त्वरित निस्तारण के लिए शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक दिवस रैंकिंग सम्पादित की जाती है, इसी के क्रम में सोमवार को रैंकिंग का प्रदेश स्तर पर मूल्यांकन किया गया। जिसमें जनपद इटावा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। साथ ही जनपद के सभी थानों पर नियुक्त पीआरवी कर्मियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्तारण भी किया गया है।

### वीर सेनानियों को उ. प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया सम्मानित



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पूरे देश में शौर्य यात्राएं तिरंगा यात्राएं निकालकर वीर सैनिकों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका सम्मान किया जा रहा है इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कारगिल विजेता हवलदार श्यामवीर सिंह का पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं से लादकर सम्मान किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है आज पूरा देश सैनिकों की वीर गाथा गा रहा है और उनका जगह-जगह उत्साह वर्धन के लिए तिरंगा यात्रा निकालकर सम्मान कर रहा है। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि हवलदार श्यामवीर सिंह ने कारगिल वॉर में 1999 में टाइगर हिल पर डटकर मुकाबला किया था आज उनका सम्मान करके उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल वीर सैनिकों का सम्मान कर रहा है। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला महामंत्री रमेश यादव जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे रमेश जैन शहर उपाध्यक्ष सीटू यादव युवा नगर अध्यक्ष मुकेश दुबे आशीष दत्त तिवारी गोविंद कृष्णा भदोरिया विकास यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जिला प्रतिनिधि भाजपा ने जेल अधीक्षक को अंगवस्त्र व मेमोंटो देकर दिया बधाई



**चोपन/ सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को जिला प्रतिनिधि भाजपा सुनील सिंह ने गुर्मा जेलर के पद से प्रमोशन पाकर जेल अधीक्षक होने पर जगदम्बा प्रसाद दूबे को गुर्मा कारागार पहुंच कर अंगवस्त्र एवं मेमोंटो देकर बधाई दिये और शुभकामनाएं दिये बताते चलें कि श्री दूबे जेलर के पद पर रहते हुए अपने कार्यकुशलता के लिए जाने जाते हैं और सदैव अनुशासन को सबसे उपर रख कर ही कार्य करते रहे हैं उनके द्वारा समय-समय पर जेल में अनेक कार्यक्रम किये गये हैं प्रमोशन की जानकारी जैसे ही उनके शुभचिंतकों को हुई तो हर लोग बधाई देने पहुच रहे हैं।

# शिवपाल ने श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का किया लोकार्पण



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मानिकपुर मोड़ से ग्वालियर बायपास मार्ग पर स्थित पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नवनिर्मित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का भव्य लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा एवं विधिविधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत श्री यादव ने मंदिर का विधिवत लोकार्पण कर इसे आम जनमानस की आस्था और आराधना के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म, शिक्षा और संस्कृति के समन्वय से ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव जो सीबीएसई डीटीसी इटावा भी हैं, अपने परिवारीजनों, मित्रों और विद्यालय स्टाफ के साथ मौजूद रहे। सभी ने पूजन-अर्चन में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में मंदिर निर्माण के पीछे की प्रेरणा साझा की और इसे विद्यार्थियों के नैतिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त वातावरण भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा।

## गैंगस्टर एक्ट के चार अभियुक्तों को 4-4 वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर की कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा संख्या 410/2011, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत चार अभियुक्तों को मा. ईसी एक्ट कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 4-4 वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक को 10,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोषी अभियुक्तों में गोंदीलाल उर्फ नीरज, मिलन उर्फ राममिलन (निवासी नई बस्ती, सुमेरपुर, हमीरपुर), नरेश (निवासी हरदौली, सजेती, कानपुर नगर) और अमर सिंह (निवासी खण्डौत, जलालपुर, हमीरपुर) शामिल हैं। यह मामला 28 फरवरी 2011 को दर्ज किया गया था, जिसमें अभियुक्तों पर संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी गतिविधियों और अपराध में संलिप्त होने का आरोप था। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियोजन विभाग के समन्वय से समयबद्ध ढंग से साक्ष्यों को प्रस्तुत कर प्रभावी पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप, न्यायालय ने आज चारों अभियुक्तों को दोषी ठहराया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राकेश कुमार सरोज ने की, जबकि अभियोजन की ओर से एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी और पैरोकार कांस्टेबल बिजमान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बैठक में संगठन सृजन पर चर्चा के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी हुए सम्मानित



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस की मासिक बैठक, संगठन सृजन पर चर्चा के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रभारीगण ऊषा रानी कोरी व विकास अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस को जिला स्तर से लेकर वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और जनहित की समस्याओं पर पार्टी विशेष ध्यान दे तथा आंदोलन की रूपरेखा बनाकर गरीबों को उनका हक दिलाएं साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का पूर्ण सम्मान किया जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही गरीबों, मजलूमों की आवाज को बुलंद किया है और हमेशा करती रहेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. राशिद खान ने दोनों प्रभारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा साथ ही पार्टी की नीतियों को बार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचाई जाएंगी।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सत्यप्रथ त्रिपाठी, श्रीकृष्ण बाथम, शमसुद्दीन खां, सुरेंद्र सिंह चौहान, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, आजाद खां, नसीम खां आदि का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिज़्वी, कुसुम लता उपाध्याय, संजय दोहरे, आसिफ जादरान, अमित अग्निहोत्री, सरवर अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## बालिकाओं को आत्म-निर्भरता और सुरक्षा की दिशा में किया गया प्रोत्साहित

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के अंतर्गत एक प्रेरणादायक और जागरूकता पर आधारित संवाद सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान अंबेडकर हॉल, में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पी.एस. परस्ते, (सीएसपी एवं जिला खेल अधिकारी, सिंगरौली) ने भाग लिया। सत्र का उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। श्री परस्ते ने छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्यों को दृढ़ निश्चय के साथ प्राप्त करने, आत्म-विश्वास बनाए रखने और जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा और सतर्कता से जुड़े उपयोगी टिप्स भी साझा किए, जिससे बालिकाएं अपने दैनिक जीवन में अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकें। इस सत्र ने बालिकाओं को खुलकर संवाद करने और अपने विचार साझा करने का अवसर दिया, जिससे उनका मनोबल और आत्मबल दोनों मजबूत हुआ।

# ईद उल-अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक

**प्रशासन ने की शांतिपूर्ण त्योहार की अपील**



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** आगामी ईद उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस ने शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने पर जोर दिया गया।बैठक में धर्मगुरुओं और नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं और आपसी भाईचारे को बनाए रखें। कुर्बानी के लिए स्थान पहले से चिह्नित करने, विवादित या संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी न करने और अपशिष्ट निस्तारण की व्यवस्थित योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, सोशल मीडिया पर अफवाहें या कुर्बानी से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरुओं व नागरिकों से अराजक तत्वों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि त्योहार को सकुशल संपन्न कराया जा सके। नमाज के दौरान ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सफाई और सुरक्षा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शासन की गाइडलाइंस से सभी को अवगत कराते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। हमीरपुर पुलिस और प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से लोकतन्त्र को सशक्त किया जा सकता है . सीओ अमित कुमार**

**अवधनामा संवाददाता**



**रेनुकूट/सोनभद्र।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर शुक्रवार 8रेनुकूट स्थित नगर के एक प्रतिष्ठित होटल पद्मिनी सभागार में पत्रकारिता दायित्वो की कसौटी पर बिषयक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले हुई इस गोष्ठी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ पत्रकारो साहित्यकारो ने कार्यक्रम में पहुंचकर हर्षोल्लास के साथ मिलजुल कर पत्रकारिता दिवस को मनाया. पूर्वांचल पत्रकार एरोसिएशन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार विशिष्ठ अतिथियों तथा वरिष्ठ पत्रकारो को अंग वस्त्र एवं मोमेन्टो प्रदान कर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि उपपुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं आई कार्ड प्रदान कर माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकारो को निष्पक्ष पूर्वक पत्रकारिता करते हुए समाज को सही रास्ते पर ले जाना पत्रकारो की अहम् भूमिका होनी चाहिए क्यों कि पत्रकारो की कलम समाज का आईना होता है उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता दिवस भारत में प्रतिवर्ष 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है आज का यह दिन स्वतन्त्र जनपक्षीय तथा सूचना सम्पन्न समाज की मजबूत बुनियाद में हिन्दी पत्रकारिता तथा पत्रकारो के योगदान को समर्पित है। पत्रकारिता दिवस पर विशिष्ठ अतिथियों सर्व श्री वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह. विवेक पाण्डे. अखिलेश जायसवाल. विश्वहिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह संगठन के संरक्षक भईया लाल सहित विडला कार्वन के वरिष्ठ अधिकारी मान्जरेकर पाण्डे ने प्रोग्राम में अपने अपने विचार व्यक्त किए सफल संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार शेख जलालुदीन ने कहा कि 30 मई को पत्रकारिता दिवस इस लिए मनाया जाता है कि वर्ष 1826 में 30 मई के ही दिन हिन्दी का पहला अखबार ÷उदन्त मार्तण्ड ÷ प्रकाशित हुआ था इसी के चलते 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कृष्णा उपाध्याय ने प्रोग्राम में आये हुए अतिथियों एवं पत्रकारो तथा परियोजनाओ के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया. इस कार्यक्रम में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियो एवं सदस्यों जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए हुए पत्रकारो ने भाग लिया।

# दुद्धी में पहली बार तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

**प्लास्टिक मुक्त जागरूकता रैली से शुरू**



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/दुद्धी।** मेजर ध्यानचंद हांकी स्पोर्ट्स क्लब दुद्धी के तत्वाधान में सोमवार 2 जून से 4 जून 2025 दिन बुधवार तक रामलीला खेल मैदान दुद्धी पर पहली बार महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी व हरदोई टीम के बीच दोपहर 3 बजें से प्रारंभ होगा। महिला हॉकी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम से पूर्व प्रातः 9 बजें प्लास्टिक मुक्त दुद्धी जन जागरूकता रैली, महिला हॉकी खिलाड़ियों, विकासखंड दुद्धी व नगर पंचायत दुद्धी सफाई कर्मियों व प्रबुद्ध जनों के बीच प्रारम्भ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, खंड विकास अधिकारी विशाल चौरसिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय विचार मंच अध्यक्ष डॉक्टर लव कुश प्रजापति व राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य ऋतिका श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर स्वच्छता मिशन जागरूकता रैली शुरू की गई। महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मेजर ध्यानचंद हॉकी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष निरंजन जायसवाल, सचिव संदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार कुशवाहा, संरक्षक शिव शंकर प्रसाद एडवोकेट अध्यक्ष मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स अकैडमी, स्वच्छता मिशन ब्रांड एंबेसडर जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी द्वारा संचालन कर जन जागरूकता रैली द्वारा प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छता का सन्देश द्वारा जनमानस से अपील किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल, बनवासी सेवा आश्रम चित्रांगन दुबे, आनंद प्रकाश आनंद, प्रगति फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास कुमार अग्रहरी, संदीप कुमार,सुधीर कुमार, मुजीब खान,पड्डू खान सहित लखनऊ प्रयागराज वाराणसी, भदोही की महिला हॉकी टीम के साथ महिला फुटबॉल खिलाड़ी आदि मौजूद रहें।

# अमर शहीदों की 34वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** डाला 2 जून 1991 को हुए डाला गोलीकांड में मारे गए अमर शहीदों की 34 वे पुण्यतिथि पर सोमवार को सैकड़ों लोगों द्वारा वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर सांकेतिक चक्का जाम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डाला तेरा यह बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान के नारे ने आसमान को गुंजायमान कर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि यहां पर आज ही के दिन पुलिस की बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज व गोली से एक छात्र समेत नौ लोग शहीद हो गए थे। इन सभी शहीदों ने हजारों लोगों के साथ उत्तर प्रदेश सीमेंट निगम की डाला, चुनार, चुर्क, सीमेंट फैक्ट्री को प्राइवेट सेक्टर में तत्कालीन समाजवादी पार्टी के सीएम रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव द्वारा बेचे जाने का विरोध कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के इशारे पर तत्कालीन डीएम ने सुरक्षा जवानों से आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज समेत पुलिस से ताबड़तोड़ गोली चलवा दिया था। यह घटना डाला की धरती पर 34 वर्ष पूर्व घटी थी, गोली कांड की घटना ने प्रदेश ही नहीं केंद्र सरकार को भी हिला कर रख दिया था। इस गोलीकांड की याद आते ही डाला के हजारों नगर वासियों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। देश भर में अपने हक के लिए संघर्षरत वीरगति को प्राप्त हुए कर्मचारियों के इतिहास में डाला सीमेंट कर्मचारियों के अमर शहीदों का नाम आज भी बड़ी श्रद्धा व गौरव से लिया जाता है। उन्हीं की याद में प्रत्येक वर्ष 2 जून को शहीदों की पुण्यतिथि नगर वासियों द्वारा मनाई जाती है। इस गोलीकांड में एक छात्र एवं आठ कर्मचारी शहीद हो गए थे। गोलीकांड के समयानुसार तीन बजकर बीस मिनट पर राजमार्ग पर वाहनों को रोककर सांकेतिक जाम किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की स्मारक पर माला फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव ने किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन मय पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे। डाला गोलीकांड में निगम के कर्मचारी रामप्यारे कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार राय, सुरेंद्र दुबे, बालगोविंद, रामधारी, रामनरेश राम, नंद कुमार गुप्ता, दीनानाथ एवं छात्र राकेश उर्फ जयप्रकाश त्रिपाठी शहीद हो गए थे, इसके अलावा सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। शहीद छात्र परिवार ने शहीदों की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद हुए छात्र राकेश तिवारी के परिवार के लोगों द्वारा सुबह से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा प्रारंभ कराया गया।

## समाधान दिवस में आयोजन 28 शिकायतों का निस्तारण

**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक 02 जून 2025 सोमवार को रूबी प्रसाद मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र, एवं श्री विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 3, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 5, नगर पंचायत रेनुकूट में 0. नगर पंचायत पिपरी में 3. नगर पंचायत दुद्धी में 3. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है।

# नगर में हो रहे नाले के निर्माण को लेकर दिया ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** नगर में हो रहे नाले के निर्माण के संबन्ध में उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने नगर पालिका परिषद सोनभद्र की माननीय अध्यक्ष रुबी प्रसाद जी व अधिशासी अधिकारी महोदय को संयुक्त रुप से ज्ञापन सौपा और माग करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता नेकहा कि नगर के में चण्डी तिराहा से बढौली चौक तक पश्चिम पटरी पर नाला निर्माण बिना पानी निकास की समुचित व्यवस्था के बिना ही बनाया जा रहा है एव निर्माण में मानक के अनुरुप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा है ऐसे मे जब मानसून निकट है बिना निकास के नाले के निर्माण से व्यापक जलभराव हो जाएगा नागरिको व्यापारियों को अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ेगा नगर में कई जगहो पर नालो को आपस में नहीं जोड़ा गया जिससे पूरे नगर में बड़े पैमाने पर पानी भर जायेगा लोगो का जीना दूभर हो जाएगा पहले पूरे नगर में नालो को जोड़ा जाय निर्माण कार्य बन्द हो मानसून के बाद स्थलीय निरिक्षण के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाय ज्ञापन देने में बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बसल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल युवा व्यापार जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल नगर अध्यक्ष आन्नद जायसवाल पर सब्जी मण्डी अध्यक्ष श्याम बाबू इलेक्ट्रॉनिक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता नगर महामंत्री राजेश जायसवाल बलराम सोनी जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी आदि व्यापारी गण उपस्थित थे

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी: केशव

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम
- जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाय, जवाबदेही
- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदानः केशव प्रसाद मौर्य



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।

जनता दर्शन मे कई ज़िलों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति अवध प्रान्त की बैठक सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय कार्यालय भारती भवन में संपन्न हुई। बैठक में समिति की ओर से वर्ष भर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यो के बारे में विचार-विमर्श हुआ। बैठक में समिति के प्रान्तीय सदस्यों ने एकमत से कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन चरित्र पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को लोकमाता के व्यक्तित्व व कृतित्व से अवगत कराया जा सके।

अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति के प्रान्तीय संयोजक राजकिशोर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के बाद यदि किसी ने सम्पूर्ण भारत के मठ-मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, तो वह लोकमाता अहिल्याबाई ने ही कराया। उनका राज्य भले ही छोटा रहा



हो, लेकिन उन्होंने देश का कोई कोना नहीं छोड़ा, जहां मुगलों द्वारा नष्ट-भ्रष्ट किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार न कराया हो। समिति के प्रान्तीय सदस्य प्रशान्त भाटिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व व कृतित्व से जन-जन को परिचित कराने के लिए समिति की ओर से आगे भी कार्यक्रम चलते रहेंगे। नवयुग कन्या डिग्री कालेज की प्राचार्य व समिति की प्रान्तीय सदस्य मंजुला उपाध्याय ने बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जो मिशन साहसी अभियान चलाया जाता है, उसका नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर चलाया जाए। समिति की सदस्य कीर्ति सिंह ने कहा कि लखनऊ में लोकमाता अहिल्याबाई के नाम से एक पार्क का नामकरण किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नव नियुक्त डीजीपी से मिले भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने आज राजीव कृष्णा (आई.पी.एस) को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश बनने पर पुलिस मुख्यालय मे पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित कर शुभकामनायें दी, तथा उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ को भी धन्यवाद ज्ञापित किए कि श्री कृष्णा जैसे योग्य व अच्छे अधिकारी को पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया।

### ख्वातीन की तरफ़ से उठेगा कदीम ताबूत

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** शहादते हज़रत इमाम मोहम्मद बाक़िर अलैहिस्सलाम के मौके पर ख़्वातीन की जानिब से 4 जून को 3 बजे दोपहर दरिया वाली मस्जिद में कदीम ताबूत इमाम मोहम्मद बाक़िर अलैहिस्सलाम बरामद होगा। ये ताबूत हसन मेंहदी खब्बू की खाला और वालिदा मरहूमा ने कायम किया था। 54 साल से ये ताबूत निकल रहा है। यह इत्तेला खानवादे ए हसन मेंहदी खब्बू व नौरोज़ फ़ैमिली ने दी और तमाम मोमिनात से शिरकत की गुज़ारिश की है।

### जानकी प्रसाद वाल्मीकि की प्रतिमा पर किया माला अर्पण




**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** जगदीश प्रसाद वाल्मीकि सेवा संस्थान द्वारा दलित सफ़ाई मज़दूरो के मसीहा स्व0 जानकी प्रसाद वाल्मीकि की प्रतिमा डालीगंज पुल पर माला अर्पण किया गया जिसमे बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के दिए हुए संदेश पर कार्य करने का संकल्प लिया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षित बनो संघठित रहो और करो संघर्ष के नारे पर संस्थान के पदाधिकारीयो ने निर्णय लिया व स्व0 जानकी प्रसाद जी की प्रतिमा पर प्रत्येक रविवार को पूजा पाठ माला अर्पण का कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया जिसमे मुख्यरूप समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नदीम ख़ान जी संस्थान के अध्यक्ष रितेश वाल्मीकि कार्यवाहक अध्यक्ष मयंक वाल्मीकि उपाध्यक्ष करण वाल्मीकि महामंत्री अभिषेक कुमार वाल्मीकि कोषाध्यक्ष यश वाल्मीकि सचिव रोनित कुमार, पुष्कर ईशान ,शमीम ख़ान , कृष्णा आदि लोग उपस्थित रहे रितेश वाल्मीकि अध्यक्ष जगदीश प्रसाद वाल्मीकि सेवा संस्थान

### चोरी से बचने के लिए लोग स्वयं दे रहे पहरा

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** 565/15 पूरन नगर मस्जिद वाली गली में 17 अप्रैल का रात लगभग 1:30 बजे चोरी हुई थी जिसमें लगभग 12 लाख के गहने एवं एक लाख पांच हजार नकद चोरी हो गया था। मामले की F.I.R. दर्ज कराने दूसरे ही दिन 18 अप्रैल को कृष्णा नगर कोतवाली गए लेकिन F.I.R. दर्ज नही की गई। कई प्रयासों के बाद 25 अप्रैल को F.I.R. दर्ज हुई जिसकी संख्या 0192 है। इस घटना के बाद 14 मई को मोहल्ले में दोबारा 5 घरों में चोरी हुई जिसमें चोर ने एक व्यक्ति को हाथ पर चाकू भी मारा और उसी घर से दोबारा एक जोड़ी जूते चोरी हुए। इसके बाद भी मोहल्ले में वह चोर देखा गया। स्वयं की सुरक्षा के लिए मोहल्ले के लोग रात को अपने घरों में पहरा भी दे रहे है।

## मायावती ने विरोधियों पर साधा निशाना

# आकाश को चीफ कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बढ़ी बेचैनी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिये बगैर उन पर निशाना साधते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है। मायावती ने उम्मीद जतायी कि आनंद बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभायेंगे।

उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक।

बसपा अध्यक्ष ने कहा पार्टी को उम्मीद है कि अब श्री आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर श्री कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवाँ को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं।

# लखनऊ के पारा डूडा कॉलोनी में दबंगों का तांडव

- युवक का सिर फोड़ा, पुलिस जांच में जुटी
- जानलेवा हमला और बंदूक की नोंक पर दहशत
- दो हमलावरों की हुई पहचान, अन्य की तलाश जारी

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र स्थित डूडा कॉलोनी में बीती रात दबंगों के खुलेआम तांडव से इलाके में दहशत फैल गई। मामूली कहासुनी और नशे की हालत में शुरू हुए विवाद ने विकराल रूप ले लिया, जब कुछ हमलावरों ने बृजेश यादव नामक एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। इस हमले में बृजेश के अलावा भी कई अन्य लोगों को चोटें आने की खबर है।

पीड़ित बृजेश यादव ने पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में घटना की भयावहता बयां की है। बृजेश के मुताबिक, बीती रात करीब 10 बजे वह अपने एक दोस्त को उसके घर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान, अचानक कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर इतने बेखौफ थे कि उन्होंने बृजेश की कनपटी पर बंदूक भी लगा दी, जिससे वह बुरी तरह डर गए। बृजेश यादव पर दबंगों ने



बेरहमी से हमला किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई और खून बहने लगा। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पूरा विवाद नशे की हालत में हुई गाली-गलौज से शुरू हुआ था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, हमलावरों और बृजेश यादव के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान, कई लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं, लेकिन बृजेश यादव को सबसे अधिक चोटें आई।


पीड़ित बृजेश यादव ने हमलावरों में से दो लोगों की पहचान की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हमलावरों में शंकर और शिवा नामक व्यक्ति शामिल थे। हालांकि, उनके साथ कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे, जिनकी पहचान बृजेश फिलहाल नहीं कर पाए हैं। बृजेश ने इन दोनों नामजद हमलावरों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और इन नामजद आरोपियों सहित घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलोनी में भय का माहौल, सुरक्षा पर सवाल

इस घटना के बाद से डूडा कॉलोनी के निवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। खुलेआम इस तरह से जानलेवा हमला होना स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। कॉलोनी के लोग अब पुलिस से क्षेत्र में गशत बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही स्थिति को सामान्य किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव का आरडीएसओ दौरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हितेन्द्र मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन सचिव ने दिनांक 02.06.2025 को आरडीएसओ, का दौरा किया। दिनेश शुक्ला पीईडी/आरएस ने मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), उदय बोरवणकर, महानिदेशक /आरडीएसओ एवं रेलवे बोर्ड, सीआरआईएस आदि के अन्य अधिकारियों का इस समीक्षा बैठक में स्वागत किया।

मल्होत्रा एवं महानिदेशक/आरडीएसओ, उदय बोरवणकर ने आरडीएसओ अधिकारियों एवं अनुमोदित आपूर्तिकर्ताओं के साथ इलेक्ट्रॉनिक इन-मोशन वेइब्रिज (ईआईएमडब्ल्यूबी) के प्रदर्शन की समीक्षा की। ईआईएमडब्ल्यूबी रेलवे में मालगाड़ियों के गतिशील भार मापन के लिए एक महत्वपूर्ण स्थापना है। इन वेइब्रिजों का सुचारु संचालन न केवल ट्रेन संचालन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि मालगाड़ियों के सही भाड़ा निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने वेइब्रिज की विश्वसनीयता, सटीकता और वर्तमान 15 किमी/घं. की मापन गति में वृद्धि हेतु नई तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। ईआईएमडब्ल्यूबी के अतिरिक्त, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) ने असमान लोडिंग की पहचान हेतु मानदंड, वैगनों की लोडिंग क्षमता में वृद्धि तथा रेलवे यार्डो में स्थिर रेक को सुरक्षित करने वाले सुरक्षा उपकरणों की समीक्षा की। उन्होंने मेटालिक स्किड व चेन का वजन कम करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे रेलवे यार्ड में इन उपकरणों को ढोने वाले कर्मचारियों के श्रम में कमी लाई जा सके। महानिदेशक /आरडीएसओ उदय बोरवणकर ने हितेन्द्र मल्होत्रा को अवगत कराया कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध रूप से प्रगति पर हैं और लक्ष्य के अनुसार पूरी की जाएंगी। उन्होंने आरडीएसओ अधिकारियों एवं वेइब्रिज निर्माताओं को सभी मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर एक वस्तुनिष्ठ कार्य योजना बनाकर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया।

### संतोष सुचारी की हुई पदोन्नति/प्रमोशन

**लखनऊ।** संतोष सुचारी का हुआ आई0जी0 होमगार्ड्स में प्रमोशन। आज दिनांक 2 जून 2025 को संतोष सुचारी द्वारा आई0जी0 होमगार्ड्स लखनऊ मुख्यालय का पदभार ग्रहण किया गया है। होमगार्ड्स मुख्यालय लखनऊ में डी0जी0 होमगार्ड्स विजय कुमार मौर्य जी द्वारा सुचारी के रैंक बैच लगाया गया। संतोष सुचारी जनपद फतेहपुर की बिंदकी तहसील के ग्राम कंसपुर गुगौली के मूल निवासी है। उनकी पहली ज्वाइनिंग सितंबर 1995 में जिला होमगार्ड कमांडेंट कानपुर के रूप में हुई थी। 2003 में डिविजनल कमांडेंट और 2019 में डीआईजी बनाए गए। अब 2025 में आई0जी0 लखनऊ के पद पर प्रमोशन हुआ है। सुचारी को उत्कृष्ट सेवाओं हेतु 2 बार राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है। उनके द्वारा जनपद कानपुर नगर, वाराणसी, मुरादाबाद, आगरा, प्रयागराज आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं दी गई है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में बड़ा सुधार

अवधनामा ब्यूरो

- लखनऊ अव्वल, जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजस्व विवादों के निस्तारण के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जिला स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। रिपोर्ट के अनुसार मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की मई माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है।



इसका प्रतिशत 225.20 है। इसी के साथ जनपदीय न्यायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। इसी तरह मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। वहीं मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित किये गये। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमशः जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं। वहीं अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं।

## निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी

# ऊर्जा मंत्री से सब्सिडी पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग

अवधनामा ब्यूरो

- क्लीन चिट पर सवाल, फर्जीवाड़े की बात - क्या निजीकरण के पीछे कोई बड़ा स्कैम है?
- बुद्धि शुद्धि यज्ञ जारी, निजीकरण के विरोध में हुंकार
- जब किसान को चाहिए मुफ्त बिजली, तो निजीकरण क्यों? सब्सिडी का भार जनता पर क्यों?



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत निगम के निजीकरण के बाद निजी घरानों को सब्सिडी जारी रखने या बंद करने को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया है कि निदेशक वित्त ने पावर कॉरपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे अधिवक्ताओं से राय लेकर ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट दे दी है, जिस पर अमेरिका में पेनल्टी लगने और झूठा शपथ पत्र देने का आरोप है। निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी विरोध प्रदर्शनों का 187वां दिन रहा, जिसमें प्रयागराज में बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।

संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री से सवाल किया है कि क्या निजीकरण के बाद सरकार किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं और बुनकरों को दी जाने वाली लगभग 22,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी रखेगी। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन निजीकरण को घाटे का हवाला देकर सही ठहरा रहे हैं, जिसमें सब्सिडी की यह राशि भी शामिल है। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 अप्रैल 2024 से किसानों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है, और भाजपा के 2017 के संकल्प पत्र में बीपीएल उपभोक्ताओं को 3 रुपये प्रति यूनिट बिजली देने का वादा किया गया था। समिति ने कहा कि यदि सरकार अब इस सब्सिडी का बोझ उठाने में असमर्थता जता रही है, तो जनता को यह स्पष्ट बताया जाना चाहिए कि निजीकरण के बाद सब्सिडी मिलेगी या नहीं, ताकि आम जनता धोखे में न रहे। वहीं, निदेशक वित्त निधि आरंग पर एक और कथित फर्जीवाड़े का आरोप लगा है। संघर्ष समिति का कहना है कि उन्होंने ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के लिए पावर कारपोरेशन के पैनल पर काम कर रहे कुछ अधिवक्ताओं से विधिक राय ली, जबकि ग्रांट थॉर्टन पर अमेरिका में पेनल्टी और झूठे शपथ पत्र का मामला लंबित है। समिति ने आरोप लगाया कि निधि आरंग के लगातार सामने आ रहे फर्जीवाड़ों के बावजूद उन पर कोई कार्रवाई न होना चेयरमैन और निधि आरंग की मिलीभगत को दर्शाता है, जिससे निजीकरण के पीछे एक मेगा स्कैम होने की आशंका बढ़ जाती है। निजीकरण के विरोध में लगातार 187वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रयागराज में ऊर्जा मंत्री और पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एवं प्रबंधन को सद्बुद्धि देने के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बिजली कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा सहित विभिन्न स्थानों पर विरोध सभाएं आयोजित की गई। यह मुद्दा उत्तर प्रदेश में बिजली वितरण के भविष्य और आम जनता पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ा रहा है। सरकार को जल्द से जल्द सब्सिडी के मुद्दे पर स्पष्टता लानी चाहिए, ताकि जनता को भ्रम की स्थिति से बचाया जा सके। निजीकरण को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही की मांगें लगातार उठ रही हैं।

# भाषा विवि में नैक पीयर टीम ने पहले दिन किया विश्वविद्यालय का निरीक्षण

- नैक टीम ने विभागों का लिया प्रेजेंटेशन और संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और शिक्षकों के साथ किया संवाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के नैक मूल्यांकन के लिए दो सदस्यीय टीम के साथ हाईब्रिड मोड में सोमवार से गहन निरीक्षण का कार्य शुरू कर किया गया।

नैक टीम दो, तीन और चार जून 2025 तक विश्वविद्यालय परिसर में सूक्ष्म अवलोकन करेगी। गौरतलब है प्रत्येक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्ययान परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययन, अकादमिक संसाधन , स्टूडियो समेत अन्य गतिविधियों और संसाधनों का मूल्यांकन किया जाता है। भाषा विश्वविद्यालय में नैक पीयर का स्वागत और अभिनंदन विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में किया गया जिसके बाद नैक पीयर टीम के समक्ष भाषा विवि के कुलपति ने विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण किया जिसमें कुलपति ने बताया कि शोध की गुणवत्ता के लिए विश्वविद्यालय में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप एक दर्जन से अधिक शोध प्रोजेक्ट शिक्षकों को मिले। जिसके बाद आईक्यूएसी समन्वयक ने अपना पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया। जिस पर नैक पीयर टीम ने गुणात्मक समीक्षा की। इसके बाद टीम ने विभागों द्वारा विभागीय प्रस्तुतीकरण, पॉवर पॉइंट के रूप में क्रमशः इंग्लिश एंड मॉडर्न यूरोपियन एशियन लैंग्वेज, कॉमर्स, पत्रकारिता एवं जनसंचार, गृह विज्ञान, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, विधि, फॉर्मेसी द्वारा देखे गए । भौतिक निरीक्षण के बाद डीन अकादमिक के साथ विमर्श किया गया। नैक पीयर टीम ने सिलेबस में CO, PO की उपलब्धता, विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन लर्निंग, स्टुडेंट्स सेंट्रिक मैथड्स आदि के बारे में गहन पड़ताल की। विशेष पड़ताल के बाद नैक पीयर टीम ने लंच के लिये ब्रेक लिया। नैक पीयर टीम ने लंच के बाद परिसर में स्थापित विभागों का दौरा किया जिसमें इंग्लिश, पत्रकारिता, गृह विज्ञान, पंडित डीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इंजीनियरिंग, कॉमर्स, सोलर पैनल, शिक्षा विभाग, इतिहास, अरबी, पर्शियन, उर्दू, व्यवसाय प्रशासन आदि का गहन भौतिक निरीक्षण किया।